RNI : PBHIN/25/A4135



# साप्ताहिक सत्ता संदेश

सम्पादक : जितेंद्र कुमार   Website : www.sattasandesh.com   YouTube : @sattasandesh25   The Power of Print...



कैसे बदली एक ब्रेसलेट से सलमान ....6

वर्ष :1   अंक : 5   29 दिसंबर : 2025   मूल्य रु 5:00   पृष्ठ : 8   Email : sattasandesh25@ gmail.com

विराट कोहली से लेकर चेतेश्वर पुजारा......8

## नव वर्ष की शुभकामनाएं

## नव वर्ष 2026 की ओर नई उम्मीदों का आगाज

प्रिय देशवासियों,

एक और वर्ष विदा ले रहा है और नया वर्ष 2026 हमारे द्वार पर दस्तक दे रहा है।



वर्ष 2025 हम सभी के लिए चुनौतियों और उपलब्धियों से भरा रहा। महाकुंभ जैसे विशाल धार्मिक आयोजन ने हमारी सांस्कृतिक एकता को नई ऊंचाइयों पर पहुंचाया, तो वहीं पहलगाम आतंकी हमले और ऑपरेशन सिंदूर जैसी घटनाओं ने हमें सुरक्षा और संप्रभुता की कीमत याद दिलाई। विमान हादसे, भगदड़ और अन्य दुखद घटनाओं ने हमें जीवन की नाजुकता का एहसास कराया, जबकि अंतरिक्ष मिशनों और खेल उपलब्धियों ने भारत की प्रगति पर गर्व कराया। ये सभी अनुभव हमें सिखाते हैं कि जीवन एक सतत यात्रा है - जहां दुख और सुख दोनों साथ चलते हैं। नया वर्ष हमें पुरानी गलतियों से सीखने और नए संकल्प लेने का अवसर देता है। आइए, हम 2026 को एकता, शांति और समृद्धि का वर्ष बनाएं। पर्यावरण संरक्षण, स्वास्थ्य, शिक्षा और आर्थिक विकास पर ध्यान केंद्रित करें। युवा अपनी ऊर्जा से राष्ट्र निर्माण में योगदान दें, और हम सभी मिलकर एक मजबूत, समावेशी भारत का सपना साकार करें। नए साल में हर घर में खुशियां आएं, हर दिल में उम्मीद जागे और हर कदम सफलता की ओर बढ़े। आप सभी को नव वर्ष 2026 की हार्दिक शुभकामनाएं!

● *जितेंद्र कुमार, सम्पादक*

# नए साल पर तस्करी और वारदातों को खुला निमंत्रण!

## महानगरों के प्रवेश बिंदुओं पर सुरक्षा व्यवस्था तार तार, खाकी को विशेष इनपुट की दरकार













**लुधियाना, (जिम्मी भामियां)**

हाल ही में जिला पुलिस कमिश्नर ने एक विशेष प्रेस कॉन्फ्रेंस कर पत्रकारों को अपनी साल भर की उपलब्धियों का लेखा-जोखा दिया। यहां तक कि यातायात उल्लंघन करने वालों के चालान का विवरण भी साझा किया गया। इस प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान जिला पुलिस आयुक्त स्वपन शर्मा द्वारा साझा की गई आर्म्स एक्ट और विस्फोटक अधिनियम के तहत दर्ज मामलों और बरामद हथियारों की जानकारी सबसे महत्वपूर्ण रही. जिसे लेकर शहर की सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीरता से चर्चा होना लाजिमी है कि इतनी बड़ी संख्या में हथियारों की बरामदगी के बाद भी जिला पुलिस शहरवासियों की जान-माल की सुरक्षा को लेकर गंभीर है या नहीं? पुलिस आयुक्त आईपीएस स्वप्न शर्मा ने कहा कि जिला पुलिस द्वारा पूरे वर्ष में दर्ज किए गए 32 मामलों के साथ 93 पिस्तौल, रिवॉल्वर, 3 बंदूक-राइफल, 311 कारतूस, 28 मैगजीन और 3 हथगोले बरामद किए गए।

ये आंकड़ा बेहद डरावना लग रहा है। हालांकि पुलिस ने समय रहते इन हथियारों को बरामद कर लिया, लेकिन उसके बाद भी आए दिन किसी न किसी इलाके में गोलियों की तड़तड़ाहट अवैध हथियारों की बहुतायत की ओर इशारा करती है। शहरवासियों की सुरक्षा को लेकर पुलिस के इंतजामों की पड़ताल करने के लिए 'सत्ता संदेश' की टीम शुक्रवार देर रात जब महानगरों के एंट्री प्वाइंटों पर पुलिस नाकों का हाल जानने के लिए निकली तो न तो शहर के एंट्री प्वाइंटों पर और न ही शहर के अंदर के संवेदनशील प्वाइंटों पर कोई पुलिस चौकी या पुलिसकर्मी दिखे। यहां तक कि लुधियाना के जगराओं पुल, समराला चौक, भारत नगर चौक, जालंधर बाईपास चौक, शेरपुर चौक, कुहारा चौक और जालंधर के पठानकोट चौक और होशियारपुर बाईपास चौक पर भी कुछ पुलिस नाकों पर पुलिस बैरिकेड्स केवल एक तरफ पड़े नजर आए, जबकि सभी नाकों से पुलिसकर्मी नदारद थे। यूं तो महानगरों में नए साल के जश्न को लेकर सुरक्षा व्यवस्था के चलते रात्रिकालीन पुलिस चौकियां काफी अहम हो जाती हैं, लेकिन जिला पुलिस की ओर से रात्रिकालीन पुलिस चौकियों को लेकर दिखाई गई गंभीरता की कमी शहर के कोने-कोने में देखने को मिली।

### क्या कहना है पुलिस अधिकारियों का?



रात के समय शहर के प्रवेश मार्गों पर पुलिस गेट लगाए जाने के बारे में जब हमने उच्च अधिकारियों से बात करने की कोशिश की तो बात नहीं हो सकी. लेकिन एसीपी इंडस्ट्रियल एरिया-ए इंद्रजीत सिंह बोपाराय से संपर्क करने पर उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार के इनपुट या आपातकालीन स्थिति में ही प्रवेश मार्गों पर रात्रि पुलिस नाके लगाए जाते हैं। फिलहाल रात में स्थाई पुलिस नाके नहीं लगाए जा रहे हैं।

*एसीपी इंडस्ट्रियल एरिया-ए इंद्रजीत सिंह बोपाराय।*

## गुरमीत सिंह मीत हेयर के घर गूंजी किलकारी



***बरनाला*** – बरनाला से MP गुरमीत सिंह मीत हेयर के घर किलकारियां गूंजी हैं। मीत हेयर पिता बन गए हैं। उनकी पत्नी गुरवीन कौर ने बेटे को जन्म दिया है। मिली जानकारी के मुताबिक, उन्होंने आज सुबह करीब 12 बजे मोहाली के एक हॉस्पिटल में बेटे को जन्म दिया। गुरमीत सिंह मीत हेयर साल 2024 में संगरूर से सांसद चुने गए थे। इससे पहले वे दो बार पंजाब विधानसभा में बरनाला से ख्रू रह चुके हैं। वे 2017 और 2022 में जीते थे। वे पंजाब सरकार में कैबिनेट मंत्री भी रह चुके हैं।

## शहीदी दिहाड़े के मौके पर पंजाब में हो 'ड्राई डे' घोषित : जत्थेदार गड़गज

श्री फतेहगढ़ साहिब/अमृतसर- श्री फतेहगढ़ साहिब में शहीदी सभा के आखिरी दिन सजाए गए नगर कीर्तन के दौरान श्री अकाल तख्त साहिब के जत्थेदार ज्ञानी कुलदीप सिंह गड़गज विशेष तौर पर शामिल हुए। नगर कीर्तन में बड़ी संख्या में संगत ने हिस्सा लिया और शहीदों को नमन किया। इस मौके पर मीडिया से बात करते हुए जत्थेदार ज्ञानी कुलदीप सिंह गड़गज ने कहा कि श्री फतेहगढ़ साहिब शहीदों की पवित्र धरती है, जहां छोटे साहिबजादों ने धर्म और इंसाफ के लिए अपनी शहादत दी। इसके अलावा जत्थेदार गड़गज ने कहा कि जब मैं आ रहा था तो एक 20 साल का युवक मिला उसके हाथ में एक तख्ती थी जिसमें लिखा था कि अगर 2 अक्टूबर और 15 अगस्त को शराब के ठेके बंद हो सकते हैं तो साहिबजादों के शहीदी दिवस पर शहीदी सभा के दौरान पंजाब में शराब के ठेके बंद क्यों नहीं हो सकते।

## धुरंधर का बॉक्स ऑफिस धमाका, 1000 करोड़ क्लब में एंट्री

मुंबई- फिल्म धुरंधर ने बॉक्स ऑफिस पर इतिहास रचते हुए वर्ल्डवाइड 1000 करोड़ क्लब में एंट्री कर ली है। 21 दिनों में फिल्म ने दुनियाभर में 1006.7 करोड़ की कमाई की। इसने एनिमल, कांतारा चैप्टर 1 और छावा को भी पीछे छोड़ दिया। भारत में फिल्म का कुल कलेक्शन 789.18 करोड़ रहा। जियो स्टूडियो के अनुसार, आदित्य धर निर्देशित फिल्म ने 21वें दिन 28.60 करोड़ कमाए।

## छोटे साहिबजादों की कुर्बानी ने मानवता को अन्याय और जुल्म के विरुद्ध लड़ने की प्रेरणा दी -भगवंत सिंह मान

***चंडीगढ़***- पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने आज सुबह ऐतिहासिक गुरुद्वारा श्री फतेहगढ़ साहिब में नतमस्तक होकर माता गुजरी जी और छोटे साहिबज़ादे बाबा ज़ोरावर सिंह तथा बाबा फतेह सिंह जी की बेमिसाल शहादत को नमन किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि पूरा पंजाब इन दिनों को 'शोक के दिनों' के रूप में मनाता है, क्योंकि इन्हीं दिनों में अत्याचारी शासकों द्वारा छोटे साहिबज़ादों को जीवित ही दीवार में चिनवा दिया गया था।




उन्होंने कहा कि इस अद्वितीय और अनुपम कुर्बानी पर पूरी दुनिया को गर्व है, जो न केवल पंजाबियों और देशवासियों के लिए, बल्कि विश्व भर में रहने वाले हर व्यक्ति के लिए प्रेरणास्रोत है। मुख्यमंत्री ने बताया कि शहादत सभा के दौरान लगभग 50 लाख श्रद्धालु फतेहगढ़ साहिब पहुंचकर गुरु घर का आशीर्वाद प्राप्त करेंगे। गुरु घर में माथा टेकने के बाद पत्रकारों से बातचीत करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि ये महान कुर्बानियां मानवता के इतिहास में बेमिसाल हैं, जो आने वाली पीढ़ियों को ज़बर, जुल्म और अन्याय के खिलाफ संघर्ष करने की प्रेरणा देती रहेंगी।

## सेना की वर्दी में आए पुतिन, ट्रंप से मिलने लगे जेलेंस्की को धमकाया

### यूक्रेन को शांति नहीं चाहिए तो तबाही को रहे तैयार

रूस-यूक्रेन के युद्ध को चार साल बीत चुके हैं लेकिन हालात ये हैं कि समझौते की सूरत ही नहीं बन रही हैं। युद्ध में अरबों-खरबों के हथियार झोंके जा चुके हैं, बुनियादी नुकसान तो गिना भी नहीं जा रहा है और लोगों की जान तो बिना कीमत के गई है। बावजूद इसके जब भी समझौते की बात आती है, दोनों देश



राजी नहीं हो पाते। रूस अपनी शर्तों पर अड़ा होता है और यूक्रेन भी झुकने को तैयार नहीं होता है. एक बार फिर ऐसे ही हालात बनते हुए दिख रहे हैं। रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने शनिवार को कहा कि यूक्रेन शांति के रास्ते से युद्ध खत्म करने में कोई जल्दी नहीं दिखा रहा है।

बाकी पन्ना नम्बर 2 पर

## साहिबज़ादों को समर्पित नगर कीर्तन के साथ शहीदी सभा संपन्न

### कड़ाके की ठंड और घनी धुंध भी न रोक सकी आस्था

***फ़तेहगढ़ साहिब***- सरबंसदानी श्री गुरु गोबिंद सिंह जी के छोटे साहिबज़ादे बाबा ज़ोरावर सिंह और बाबा फ़तेह सिंह की अनुपम शहादत तथा माता गुजरी जी की स्मृति में आयोजित तीन दिवसीय शहीदी सभा के अंतिम दिन गुरुद्वारा श्री फ़तेहगढ़ साहिब से गुरुद्वारा श्री जोती सरूप साहिब तक भव्य नगर कीर्तन सजाया गया। नगर कीर्तन में लाखों श्रद्धालुओं ने श्री गुरु ग्रंथ साहिब की पालकी पर फूलों की वर्षा की और 'सतनाम वाहेगुरु' का जाप करते हुए शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की। दिन के समय कड़ाके की ठंड और घनी धुंध के बावजूद बड़ी संख्या में श्रद्धालु नगर कीर्तन में शामिल हुए। गुरुद्वारा श्री जोती सरूप साहिब में अखंड पाठ साहिब के भोग के उपरांत, शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी द्वारा सिख जत्थेबंदियों, धार्मिक सभा-सोसाइटियों और संगत के सहयोग से परंपरा अनुसार शहीदी नगर

बाकी पन्ना नम्बर 2 पर



## बांग्लादेश में हिंदुओं पर हमले बढ़ेः ईशनिंदा के आरोपों में 6 महीने में 71 घटनाएं

बांग्लादेश में हिंदू अल्पसंख्यकों के खिलाफ ईशनिंदा (ब्लास्फेमी) के आरोपों से जुड़ी हिंसा लगातार बढ़ती जा रही है। ह्यूमन राइट कांग्रेस फॉर बांग्लादेश माइनॉरिटी की नई रिपोर्ट के मुताबिक, जून से दिसंबर 2025 के बीच 71 घटनाएं दर्ज की गईं, जिनमें हिंदुओं को निशाना बनाया गया। रिपोर्ट ऐसे समय सामने आई है जब भारत ने बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों के खिलाफ हो रही हिंसा को लेकर गहरी चिंता जताई है। इसका बढ़ा कारण सोशल मीडिया बताया जा रहा है। जिनमें पोस्ट के माध्यम से ईशनिंदा का अरोप लगया गया है।

## गुरु गोबिंद सिंह जी के प्रकाश पर्व के अवसर पर श्री अकाल तख़्त साहिब से नगर कीर्तन

अमृतसर- दसवें गुरु श्री गुरु गोबिंद सिंह जी के प्रकाश पर्व के अवसर पर शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी की ओर से श्री अकाल तख़्त साहिब से एक विशाल नगर कीर्तन सजाया गया। श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी की छत्र-छाया



और पाँच प्यारों की अगुवाई में निकले इस नगर कीर्तन की शुरुआत के अवसर पर श्री हरिमंदर साहिब के ग्रंथी ज्ञानी परविंदरपाल सिंह ने पावन स्वरूप को पालकी साहिब में सुशोभित किया।

# मामला ओरीसन अस्पताल में लाश बदली का

# मृतकों के परिवार ने मानव अधिकार कमिशन से लगाई इंसाफ की गुहार

## परिवार बिना संस्कार व अस्थियां जल प्रवाह किये बिना भोग डालने को मजबूर

* ओरीसन अस्पताल में मृतका बलवीर कौर का भोग आज गांव कड़ाहेवाल में
* अस्तियां पुलिस की निगरानी में-पुलिस
* मृतका के परिवार को डी.एन.ए. रिपोर्ट आने के बाद मिलेंगी अस्थियां
* पीड़ित परिवार ने फिर अस्पताल में किया प्रदर्शन, पुलिस कार्रवाई पर लगाये गंभीर आरोप

**लुधियाना (सत्ता संदेश)**

गत 21 तारीख दिन रविवार को फिरोजपुर रोड स्थित ओरीसन अस्पताल में लाश बदल के मामले में मृतका के पारिवारिक सदस्यों ने इंसाफ की मांग करते हुए मानव अधिकार कमिशन के पास गुहार लगाई है।



परिवार ने अस्पताल पर कथित तौर से यह दोष लगाये हैं कि बलवीर कौर की अस्थियां जब तक डी.एन.ए. क्लीयर नहीं हो जाता, तब तक पुलिस की निगरानी में रहेंगी। पुलिस ने अस्थियां कब्जे में ले ली हैं और डी.एन.ए. जांच के लिए भेजने की तैयारी कर रही है। पुलिस का कहना है कि रिपोर्ट आने के बाद ही अब अस्थियां परिवार को सौंपी जायेंगी।

बाकी पन्ना नम्बर 2 पर

### क्या है मामला.....

बता दें कि मोगा जिला के गांव कड़ाहेवाल की रहने वाली 70-71 वर्षीय बुजुग महिला बलवीर कौर का फिरोजपुर रोड स्थित ओरीसन अस्पताल में ईलाज चल रहा था, जिस दौरान उसकी मौत हो गई। मृतका के पारिवारिक सदस्यों ने लाश को ओरीसन अस्पताल की मोर्चरी में रखवा दिया ताकि बाहर से आने वाले रिश्तेदारों व अन्य सदस्यों की मौजूदगी में उसका संस्कार किया जा सके। जब पारिवारिक सदस्य 21 दिसम्बर रविवार को अस्पताल की मोर्चरी में लाश लेने के लिए पहुंचे तो अस्पताल के कर्मियों ने लाश मृतका के पारिवारिक सदस्यों को सौंप दी। जब पारिवारिक सदस्यों ने लाश को देखा तो उनके होश उड़ गये कि लाश मृतका बलवीर कौर की नहीं, किसे और महिला की थी। जब पारिवारिक सदस्यों ने अस्पताल के प्रबंधकों से बात की तो उन्हें कोई जवाब नहीं आया। मृतका के पारिवारिक सदस्यों ने अस्पताल में धरना लगाकर रोष प्रदर्शन करना शुरू कर दिया, जो अभी तक जारी है।

## पंजाबी सिख ने बदलवाया कनाडा का 113 साल पुराना कानून

पंजाब के एक छोटे से गांव से ताल्लुक रखने वाले सिख वकील ने कनाडा का 113 साल पुराना कानून बदलवा दिया है। वकील प्रभजोत सिंह वारिंग की याचिका के बाद कनाडा की अदालत ने उस नियम को खत्म कर दिया है, जिसके तहत प्रोफेशनल्स के लिएकाम करने से पहले ब्रिटिश राजा के प्रति निष्ठा की शपथ लेना जरूरी था। प्रैक्टिस शुरु करने के लिए वहां यह शपथ लेनी जरूरी होती थी, जिसे प्रभजोत ने मानने से इनकार कर दिया और इसके खिलाफ कोर्ट में याचिका दायर की, कि यह शपथ सिख घर्म के खिलाफ है, मैं अपने गुरू से ऊपर किसी और को नहीं मान सकता।



उन्होंने कहा- हम गुरु गोबिंद सिंह के सिख हैं और किसी भी व्यक्ति को अपने गुरु से ऊपर नहीं मान सकते। यह शर्त मुझे अपने धर्म और पेशे में से किसी एक को चुनने के लिए मजबूर करती है, जो धार्मिक स्वतंत्रता का उल्लंघन है।

# 22 वर्षीय निडर महिला सोनी ने लुटेरे को धक्का देकर चाकू गिराया

## लात-घुसे खाकर मौके से भागा लुटेरा, लूट में असफल

**लुधियाना, (सत्ता संदेश)**

मनी ट्रांसफर की दुकान पर एक 22 साल की महिला कर्मचारी को एक बदमाश लूटने के लिए आया, लेकिन लड़की लुटेरे से भिड़ गई। लुटेरे ने गल्ले से नकदी लूटने की कोशिश की तो लड़की उस पर झपट पड़ी। लड़की ने उसके मुंह से नकाब घबरा कर नोचने की कोशिश की तो लुटेरा बुरी तरह घबराकर भाग निकला। वारदात गत दिनों गांव हंबड़ां में हुई। सी.सी. टीवी वीडियो में दिख रहा है कि लड़की लुटेरे के चाकू से भी नहीं घबराई और मुकाबला कर लूट की वारदात को नाकाम कर दिया। यहां तक कि सकपकाया लुटेरा चाकू भी वहीं छोड़ कर भाग गया। वहीं मामले में पुलिस की लापरवाही भी देखने को मिली है। पुलिस चौकी हंबड़ां को वारदात की जानकारी दी, लेकिन पुलिस मौका देखने नहीं पहुंची। जब वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुई तो पुलिस चौकी की टीम पर उच्च अधिकारियों का दबाव बना। खुद चौकी इंचार्ज गुरचरणजीत सिंह पहुंचे और लड़की का बयान दर्ज किया।

**क्या कहा बहादुर सोनी ने...**

मैं गांव हंबड़ां में दो सालों से गर्ग ऑनलाइन सॉल्यूशन पर जॉब करती हूं। 22 दिसंबर को दिन के समय करीब 11 बजे के करीब जब मैं अकेली थी। तभी सिर पर टोपी और चेहरे पर रुमाल बांधे लुटेरा घुस आया। आते ही उसने मुझे चाकू दिखाकर धमकाया तो मैं थोड़ा घबराई, पर हिम्मत करके उसे जोर से धक्का दिया तो उसके हाथ से चाकू गिरा तो हौंसला मिला, तभी बदमाश ने मुझे रुपये देने के लिए धमकियां देते हुए मेरे चेहरे पर चाकू मारने की कोशिश की, लेकिन



मैं बार-बार पीछे हटती रही। तभी मेरे दिमाग में ख्याल आया कि इसे कुछ नहीं लेकर जाने दूंगी। मैंने हिम्मत कर एक हाथ से उसकी टोपी पकडक़र बदमाश को अपनी तरफ खींचकर झटका दिया, तो उसके हाथों से चाकू गिर गया। इससे मुझमें और हिम्मत आ गई। मैंने उसे ताबड़तोड़ कई मुक्के मारे, तभी बदमाश भागने लगा। मैं भी दुकान से बाहर निकल पर उसके पीछे जाने लगे। दुकान के बाहर निकलते ही 4 राहगीर उसे देखने लगे। मैंने उनसे मदद भी मांगी, लेकिन कोई मेरी मदद के लिए नहीं आया। मैंने करीब 25 मीटर तक बदमाश का पीछा किया। लेकिन जब देखा कि कोई मदद के लिए नहीं आ रहा तो मैं बीच रास्ते में रुक गई और वापस दुकान पर आ गई। फिर मैंने दुकान के मालिक जतिन गर्ग को अपने साथ हुई वारदात के बारे में बताया। शाम को मैं भाई जतिन के साथ पुलिस चौकी शिकायत के लिए गई, लेकिन हमारी कोई सुनवाई नहीं हुई।

## संदिग्ध हालातों में व्यक्ति की हत्या की आशंका

**लुधियाना (सत्ता संदेश)**

पुलिस ने आज दोपहर थाना डिवीजन नंबर 7 के इलाके में एलआईजी फ्लैट के पास बने एक पार्क में एक व्यक्ति की लाश बरामद की है, जिसके बारे में शक जताया जा रहा है कि उसकी हत्या की गई है। जानकारी के मुताबिक, मृतक के पैर रस्सी से बंधे हुए थे। मृतक की पहचान दिनेश कुमार के रूप में हुई है, उसकी उम्र करीब 35 साल थी और वह गुरु अर्जन देव नगर में रहता था। मृतक दिनेश अपनी मां के साथ रहता था, जबकि उसकी पत्नी उससे अलग रहती थी। आज जब कुछ लोगों ने पार्क में लाश पड़ी देखी तो पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंच गए। जांच अधिकारी एसएचओ गगनदीप ने बताया कि मृतक शराब पीने का आदी था। उन्होंने कहा कि फिलहाल मौत की सही वजह साफ नहीं हो पाई है।

# मुख्यमंत्री सेहत बीमा योजना जनवरी में लागू होने की संभावना!

**चंडीगढ़, (सत्ता संदेश)**

पंजाब सरकार ने मुख्यमंत्री सेहत बीमा योजना लागू करने की तैयारी कर ली गई है और यह योजना माघी नजदीक 15 जनवरी को शुरू होने की संभावना है। इस योजना के लागू होने से पंजाब के हर परिवार को 10 लाख रुपये का सेहत बीमा कवर मिलेगा। पंजाब सरकार ने इस स्कीम तहत समूचा पंजाब कवर किया है। मुख्यमंत्री भगवंत मान ने जुलाई माह में इस योजना की घोषणा की थी, जिसे अब करीब साढ़े छह महीनों के बाद सफलता मिलती नजर आ रही है। सरकारी सूत्रों अनुसार उक्त योजना लागू करने में हुई देरी का मुख्य कारण बीमा कम्पनी की चयन प्रक्रिया है। पता चला है कि आखिर सरकार ने युनाईटिड इंडिया इंश्योरैंस को बीमा देने की जिम्मेवारी सौंपी है। करेगी। सरकार प्राथमिक तौर पर पाईलट प्राजैक्ट के रूप में बरनाला व तरततारन की रजिस्ट्रेशन का काम

*** पंजाब सरकार ने किया बीमा कम्पनी का चयन**

*** राज्य के हर परिवार को मिलेगा 10 लाख का सेहत बीमा कवर**



इस योजना तहत पंजाब भर में अस्पताल सूचीबद्ध किये जा रहे हैं जिनमें दो हजार प्रकार का उपचार मिलेगा। पंजाब सरकार पहली जनवरी से समूचे पंजाब में मुख्यमंत्री सेहत कार्ड बांटने की मुहिम शुरू शुरू कर चुकी है। इस स्कीम का राज्य के 65 लाख परिवारों को लाभ मिलेगा। इस स्कीम तहत राज्य के करीब हजार अस्पतालों को सूचीबद्ध करने की योजना है और इस प्रक्रिया को भी अंतिम रूप दिया जा रहा है।

## पंजाब में प्रॉपर्टी मालिकों की मुश्किलें बढ़ीं, सरकार ने जारी किए सख्त निर्देश

जालंधर- पंजाब के प्रॉपर्टी मालिकों के लिए एक अहम अपडेट सामने आया है। म्युनिसिपल कॉर्पोरेशन जालंधर ने प्रॉपर्टी टैक्स की रिकवरी बढ़ाने के लिए सख्त निर्देश जारी किए हैं। असिस्टेंट कमिश्नर-2, विक्रांत वर्मा की अध्यक्षता में हुई रिव्यू मीटिंग में प्रॉपर्टी टैक्स ब्रांच के सुपरिंटेंडेंट और इंस्पेक्टरों को नए नियमों और कार्ययोजना से अवगत कराया गया। मीटिंग में तय किया गया कि अब हर इंस्पेक्टर को केवल एक सेक्टर की जिम्मेदारी दी जाएगी, जिससे मॉनिटरिंग और फील्डवर्क दोनों में सुधार होगा। अधिकारियों का मानना है कि इससे टैक्स रिकवरी की प्रक्रिया तेज़ और प्रभावी बनेगी। इसके अलावा, म्युनिसिपल क्षेत्र में ऐसी सभी रेजिडेंशियल प्रॉपर्टीज़ जिनका प्रॉपर्टी टैक्स अभी तक नहीं भरा गया है, उन पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए गए हैं।

### पुष्पा-2 प्रीमियर भगदड़ मामला: चार्जशीट दाखिल, अल्लू अर्जुन समेत 23 आरोपी

फिल्म पुष्पा 2 के प्रीमियर के दौरान हुई भगदड़ मामले में पुलिस ने चार्जशीट दाखिल कर दी है। इसमें अभिनेता अल्लू अर्जुन समेत 23 लोगों को आरोपी बनाया गया है। 4 दिसंबर 2024 को हैदराबाद में हुए इस हादसे में एक महिला की मौत हो गई थी। पुलिस के अनुसार, यह घटना लापरवाही और सुरक्षा नियमों के उल्लंघन के कारण हुई।

### साहिबज़ादों को समर्पित नगर कीर्तन के ...

पन्ना 1 का बाकी हिस्सा

कीर्तन गुरुद्वारा श्री फ़तेहगढ़ साहिब से जपुजी साहिब के पाठ के बाद आरंभ हुआ। यह नगर कीर्तन गुरुद्वारा श्री जोती सरूप साहिब पहुँचकर कीर्तन सोहिला के पाठ और अरदास के साथ संपन्न हुआ।

नगर कीर्तन में शिरोमणि कमेटी के अध्यक्ष एडवोकेट हरजिंदर सिंह धामी, अकाल तख्त साहिब के कार्यकारी जत्थेदार एवं तख्त केसगढ़ साहिब के जत्थेदार ज्ञानी कुलदीप सिंह गड़गज्ज, तख्त दमदमा साहिब के जत्थेदार ज्ञानी टेक सिंह, दमदमी टकसाल के प्रमुख बाबा हरनाम सिंह खालसा, शिरोमणि पंथ अकाली बुड्ढा दल के प्रमुख बाबा बलबीर सिंह (96वें करोड़ि), तरना दल हरियां वेलां के प्रमुख बाबा निहाल सिंह तथा दल बाबा बिधी चंद संप्रदाय के प्रमुख बाबा अवतार सिंह सुरसिंघ वाले सहित अनेक प्रमुख हस्तियों ने सहभागिता की।

### सेना की वर्दी में आए पुतिन.....

पन्ना 1 का बाकी हिस्सा

उन्होंने चेतावनी दी कि अगर कीव ने शांति वार्ता नहीं मानी, तो रूस अपने लक्ष्य सैन्य ताकत से हासिल करेगा। रूसी समाचार एजेंसी तास के मुताबिक पुतिन ने कहा- 'अगर कीव की सरकार शांतिपूर्ण समाधान नहीं चाहती, तो हम अपने सभी लक्ष्य सैन्य अभियान के जरिए पूरे करेंगे।' उन्होंने यह भी कहा कि यूक्रेन के नेता पहले भी शांति के लिए गंभीर नहीं दिखे हैं।

***सेना की वर्दी में आए पुतिन***

पुतिन का यह बयान ऐसे समय आया है जब यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की अमेरिका के फ्लोरिडा जा रहे हैं, जहां उनकी रविवार को अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से मुलाकात होनी है। इसी बीच रूस ने यूक्रेन पर जोरदार हमले जारी रखे। जेलेंस्की ने कहा कि इन हमलों से साफ है कि रूस युद्ध खत्म नहीं करना चाहता, जबकि यूक्रेन शांति चाहता है। यूक्रेन की सेना के मुताबिक उसके सैनिकों ने मिर्नोहराद और हुलियाइपोल इलाके में रूसी सेना के आगे बढ़ने की कोशिशों को नाकाम कर दिया।

### मामला ओरीसन अस्पताल में लाश बदली का

पन्ना 1 का बाकी हिस्सा

**** पीड़ित परिवार पुलिस की कार्रवाई से असंतुष्ट***

मृतका का परिवार पुलिस की कार्रवाई से असंतुष्ट है और उन्होंने पुलिस पर दोष लगाये हैं कि मृतका का पति व अन्य परिवार जब शमशानघाट में अंतिम रस्में निभाने के लिए गया तो पुलिस ने उन्हें रोक दिया और अस्थियां पुलिस ने अपने कब्जे में ले लीं। पुलिस अस्थियों को डी.एन.ए. जांच के बाद ही परिवार को सौंपने की बात कर रही है। पुलिस का कहना है कि रिपोर्ट आने में समय लग सकता है, जिस कारण परिवार में रोष है। पहले लाश उन्हें नहीं मिली, किसी और ने संस्कार कर दिया, जबकि अब उन्हें अस्थियां भी नहीं मिल रहीं। परिवार वालों का आरोप है कि उन्होंने अपनी शिकायत में कर्मियों के नाम दिये हैं, पर पुलिस ने अज्ञात पर केस दर्ज किया है, जबकि अस्पताल में उस समय स्टाफ व डाक्टर मौजूद थे। उन्हें नामजद करने की बजाए अज्ञात लोगों पर ही केस किया है द्य पुलिस उन कर्मचारियों को नामजद न करके उनके साथ अन्याय कर है। दूसरी तरफ पुलिस ने स्पष्ट किया है कि डी.एन.ए. रिपोर्ट आने तक अस्थियां पुलिस के कब्जे में ही रहेंगी। जबकि पुरिवार जल्द रिपोर्ट देने व अस्थियां सौंपने की मांग कर रहा है।

***परिवार बिना संस्कार किये व अस्थियां न मिलने पर मृतका का भोग डालने को मजबूर***

21 दिसम्बर दिन रविवार को ओरीसन अस्पताल में लाश न मिलने के कारण गांव कड़ाहेवाला की रहने वाली बलवीर कौर का परिवार बिना संस्कार किये व अस्थियां न मिलने के बावजूद भोग डालने को मजबूर है। बता दें कि मृतका का भोग दिन रविवार को मोगा जिला के उक्त गांव में डाला गया।

# पुंडुचेरी में युवा पीढ़ी को सौंपी जाएंगी महासभा में महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां-डिंपल राणा

## अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा ने पुंडुचेरी के मुख्यमंत्री व विधानसभा स्पीकर को बताई समस्याएं

**पुंडुचेरी/लुधियाना (सत्ता संदेश)**

अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के प्रतिनिधिमंडल ने पुंडुचेरी के मुख्यमंत्री एन रंगास्वामी और विधानसभा के स्पीकर अम्बालाम सेलवम से मुलाकात की। मुलाकात के दौरान महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष महेन्द्र सिंह तंवर राष्ट्रीय युवा इकाई अध्यक्ष डिंपल राणा ने मुख्यमंत्री को सौंपे ज्ञापन की जानकारी देते हुए कहा महासभा के प्रतिनिधिमंडल ने पुंडुचेरी में क्षत्रिय समाज को दरपेश सम्स्याओ से मुख्यमंत्री को अवगत करवाया। जिस पर संज्ञान लेते हुए उन्होंने सभी सम्स्याओ के समाधान का भरोसा दिलाया। वहीं केंद्र सरकार से संबधित सम्स्याओ का समाधान राष्ट्रपति के माध्यम से करवाने का भरोसा भी दिलाया। युवा इकाई अध्यक्ष डिंपल राणा ने पुंडुचेरी में



**अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के प्रतिनिधिमंडल ने पुंडुचेरी के मुख्यमंत्री एन रंगास्वामी और विधानसभा के स्पीकर अम्बालाम सेलवम को मुलाकात दौरान क्षत्रिय समाज की समस्याओं संबंधी मांग पत्र देंते हुए।**

युवा इकाई को मजबूत करने की योजना बारे बताते हुए कहा महासभा युवा पीढ़ी को महत्वपूर्ण जिम्मेंदारियां सौंप कर संगठन को मजबूत करेगी। इस अवसर पर पुंडुचेरी इकाई के महासभा अध्यक्ष रामाजयम, तमिलनाडु के प्रदेश अध्यक्ष राम लिंगम, हररियणा प्रदेश अध्यक्ष छगन सिंह राठौर, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एम.एम.सी नटराजन व डी.पी सिंह राष्ट्रीय मंत्री धर्मपाल नेगी व शगन सिंह शामिल थे।

### दशमेश पिता के प्रकाश पर्व पर आतिशबाज़ी नहीं, दीपमाला भी सीमित रहेगी

अमृतसर- इस वर्ष श्री हरिमंदर साहिब में 27 दिसंबर को होने वाले धार्मिक कार्यक्रमों में अहम बदलाव किए गए हैं। दसवें सिख गुरु श्री गुरु गोबिंद सिंह जी के प्रकाश पर्व और उनके साहिबज़ादों की शहादत एक ही दिन होने के कारण न तो पारंपरिक आतिशबाज़ी की जाएगी और न ही भव्य दीपमाला सजाई जाएगी। दीपों की सजावट भी सीमित रखी जाएगी।

शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी ने संकेत दिए हैं कि इस वर्ष मुख्य आयोजन गुरबाणी कीर्तन, अरदास और साहिबज़ादों की शहादत को समर्पित धार्मिक कार्यक्रमों तक ही सीमित रहेंगे। आतिशबाज़ी और भव्य सजावट की जगह श्रद्धा, त्याग और बलिदान की भावना पर विशेष ध्यान दिया जाएगा।

# क्या टाटा पुनः नैनो की तरह करेगी सबको हैरान

## मात्र 4499 रुपये में ई-साइकिल लेकर आने की चर्चा

**लुधियाना, (गुरजीत)**

सोशल मीडिया व इंटरनैट पर आजकल बहुत चर्चा चल रही है कि टाटा पुनः नैनो की तरफ भारतीय ग्राहकों को हैरान करने जा रहा है। इस बार वह सस्ती कार नहीं, बल्कि गरीब की सवारी कही जाने वाली साइकिल को बड़े ही किफायती मूल्य पर इलैक्ट्रिक साइकिल के रूप में मात्र 4499 रुपये में लेकर आ रहा है। शहरों में बढ़ती भीड़ व महंगे होते जा रहे पैट्रोल-डीजल से निजात दिलाने के लिए टाटा की यह सवारी गरीब वर्ग के लोगों के लिए बहुत लाहेबंद साबित हो सकती है। इससे भी अधिक इस की स्मर्था 250 कि.मी. बताई जा रही है। इसी तरह थोड़ी दूरी की सवारी की बात करें तो यह इसमें एक क्रांति ला सकती है।

# निगम हाउस की मीटिंग के दौरान कर्मचारी यूनियन द्वारा रोष प्रदर्शन

## चार घंटे तक डॉ. अम्बेडकर भवन का गेट बंद करके की गई नारेबाजी

**लुधियाना (सत्ता संदेश)**

नगर निगम कर्मचारी यूनियन और न्यू वाल्मीकि एकता संघ द्वारा चेयरमैन नरेश धींगान और ओमपाल चंडालिया के नेतृत्व में आज नगर निगम में काम रहे मुलाज़िमों को पेश आ रही समस्याओं संबंधी सोई हुई आम आदमी पार्टी की सरकार को जगाने के लिए नगर निगम के जनरल इजलास वाले दिन सबसे पहले ज़ोन ए पर गेट रैली करके पंजाब सरकार और निगम प्रशासन के ख़िलाफ़ रोष प्रदर्शन किया और लोकल बॉडी मंत्री का पुतला भी अग्निभेंट किया। प्रदर्शनकारियों द्वारा 4 घंटे तक डॉ. अम्बेडकर भवन के गेट के सामने रोष प्रदर्शन करके उनके साथ हुई वादा खिलाफ़ी विरुद्ध जम कर नारेबाजी की गई। इस मौके नरेश धींगान ने बताया कि बार-बार मांग पत्र और याद पत्र देने के बावजूद सरकार और निगम प्रशासन द्वारा कर्मचारियों की समस्याओं का हल नहीं किया जा रहा है, इसलिए आज हाउस की मीटिंग के दौरान उन्होंने आज रोष प्रदर्शन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि आज यह प्रदर्शन आम आदमी पार्टी की सोई हुई सरकार को जगाने के लिए किया जा रहा है क्योंकि पंजाब सरकार द्वारा तीन साल पहले नगर निगम में काम कर रहे सफाई कर्मचारियों और सीवरमैनों को पक्का किया गया था लेकिन इस दौरान करीब 800 से ज्यादा कर्मचारी ओवरएज होने के



**नगर निगम कर्मचारी यूनियन और न्यू वाल्मीकि एकता संघ की ओर से चेयरमैन नरेश धींगान व ओमपाल चंडालिया के नेतृत्व में नगर निगम कर्मचारियों की मांगों को लेकर किये जा रहे रोष प्रदर्शन दौरान मौके पर मौजूद मेयर प्रिं. इंद्रजीत कौर व 'आप' विधायक।**

कारण पक्के होने से रह गए थे और कई माली, ड्राइवर, बेलदार कर्मचारियों को पक्का नहीं किया गया था। उन्होंने कहा कि तीन साल बीत जाने के बाद भी बार-बार पंजाब सरकार और निगम कर्मचारियों को मांग पत्र देने के बावजूद भी पक्का नहीं किया जा रहा हैए इसलिए यूनियन द्वारा आज आकर सोई हुई आम आदमी पार्टी की सरकार और निगम प्रशासन के खिलाफ रोष प्रदर्शन किया जा रहा है। उन्होंने विशेष तौर पर कहा कि आम आदमी पार्टी द्वारा विधानसभा चुनावों से पहले वादा किया गया था कि पूरे पंजाब में ठेकेदारी प्रथा बंद की जाएगी और कर्मचारियों की सीधी रैगुलर भर्ती की जाएगी, परंतु नगर निगम लुधियाना की ओर से ठेकेदारी प्रथा के तहत भर्तियां की जा रही हैं जो कि यूनियन को बिल्कुल भी बर्दाशत नहीं है और इसके अलावा नगर निगम लुधियाना कूड़ा की समस्या बहुत ज्यादा विकराल रूप धारण कर चुकी है और वाल्मीकि समाज जो कि पीढियों से लोगों के घरों में डोर टू डोर कूड़ा उठाने का काम कर रहा था निगम प्रशासन की ओर से जहां उसको बंद कराया जा रहा है और कूड़ा उठाने का काम प्राइवेट कंपनी को न दिया जाए, वहीं पूरे जिले में दो वार्डों के डंपिंग प्वाईंट बनाए जाएं और जिन मुलाजिमों की मौत हो चुकी है उनके वारिसों को तरस के आधार पर नौकरी दी जाए। निगम हाउस में से पास किए गए मता नंबर 23 की मांगों को जल्द से जल्द पूरा किया जाए। बाद निगम कमिश्नर की ओर से उक्त मुलाजिमों को जहां मीटिंग के लिए बुलाया गया वहीं मुलाजिम जत्थेबंदियों का मुख्यमंत्री के नाम पर मांग पत्र भी लिया गया। इस दौरान निगम कमिश्नर द्वारा कर्मचारी संगठनों के नेताओं को विश्वास दिलाया गया कि 29 जनवरी को बैठक बुलाकर उनकी सभी समस्याओं का समाधान किया जाएगा।

## वीर बाल दिवस पर गुरूद्वारा श्री फतेहगढ़ साहिब पहुंचे CM नायब सिंह सैनी

चंडीगढ़-इतिहास के सबसे करुण और प्रेरक अध्यायों में दर्ज साहिबज़ादों के अद्वितीय बलिदान को स्मरण करते हुए हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी गुरुद्वारा श्री फतेहगढ़ साहिब पहुँचे। यह वही पावन धरती है जहाँ धर्म, सत्य और आत्मसम्मान की रक्षा के लिए श्री गुरु गोबिंद सिंह जी के छोटे साहिबजादों- बाबा जोरावर सिंह जी और बाबा फतेह सिंह जी ने अल्पायु में ही सर्वोच्च बलिदान दिया। वीर बाल दिवस छोटे साहिबज़ादों को स्मरण करने और भावी पीढ़ियों को उनके जीवन से प्रेरणा देने का महान दिवस है।मुख्यमंत्री ने उस ऐतिहासिक स्थल पर माथा टेका, जहाँ अत्याचार के सामने झुकने से इनकार करने पर साहिबज़ादों को दीवार में चुनवा दिया गया था।

# अकाली दल (पुनर सुरजीत) में संकट के बादल

## अयाली के बयानों से नाराज ज्ञानी हरप्रीत सिंह द्वारा इस्तीफे की पेशकश

**अमृतसर, (सत्ता संदेश)**

शिरोमणि अकाली दल (पुनर सुरजीत) में आंतरिक कलह ने एक बार फिर सिर उठाया है। पार्टी की



एक महत्वपूर्ण बैठक में पूर्व जत्थेदार ज्ञानी हरप्रीत सिंह ने प्रधान पद से इस्तीफा देने की पेशकश कर सभी को चौंका दिया। सूत्रों के मुताबिक यह फैसला पार्टी के कुछ नेताओं की लगातार बयानबाजी और अनुशासनहीनता से उपजे असंतोष के चलते लिया गया। हालांकि, बैठक में इस पेशकश को नामंजूर कर दिया गया, लेकिन इस घटना ने पंजाब की सिख राजनीति में नए सवाल खड़े कर दिए हैं। इस पूरे प्रकरण में मनप्रीत सिंह अयाली के बयानों को मुख्य वजह माना जा रहा है। अयाली, जो पार्टी के प्रमुख नेता हैं, ने हाल ही में स्पष्ट किया कि वे किसी भी गुटं का हिस्सा नहीं हैं और उनकी प्राथमिक जिम्मेदारी श्री अकाल तख्त साहिब के आदेश पर केंद्रित है। उन्होंने कहा कि मैं कभी किसी गुट से जुड़ा नहीं था और न ही खुद को इसका हिस्सा मानता हूं। मुझे सौंपी गई पंथक जिम्मेदारियां निभानी हैं, राजनीतिक गुटबाजी में नहीं पडऩा । अयाली के इस बयान ने पार्टी के भीतर पहले से चल रही असहमति को और हवा दी, जिससे ज्ञानी हरप्रीत सिंह जैसे वरिष्ठ नेता नाराज हो गए। सूत्र बताते हैं कि अयाली ने बैठक में स्थिति पर पर्दा डालने की कोशिश की, लेकिन विवाद बरकरार रहा। ज्ञानी हरप्रीत सिंह ने बैठक के दौरान इस्तीफे की पेशकश करते हुए कहा कि वे कभी भी प्रधान बनने के इच्छुक नहीं थे और अब भी इस पद पर बने रहने की कोई इच्छा नहीं रखते। उन्होंने पार्टी सदस्यों की बयानबाजी पर गहरी नाराजगी जताई और कहा कि पार्टी में अनुशासन की कमी है, जिससे पंथक एकता को नुकसान पहुंच रहा है। मैं इस तरह की बयानबाजी से सहमत नहीं हूं। बैठक समाप्त होने के बाद जब मीडिया ने उनसे इस मुद्दे पर बात करने की कोशिश की तो उन्होंने कोई टिप्पणी करने से इंकार कर दिया। सूत्रों का कहना है कि ज्ञानी हरप्रीत सिंह का यह कदम पार्टी को एकजुट रखने के लिए एक चेतावनी के रूप में देखा जा रहा है, लेकिन इससे गुट के भविष्य पर सवाल उठने लगे हैं।

### एकजुट है पार्टी-बीबी जगीर कौर



इस घटनाक्रम पर पार्टी की वरिष्ठ नेत्री बीबी जगीर कौर ने कहा कि ज्ञानी हरप्रीत सिंह ने इस्तीफा नहीं दिया और न ही किसी ने मांगा। उन्होंने इतना जरूर कहा था कि वह कुछ भी त्याग कर सकते हैं। अब त्याग का अर्थ क्या हो सकता है। वह हमारे प्रधान बने रहेंगे और पार्टी पूरी तरहं एकजुट है। कोई मतभेद नहीं हैं, हम सब मिलकर पंथक हितों के लिए काम करेंगे। बीबी जगीर कौर ने कहा कि इस तरह की अफवाहें पार्टी को कमजोर करने की साजिश का हिस्सा हो सकती हैं, लेकिन गुट मजबूती से आगे बढ़ेगा। उनकी यह टिप्पणी बैठक के बाद आई, जब माहौल काफी तनावपूर्ण था।

# अमृतसर, श्री आनंदपुर साहिब और तलवंडी साबो को मिला पवित्र शहरों का दर्जा

## पवित्र शहरों में विश्व स्तरीय सुविधाएं होंगी उपलब्ध-मान

**चंडीगढ़/जालंधर, (सत्ता संदेश)**

पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने कहा कि पंजाब सरकार ने सिखों के लिए धार्मिक महत्व वाले 3 शहरों को पवित्र शहरों का दर्जा देने संबंधी अधिसूचना जारी करके एक ऐतिहासिक निर्णय लिया है। उन्होंने इस पल को प्रदेश के लिए परमात्मा के प्रति कृतज्ञता, विनम्रता और जिम्मेदारी वाला अवसर बताया। एक वीडियो संदेश में पंजाब के लोगों को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री भगवंत मान ने कहा कि पंजाब सरकार ने सिखों के लिए धार्मिक महत्व वाले शहरों को पवित्र शहरों का दर्जा देने संबंधी अधिसूचना जारी करके एक ऐतिहासिक निर्णय लिया है। यह घोषणा श्री गुरु तेग बहादुर जी के 350वें %शहीदी दिवस' को मनाने के लिए राज्य स्तरीय समारोह के मौके पर श्री आनंदपुर साहिब की पवित्र धरती से की गई थी। मैं परमात्मा का आभारी हूं, जिसने हमें ऐसा ऐतिहासिक निर्णय लेने की शक्ति, सामर्थ्य और क्षमता प्रदान की है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सिखों के



5 तख्त साहिबानों में से 3 तख्त पंजाब में स्थित हैं, जिनमें श्री अकाल तख्त साहिब अमृतसर, तख्त श्री केसगढ़ साहिब श्री आनंदपुर साहिब और तख्त श्री दमदमा साहिब तलवंडी साबो शामिल हैं। इन पवित्र तख्त साहिबानों की स्थापना वाले तीनों शहरों को अब आधिकारिक रूप रूहानियत के केंद्रों और पवित्र शहरों का दर्जा दिया गया है। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि इन पवित्र शहरों में अब सख्त नियम लागू होंगे। यह निर्णय इन स्थानों की पवित्रता को ध्यान में रखकर लिया गया है और अब इन तीनों शहरों में मांस, शराब, तंबाकू और किसी भी नशीले पदार्थ की बिक्री पर पूर्ण प्रतिबंध होगा।

# सर्द रातों में सडक़ों पर सोने को मजबूर हैं बेघर लोग

**लुधियाना (जिम्मी भामियां)**

दिसम्बर माह के दूसरे पखबाड़े में बढ़ती कड़ाके की सर्दी ने जहां आम जन जीवन प्रभावित किया है, वहीं सडक़ों किनारे रहने वाले बेघर लोगों के लिए यह समय जानलेवा बनता जा रहा है। हर साल इन दिनों में बेघर लोगों को बड़ी परेशानी का सामना करना पड़ता है। रात्रि समय अगर लुधियाना शहर की सडक़ों पर नजर डालें तो सभी मुख्य सडक़ों के आसपास विशेषकर बस अड्डा, रेलवे स्टेशन, फिरोजपुर रोड व जगरांव पुल से जालंधर बाईपास की ओर जाते पुलों के नीचे रजाईयां, कम्बल व पुराने कपड़ों में सिमटे हुए बेघर लोग सर्दी की इन रातों में सोए हुए नजर आ ही जाते हैं। प्रशासन के दावों के बावजूद शहर के रैन बसेरों की हालत नाजुक है, जिस कारण सैंकड़ें लोग खुले आसमान नीचे रातें काटने को मजबूर हैं। हालांकि सरकार व स्थानीय प्रशासन की ओर से हर साल सर्दियों से पहले बेघर लोगों के लिए उचित प्रबंध करने के दावे जोर-शोर से किये जाते हैं, लेकिन जमीनी हकीकत कुछ और ही बयान करती है। मिली जानकारी अनुसार शहर में तीन रैन बसेरों में 100 के करीब बैड हैं, जबकि बेघरों की संख्या इससे कहीं अधिक है। इस तरह शहर के मौजूदा रैन बसेरों में जगह कम होने के कारण लोगों के अंदर रहने के लिए जगह नहीं मिल रही। ज्यादातर सरकारी शैलटर होम शहर के बाहरी इलाकों में हैं, जबकि दिहाड़ीदार मजदूर शहर के मुख्य चौकों-चौराहों के निकट रहना पसंद करते हैं।

## नगर निगम अधिकारियों के दावे हकीकत से कोसों दूर



## असहनीय है लोगों का दर्द

सडक़ किनारे बैठे एक बुजुर्ग ने बताया कि हम कई बार सरकारी शैलटरों में गये, लेकिन वहां पहले ही बहुत भीड़ है। हमें मजबूरन यहां फुटपाथ पर आग जलाकर गुजारा करना पड़ता है। बच्चों व महिलाओं के लिए यह स्थिति और भी गंभीर है क्योंकि उनको सुरक्षा व सेहत संबंधी बड़ी चुनौतियों का सामना करना पड़ता है, जहां सरकारी तंत्र फेल नजर आ रहा है, वहां कुछ समाज सेवी संस्थाओं की ओर से रात के समय गर्म खाना व कम्बल इत्यादि बांटे जा रहे हैं। इन संस्थाओं के प्रतिनिधियों का कहना है कि जब तक सरकार कोई उचित हल नहीं करती, तब तक यह मानवीय संकट बना रहेगा। अगर प्रशासन ने जल्द कोई ठोस कदम न उठाए तो आने वाले दिनों में सर्दी के कारण इन बेघरों की जिंदगी पर खतरा बढ़ सकता है। प्रशासन को मौजूदा रैन बसेरों की हालत सुधारने व इनकी गिनती में वृद्धि करने की जरूरत है। शैलटर होम के प्रबंधों को लेकर जब नगर निगम के संबंधित अधिकारियों से सम्पर्क करने का प्रयास किया तो उनसे सम्पर्क नहीं हो सका।

# बहन ने चुराए भाई के घर से आभूषण, केस दर्ज

लुधियाना (सत्ता संदेश)-पुलिस ने अपनी बहन के घर से गहने चुराने वाली बहन के खिलाफ केस दर्ज किया है। पुलिस यह कार्रवाई न्यू शिमलापुरी के रहने वाले लव विष्णु वैद की शिकायत पर कर रही है और इस संबंध में पुलिस ने उसकी बहन भावना, जो देहरादून की रहने वाली है, के खिलाफ केस दर्ज किया है। पुलिस को दी गई शुरुआती रिपोर्ट में शिकायतकर्ता ने कहा कि उसकी बहन कल अपने पति से लडक़र उनके घर आई और उनके घर से लाखों रुपये के सोने के गहने और अन्य सामान चुराकर भाग गई। जब शिकायतकर्ता ने पूरा मामला पुलिस के ध्यान में लाया, तो पुलिस ने कार्रवाई करते हुए इस मामले में केस दर्ज किया। इस मामले में फिलहाल कोई गिरफ्तारी नहीं हुई है।

# 80 हजार पाउंड से कायाकल्प, ब्रिटेन से सज-धज कर लौटी ऐतिहासिक क्लॉक

## ब्रिटिश काल की 123 साल पुरानी 'कर्जन घड़ी' जीवित

## दो साल बाद श्री दरबार साहिब में सुइयां फिर करेंगी टिक-टिक



**अमृतसर, (सत्ता संदेश)**

श्री दरबार साहिब में स्थापित 123 साल पुरानी 'कर्जन घड़ी' की सुइयां 2 साल बाद फिर टिक-टिक करने लगेंगी। ब्रिटिशकाल की घड़ी को मरम्मत के लिए 2 साल पहले यूके भेजा गया था, जिस पर 96 लाख रुपए (80 हजार पाउंड) खर्च हुए हैं। इसकी सुइयां 10:08 पर थम गई थीं। गुरु नानक निष्काम सेवक जत्थे को कारसेवा के दौरान यह घड़ी दीवार पर लगी एक घड़ी के पीछे मिली थी। एस.जी.पी.सी. की मंजूरी के बाद घड़ी को ठीक करने के लिए ब्रिटेन भेजा गया था। इसे पीतल का नया डॉयल और रोमन अंकों के साथ तैयार किया गया है। नवंबर में घड़ी स्वदेश लाई गई है और जनवरी शुरुआत में घड़ी को दोबारा स्थापित करने की योजना है। यह घड़ी सचखंड में कीर्तन करने वाले स्थल के पीछे बनी दीवार लगी थी। इधर, प्रधान एसजीपीसी हरजिंदर सिंह धामी ने कहा, अब घड़ी नई पीढियों को श्री दरबार साहिब से जुड़े इतिहास की याद दिलाएगी।

## वायसराय लॉर्ड कर्जन का तोहफा

1902 में रोमन अंक और पीतल से बनी घड़ी बंदी छोड़ दिवस पर भेंट की थी। 'कर्जन घड़ी' का संबंध ब्रिटिश भारत के वायसराय रहे लार्ड कर्जन से जुड़ा है। लार्ड कर्जन अपनी पत्नी के साथ साल 9 अप्रैल, 1900 को श्री दरबार साहिब में नतमस्तक होने के लिए पहुंचे थे। उस समय यहां दीवार की साधारण घड़ी लगी थी, जो पत्नी को सही नहीं लगी। उनकी इच्छा श्री दरबार साहिब की पवित्रता और गरिमा के अनुरूप विशेष घड़ी लगाने की थी। उन्होंने इंग्लैंड के बर्मिंघम स्थित एल्किगटन एंड कंपनी को विशेष तौर से घड़ी तैयार करने का आदेश दिया था। दो साल की अथक मेहनत के बाद रोमन अंक और पीतल से बनी यह घड़ी 31 अक्टूबर 1902 को बंदी छोड़ दिवस पर श्री दरबार साहिब को भेंट की गई थी।

# तस्करी के मामले में वांछित महिला का पुलिस ने गिराया घर

लुधियाना (सत्ता संदेश)-नशीले पदार्थों की तस्करी के मामले में वांछित महिला का घर आज पुलिस ने गिरा दिया। इस बारे में जानकारी देते हुए मोती नगर थाने के एस.एच.ओ. भूपिंदर सिंह ने बताया कि रीना पत्नी रिंकू, निवासी न्यू हरकृष्ण कॉलोनी के खिलाफ नशीले पदार्थों की के तीन केस दर्ज हैं और वह अभी जेल में है। उन्होंने बताया कि रीना का बताया गया 50 गज का घर हरकृष्ण कॉलोनी में है, जिसकी कीमत 15 लाख रुपये है। आज इसे गिरा दिया गया है, क्योंकि यह घर उसने नशीले पदार्थों की करके बनाया गया था।



तस्करी के मामले में वांछित महिला के घर को गिराए जाने का दृश्य।

# खतरनाक लुटेरा गिरोह के तीन सदस्य लाखों रुपये मूल्य के मोबाइल व सामान सहित गिरफ्तार

**लुधियाना (सत्ता संदेश)**

लुधियाना पुलिस ने लुटेरों के खतरनाक गिरोह के तीन सदस्यों को गिरफ्तार कर उनके पास से लाखों रुपये के मोबाइल और सामान बरामद किया है। इस बारे में जानकारी देते हुए एडीसीपी अमनदीप सिंह बराड़ और ए.सी.पी. स्पेशल सैल बेअंत जुनेजा ने बताया कि तीन आरोपियों राज कुमार उर्फ राजा, अब्दुल कलाम और संदीप कुमार को लुधियाना के टिब्बा थाना इलाके से गिरफ्तार किया गया और उनके पास से 25 मोबाइल फोन, 2 चाकू और 3 चोरी की मोटरसाइकिल (स्प्लेंडर) बरामद की गईं। आरोपियों के खिलाफ लुधियाना के टिब्बा थाने में केस दर्ज किया गया है। गिरफ्तार आरोपियों को माननीय कोर्ट में पेश कर पुलिस हिरासत में भेज दिया गया। रिमांड के दौरान दो और चोरी की मोटरसाइकिलें भी बरामद की गईं। पुलिस अधिकारी ने बताया कि आरोपियों ने दर्जनों लूट की वारदातें की हैं और शहर के अलग-अलग इलाकों में सक्रिय थे। उनसे और पूछताछ की जा रही है, कई और खुलासे होने की संभावना है।



लुटेरा गिरोह के गिरफ्तार आरोपियों बारे जानकारी देते पुलिस अधिकारी।

# युवक द्वारा आत्महत्या के मामले में महिला सहित पांच विरुद्ध केस दर्ज

लुधियाना (सत्ता संदेश)-थाना डिवीजन नंबर दो के तहत आने वाले मोहल्ला अमर नगर में एक युवक की आत्महत्या के मामले में पुलिस ने एक महिला सहित पांच के खिलाफ केस दर्ज किया है। पुलिस ने यह कार्रवाई मृतक आशु सोनी के भाई विशाल सोनी निवासी माधोपुरी की शिकायत पर की है और मृतक के पड़ोस में रहने वाली नीलम, उसके बेटे वारिस राजवीर उर्फ बंदू, उसकी बेटी सिमरन और दामाद अंकित के खिलाफ केस दर्ज किया है। पुलिस को दी गई शुरुआती रिपोर्ट में शिकायतकर्ता ने बताया कि उसके भाई ने कल अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी। उसने बताया कि बाद में जब उसका मोबाइल चेक किया गया तो उसके भाई ने बताया था कि आत्महत्या के लिए ऊपर बताए गए आरोपी जिम्मेदार हैं, क्योंकि वे उसे लगातार परेशान कर रहे थे। जब विशाल ने पूरा मामला पुलिस के ध्यान में लाया तो पुलिस ने कार्रवाई करते हुए इस मामले में केस दर्ज कर लिया। आरोपी फिलहाल फरार बताए जा रहे हैं। जांच अधिकारी भूपिंदर सिंह ने कहा कि पुलिस मामले की जांच कर रही है और आरोपियों को ढूंढने के लिए छापेमारी की जा रही है। उन्हें जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# टैंपू चढ़ाकर हिस्सेदार की हत्या करने वाले युवक पर केस दर्ज

लुधियाना (सत्ता संदेश)-व्यापारिक झगड़े में तेज रफ्तार से टेंपो चलाकर अपने पार्टनर की हत्या करने के मामले में पुलिस ने युवक के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है, लेकिन अभी तक इस मामले में कोई गिरफ्तारी नहीं हुई है। पुलिस ने यह कार्रवाई शहीद भगत सिंह नगर के धांदरा रोड निवासी लक्ष्मण कुमार की शिकायत पर की है और इसी मामले में उसके पार्टनर सनराइज कॉलोनी निवासी सुशील कुमार के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। जांच अधिकारी धर्मेंद्र सिंह ने बताया कि सुशील कुमार और लक्ष्मण कुमार के पिता कैलाश पटेल का संयुक्त व्यापार था, लेकिन हाल ही में उन्होंने इसे आपस में बांट लिया था, जिस पर सुशील कुमार गोदाम से कुछ सामान ले जा रहा था, जिसका कैलाश पटेल ने विरोध किया। इसी बीच जब सुशील कुमार ने वहां से गाड़ी भगाने की कोशिश की तो टेंपो ने कैलाश पटेल को कुचल दिया। उसे गंभीर हालत में डीएमसी अस्पताल लाया गया जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सुशील कुमार मौके से फरार हो गया। पुलिस ने हाल ही में शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है और सुशील कुमार के खिलाफ कई धाराओं में केस दर्ज किया है। पुलिस अधिकारी ने बताया कि उसकी तलाश में छापेमारी की जा रही है। उन्होंने कहा कि जांच के दौरान अगर कोई और बात सामने आती है तो उसके अनुसार कार्रवाई की जाएगी।

# शोरूम का कर्मचारी 6 लाख रुपये की नकदी चुराकर हुआ फरार

**लुधियाना (सत्ता संदेश)**

मॉडल टाऊन में एक स्थानीय फुटवियर शोरूम का मैनेजर मालिकों से 6 लाख रुपये की नकदी चुराकर फरार हो गया है। पुलिस ने शोरूम के सहायक मैनेजर अंकुश कुमार की शिकायत पर करतार नगर के रहने वाले शोरूम मैनेजर परमानंद भट्ट के खिलाफ केस दर्ज किया है। पुलिस को दी गई शुरुआती रिपोर्ट में शिकायतकर्ता ने कहा कि आरोपी शोरूम के पैसों का हिसाब रखता था और कुछ समय से नकदी जमा नहीं कर रहा था। आरोपी कल शोरूम से 6 लाख रुपये की नकदी चुराकर फरार हो गया। पुलिस मामले की जांच कर रही है, लेकिन फिलहाल इस मामले में कोई गिरफ्तारी नहीं हुई है।

# पोह महीने की बेमिसाल शहादतों को समर्पित दूध का लंगर लगाए गए

**लुधियाना (सत्ता संदेश)**

दशमेश पिता धन-धन श्री गुरु गोबिंद सिंह जी के छोटे साहिबजादों, माता गुजरी जी तथा उनके लिए दूध की सेवा करने वाले बाबा मोती राम मेहरा जी की पोह महीने की बेमिसाल शहादतों को समर्पित राजगुरु नगर में दूध के लंगर लगाया गया। इन लंगरों में पंजाब लार्ज इंडस्ट्रियल डिवैल्पमैंट बोर्ड के पूर्व चेयरमैन और लुधियाना कांग्रेस कमेटी (शहरी) के पूर्व अध्यक्ष पवन दीवान तथा उनके साथियों ने भी सहयोग दिया। इस अवसर पर महान शहीदों को नमन करते हुए पवन दीवान ने कहा कि श्री गुरु गोबिंद सिंह जी ने एक ही सप्ताह में अपना पूरा परिवार कौम पर न्योछावर कर दिया था, जिसका कर्ज कभी चुकाया नहीं जा सकता। उन्होंने कहा कि छोटे साहिबजादों और माता गुजरी जी को दूध पिलाने वाले बाबा मोती राम मेहरा के पूरे परिवार को कोल्हू में पीस दिया गया था। पोह महीने की शहादतें हमें हक और सच के लिए संघर्ष करने की प्रेरणा देती हैं। इस दौरान अन्य लोगों के अलावा, इंदरजीत कपूर, कुलबीर सिंह नीटा, बीएम कालिया, टोनी सिद्धू, रेशमजीत गाबा, जगदीश मांगट, योगेश बांसल, परमजीत सिंह गहोर, सोनू दुआ, हनी गुरमेल मेडिकल हाल, हैप्पी कपूर भी मौजूद रहे।



पोह महीने के शहीदों की शहादतों को समर्पित लगाये दूध के लंगर दौरान सेवा करते हुए पंजाब लार्ज इंडस्ट्रियल डिवैल्पमैंट बोर्ड के पूर्व चेयरमैन और लुधियाना कांग्रेस कमेटी (शहरी) के पूर्व अध्यक्ष पवन दीवान व अन्य।

# नशा तस्करी, हथियारों व ट्रैफिक नियमों की अनदेखी खिलाफ जिला पुलिस की सख्त कार्रवाई



जिला पुलिस कमिशनर स्वप्न शर्मा प्रैस कांफ्रैंस दौरान जिला पुलिस की उपलब्धियों संबंधी जानकारी सांझी करते हुए। (छाया-जिम्मी भामियां)

**लुधियाना, (जिम्मी भामियां)**

जिला कमिशनरेट पुलिस लुधियाना की ओर से शहर में कानून व्यवस्था मजबूत बनाये रखने, नशा तस्करी व अन्य अपराधिक गतिविधियों पर प्रभावशाली नियंत्रण के लिए वर्ष 2025 दौरान लगातार कार्रवाईयां जारी रखी गईं।

यह दावा करते हुए पुलिस कमिशनर स्वप्न शर्मा आई.पी.एस. ने बताया कि एक जनवरी, 2025 से 23 दिसम्बर 2025 तक एन.डी.पी.एस. एक्ट तहत कुल 1177 मामले दर्ज करके 1530 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। इस दौरान 25 किलो 312 ग्राम अफीम, 535 किलो 800 ग्राम भुक्की, 3 किलो 98 ग्राम चरस, 58 किलो 870 ग्राम गांजा, 23 ग्राम कोकेन, 32 किलो 639 ग्राम हैरोइन, 64 ग्राम 935 ग्राम, 1 किलो 263 ग्राम नशीला पाऊडर, 27 किलो 100 ग्राम पोपी पौधे, 32272 नशीली गोलियां, कैप्सूल व 5 इंजैक्शन बराम किये गये। इस समय दौरान एन.डी.पी.एस. एक्ट तहत दोष साबित होने की दर 92.7 प्रतिशत रही है। उन्होंने आगे बताया कि एक्साईज एक्ट तहत कुल 274 मामले दर्ज करके 319 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। इस दौरान 203 लीटर 750 मिलीलीट अवैध शराब, 6723 लीटर 510 मिलीलीटर लाइसैंस शराब, 11041 लीटर 950 मिलीलीटर अंग्रेजी शराब, 85 लीटर 580 मिलीलीटर वीयर और 50 लीटर लाहन बरामद की गई।

# सीटी यूनिवर्सिटी में जिला स्तरीय विकसित भारत यूथ पार्लियामेंट 2026 का आयोजन

## विजेता राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर पंजाब का प्रतिनिधित्व करेंगे

लुधियाना (सत्ता संदेश)-सीटी यूनिवर्सिटी ने अपने कैंपस में जिला स्तरीय विकसित भारत यूथ पार्लियामेंट 2026 का सफल आयोजन किया। यह कार्यक्रम युवा मामले और खेल मंत्रालय की प्रमुख पहल के अंतर्गत आयोजित किया गया। कार्यक्रम की थीम थी आपातकाल के 50 वर्ष-भारतीय लोकतंत्र के लिए सीख, जिसका उद्देश्य युवाओं को लोकतंत्र पर गंभीर और सार्थक चर्चा से जोडऩा था। इस कार्यक्रम में कुल 50 छात्रों ने पंजीकरण कराया। इस जिला स्तरीय प्रतियोगिता में अमृतसर, रोपड़, लुधियाना, जगराओं, मोगा, फिरोज़पुर, मालेरकोटला और रायकोट जिलों से आए छात्रों ने भाग लिया। प्रतिभागियों ने अपने विचारों के माध्यम से शानदार नेतृत्व क्षमता, वक्तृत्व कौशल और सामाजिक-राजनीतिक मुद्दों की समझ का प्रदर्शन किया, जो जागरूक और जिम्मेदार नागरिक होने का प्रमाण है। जिला स्तर पर चयनित छात्र अब राज्य स्तरीय विकसित भारत यूथ पार्लियामेंट 2026 में भाग लेंगे, जो पंजाब विधानसभा, चंडीगढ़ में आयोजित की जाएगी। वहीं राज्य स्तर पर चयनित छात्र संसद भवन, नई दिल्ली में होने वाले राष्ट्रीय स्तर पर पंजाब का प्रतिनिधित्व करेंगे। जूरी पैनल में सीटी ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस, जालंधर के प्रतिष्ठित सदस्य शामिल रहे, जिनमें डॉ. सपना शर्मा (सहायक प्रोफेसर एवं अकादमिक कोऑर्डिनेटर-सोशल एंटरप्रेन्योरशिप), डॉ. राजनी (सहायक प्रोफेसर - पॉलिसी मेकिंग), डॉ. अंजू शर्मा (प्रिंसिपल, सीटी कॉलेज ऑफ एजुकेशन) और किरण (सहायक प्रोफेसर) शामिल थीं। कार्यक्रम में माननीय चांसलर एस. चरणजीत सिंह, कुलपति डॉ. नितिन टंडन, प्रो. वाइस चांसलर डॉ. सिमरन कौर गिल, रजिस्ट्रार संजय खंडूरी और डायरेक्टर, डिवीजन ऑफ स्टूडेंट वेलफेयर, इं. दविंदर सिंह की गरिमामयी उपस्थिति रही। सभी ने युवाओं के उत्साह की सराहना की और उन्हें राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया।



सीटी यूनिवर्सिटी कैंपस में करवाये जिला स्तरीय विकसित भारत यूथ पार्लियामेंट 2026 हिस्सा लेने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित करने के अवसर पर मौजूद प्रबंधक व अन्य।

### कुलपति डॉ. नितिन टंडन का वक्तव्य

विकसित भारत यूथ पार्लियामेंट जैसे मंच युवाओं को हमारे लोकतांत्रिक सफर का विश्लेषण करने और भारत के भविष्य को आकार देने में सक्रिय भागीदारी का अवसर देते हैं। सीटी यूनिवर्सिटी सामाजिक रूप से जागरूक, जिम्मेदार और दूरदर्शी नेतृत्व तैयार करने के लिए प्रतिबद्ध है।

### रजिस्ट्रार संजय खंडूरी का वक्तव्य

विभिन्न जिलों से छात्रों की उत्साहपूर्ण भागीदारी यह दर्शाती है कि युवाओं में लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं के प्रति जागरूकता और रुचि बढ़ रही है। ऐसे कार्यक्रम सहभागी लोकतंत्र की नींव को मजबूत करते हैं और अगली पीढ़ी को सशक्त नेतृत्व के लिए प्रेरित करते हैं।

# घर परिवार से ऊपर उठकर निभाए समाज और देश के प्रति जिम्मेदारी- ब्रह्मार्षि विशाल

## विपरीत परिस्थितियों को चैलेंज के रूप में करें स्वीकार

**लुधियाना (गोपाल जमालपुरी)**

''मल्टीवर्स सोल्स'' द्वारा ''360 डिग्री ट्रांसफोर्मेशन प्रोग्राम'' की सात दिवसीय वर्कशाप का समापन गत दिवस हुआ जिसका आयोजन रोजाना सुबह 5 से 7 बजे तक अंबर गार्डन, चंडीगढ़ रोड, लुधियाना में किया गया था, जिसमें ब्रह्मार्षि विशाल द्वारा वर्कशॉप में साधकों को विपरीत परिस्थितियों, विपदा में कभी भी हौसला ना हारने, बल्कि ऐसी स्थिति को एक चैलेंज के रूप में स्वीकार करने का आवाहन किया। विपरीत परिस्थितियों को चैलेंज के रूप में स्वीकार करने वाला व्यक्ति ही हमेशा महान बनता है! ब्रह्मर्षि जी ने साधकों से आज हर प्रकार के व्यसन सिगरेट,तंबाकू ,शराब, मांसाहार, चाय, कॉफी इत्यादि छोड़ने का वचन लिया! उन्होंने संगीत के माध्यम से मानसिक शांति पाने का साधकों को अभ्यास करवाया और हर किसी को अपने जीवन में एक शब्द थैंक यू का इस्तमाल करना सिखलाया। ब्रह्मार्षि विशाल द्वारा साधकों को खुद के स्वार्थ छोड़कर समाज, राष्ट्र, देश के लिए स्वार्थी बनने का आवाहन किया उन्होंने कहा भगत सिंह, सुखदेव, राजगुरु, उधमसिंह, लाजपत राय, चंद्रशेखर जैसे हजारों शहीद, देश प्रेमी अगर अपने और अपने परिवार के लिए ही सोचते तो आज देश आजाद ना होता! देश के सैनिक अगर खुद के बारे में ही सोचे तो आज हमारे देश की सीमाएं सुरक्षित नहीं होगी इसीलिए सभी को अपना दायित्व निभाते हुए सबसे पहले अपने समाज व राष्ट्र के बारे में सोचना चाहिए! उन्होंने परिवार के मोह को छोड़कर संपूर्ण मानव जाति से प्रेम करने का आवाह्न किया क्योंकि मोह यहां पर स्वार्थ के लिए होता है वहीं पर प्रेम समर्पण और आजादी के भाव लिए होता है।



इस वर्कषाप में साधकों को खानपान के सही ढंग के लिए प्रैक्टिकल करवाया गया और बताया गया कि सही ढंग से खाया पिया ही ऊर्जा में तब्दील होता है, सही तरीके से भोजन ना करने पर कई प्रकार की बीमारियों का जन्म होता है ! उन्होंने ग्रहिणियो को हमेशा खुश रहते हुए भोजन बनाने को कहा, क्योंकि जिस भाव से भोजन बनाया जाता है वही भाव खाने वाले में आते हैं। ब्रह्मार्षि ने कहा कि जीवन में किए गए अच्छे या बुरे कर्म का फल सुनिश्चित है! पाप का पश्चाताप हो सकता है लेकिन किसी भी उपाय से उसके फल को मिटाया नहीं जा सकता।

स्थानीय आयोजक एवं प्रवक्ता अमृत कौर ने बताया की ब्रह्मार्षि विशाल जी द्वारा साधकों को योगासनो एवं 3-6-9 प्राणायाम और भस्त्रिका प्राणायाम का अभ्यास करवाया गया और साधकों से अपने घरों में जीवन ऊर्जा टैक्स के रूप में डोनेशन बॉक्स में रोजाना राशि इकट्ठी करने के लिए प्रेरित किया और यह राशि परिवार, जाति, धर्म को छोड़कर सामाजिक कार्यों में लगाने के लिए कहा उन्होंने कहा इस प्रैक्टिकल से नकारात्मक ऊर्जा दूर होती है और सकारात्मक ऊर्जा मिलती है।


सम्पादकीय

# अरावली श्रृंखला पर सरकारों की नैतिकता

***वातावरण*** की शुद्धता को लेकर यूरोप व कैनेडा, अमरीका जैसे देशों में सरकारें बनती व गिरती हैं। इन देशों में वातावरण को चुनाव मनोरथ पत्र में पहले स्थान पर जगह दी जाती है। नई आने वाली सरकारें अपने प्राथमिक एजेंडों में वातावरण को लेकर अपनी योजना रखती हैं, पर यह बड़ी दुर्भाग्यपूर्ण बात है कि भारत में अभी तक वातावरण को पहल देना तो दूर की बात है, चुनाव मनोरथ पत्र में कहीं अंत में एक दो पंक्तियों में जगह मिल जाये तो काफी समझा जाता है व किसे भी दल की ओर से इस मुद्दे को कोई प्राथमिकता नहीं दी जाती, जो कि मौजूदा समय की सबसे बड़ी जरूरत है। अरावली पर्वत लड़ी, जो उत्तरी भारत के लिए एक कुदरती सुरक्षा कवच का काम करती है, को सांस नली के रूप में जाना जाता है, आज मानवीय लालच की भेंट चढ़ रही है। सोशल मीडिया पर इसकी चर्चा ने लोगों का ध्यान अपनी तरफ जरूर खींचा है और सुप्रीम कोर्ट ने भी अरावली में जारी अवैध माइनिंग पर बेशक सख्त टिप्पणी करते सरकारों को फिटकार लगाई है, पर बावजूद इसके प्रशासनिक ढांचा वातावरण की रक्षा करने में बुरी तरह से असफल होता नजर आ रहा है। अगर अरावली पहाडि़यां ही ध्वस्त हो जायेंगी तो आने वाली पीढि़यों के लिए सांस लेना भी मुश्किल हो जायेगा। सैटेलाईट चित्रों से पता चलता है कि अरावली पर्वत माला की कई पहाडि़यों का नामोनिशान ही मिट गया है। सोशल मीडिया पर अरावली पर्वत श्रेणी की महत्ता व इसे बचाने के लिए डाली जा रही रीलों की आंधी आई है, जिससे स्पष्ट है कि वातावरण प्रेमियों अंदर कितनी तड़प है क्योंकि अरावली सिर्फ पत्थरों का ढेर नहीं, बल्कि यह उत्तरी भारत के अनेकों क्षेत्रों को मरुस्थल में बदलने से रोकने वाली एक दीवार है। अरावली पर्वत श्रेणी में अवैध माइनिंग कारण धूल व हवा प्रदूषण ने दिल्ली सहित साथ लगते इलाकों के लोगों का सांस लेना दुर्भर कर दिया है। सरकारों को यह समझने की जरूरत है कि विकास व वातावरण में संतुलन बनाना, आज की प्रमुख जरूरत है। अदालती आदेशों की सख्ती से पालना होनी चाहिए। अगर आज अरावली पर्वत श्रृंखला को न बचाया गया तो यह कुदरती खुदकुशी की ओर बढने़ वाला एक कदम होगा। फिर आने वाली पीढि़यों के साथ-साथ इतिहास भी हमें कभी माफ नहीं करेगा।

● *जितेंद्र कुमार, सम्पादक*

# वीर साहिबज़ादों का अद्वितीय बलिदान



**अमित शाह**
*गृह मंत्री (भारत सरकार)*

***वाहे गुरु जी का खालसा***
***वाहे गुरु जी की फतेह!***

आज वीर साहिबजादों के प्रति, दशम पिता के प्रति शुक्राना व्यक्त करते हुए मन शोक से भी भर जाता है और गर्व की अनुभूति भी करता है। जिन्होंने अभी जीवन को देखा ही नहीं था, उन बच्चों को इतनी क्रूरता से मार दिया गया, वे शहीद हो गए और दूसरी ओर छाती गर्व से फूल भी जाती है।

मैं माँ गुजरी जी के त्याग, धैर्य, बच्चों को दिए हुए संस्कार और उनके मातृत्व को भी दिल से प्रणाम करना चाहता हूं। जिन साहिबजादों की बात करना चाहते हैं, उनमें बाबा जोरावर सिंह जिनकी उम्र सिर्फ 9 साल थी, बाबा फतेह सिंह की उम्र सिर्फ 7 साल। उनको डराया गया, समझाया गया, लोभ दिए गए। मगर सिंह की तरह दहाड़ते हुए किसी लोभ में आए बगैर मृत्यु को पसंद किया। शायद माता गुजरी जी का संसर्ग ही होगा, संपर्क ही होगा, जिसने गुरुओं के पूरे संस्कार इन बच्चों में कूट-कूट कर भर दिए।

पूरी दुनिया में धर्म के लिए लड़ने वालों के इतिहास में, देश के लिए लड़ने वालों के इतिहास में ऐसा कोई व्यक्ति नहीं मिल सकता जिसने पिता, माता, चार छोटे बेटों का बलिदान दे दिया। कुछ नहीं बचा। और इसीलिए देश की जनता ने उनको सरबंस दानी की उपमा दी है। कोई सरकारी पद्मश्री-पद्म विभूषण नहीं है।

अपने पिता, अपनी माता अपने चारों बच्चों का बलिदान करने के बाद भी लड़ाई जारी रखी और जब बाबा बंदा बहादुर ने यहां आकर बदला लिया तब पूरी दुनिया को मालूम पड़ा कि अंत में तो सत्य की ही विजय होती है। सत्य की ही जय होती है। यह जो जुझारूपन है, धर्म के प्रति समर्पण है, मातृभूमि के प्रति प्यार है, पूरे देश के सभी लोगों को जानकारी देने का यह अवसर है।

इस देश पर नवम गुरु के जो उपकार हैं, इनका शुक्राना अदा नहीं हो सकता। कोई भूल नहीं सकता, जब कश्मीर के पंडित उनके पास गए और कहा हमारा जबरन धर्म परिवर्तन हो रहा है। हमें बचाइए आप ही बचा सकते हैं। तब उनके मुख से एक ही वाक्य निकला कि 'ये जुल्म तभी रुकेगा, कि धरती कोई महान आत्मा का बलिदान मांगती है।' और मित्रो, कहते हैं न पूत के लक्षण पालने में दिख जाते हैं। उसी वक्त आठ साल का बालक गोबिंद राय पिता के पास खड़े थे। उन्होंने क्षण का भी विचार किए बगैर कहा कि आपसे महान कौन हो सकता है? अगर बलिदान देना है तो आपको ही देना चाहिए।

और फिर नवम गुरु ने वह महान यात्रा दिल्ली तक की, औरंगजेब को कहा कि धर्म परिवर्तन बंद करो। मुझे अगर धर्म परिवर्तित कर देते हो तो पूरा भारत धर्म परिवर्तन करने के लिए तैयार है। और जो यातनाओं का वर्णन है मैं तो यहां बोलना भी नहीं चाहता। बोल भी नहीं सकता। इतनी यातनाएं सहन करने के बाद भी जुल्मी और अत्याचारी लोगों के सामने अपने मुकद्दस इरादों को कभी उन्होंने पिघलने नहीं दिया। ढेर सारी यातनाएं सहन कर अपना बलिदान दिया। दिल्ली का सीसगंज गुरुद्वारा सैकड़ों साल बाद भी सभी देश भक्तों के लिए सबसे बड़ा तीर्थ स्थान बना हुआ है।



दशम पिता ने तो बड़ा कमाल कर दिया। खालसा पंथ की स्थापना की। मगर मैं हमेशा कहता हूं कि ये नवम गुरु और दशम पिता न होते तो भारत में कोई भी न हिंदू होता न सिख। हमारे सब संस्कार धर्म समाप्त हो जाते। और इसीलिए उनको हिंद की चादर कहा गया। इतने विशाल देश के सभी धर्मों की रक्षा के लिए उन्होंने अपना बलिदान दिया।

वीरता और बलिदान दो अलग गुण हैं। कई वीर होते हैं, इनमें बलिदान का गुण नहीं होता। समर्पण का गुण नहीं होता है। दशम पिता में वीरता थी और बलिदान भी। कभी हार नहीं स्वीकार की। मगर जब दो बेटे चमकौर साहिब में लड़ने के लिए बाहर निकलने के लिए तैयार हुए उन्होंने जरा भी दया-माया दिखाए बगैर हंसते-हंसते कहा- सब जा रहे हैं तुम्हें भी जाना चाहिए। युद्ध का परिणाम तो तय था, चारों ओर समंदर जैसी सेना थी, युद्ध में क्या परिणाम होना था शहीदी ही आनी थी।

इतने विलक्षण योद्धा को यह मालूम नहीं था क्या? उनको मालूम था। मगर उन्होंने कहा कि धर्म के लिए अगर बलिदान की जरूरत है तो मेरे घर से शुरुआत होनी चाहिए। मेरे साहिबजादों द्वारा शुरुआत करनी चाहिए और दोनों साहिबजादे वहां पर शहीद हो गए। हिमालय की तरह अडिग रहकर लड़े। भूख, प्यास, भय, संख्या की विषमता ये सब होने के बावजूद भी लड़े।

और जब दोनों बेटे जिंदा दीवार में चिनवा दिए गए और पिता के मन में कोई भाव नहीं होंगे ऐसा नहीं है। मगर उन्होंने उस भाव को कभी ऊपर नहीं आने दिया।

माता गुजरी ने कैसे पगड़ी बांधकर बच्चों को वहां भेजा होगा। उस मां के हृदय पर क्या गुजरी होगी अपने बेटों को वहां भेजना और इतनी बहादुरी से भेजना कि तुम गुरु गोबिंद सिंह जी के बेटे हो। कहीं झुकना मत, डरना मत, धर्म के लिए अडिग रहना। वह संस्कार बहुत कम लोग अपने बच्चों को दे पाते हैं।

मित्रो, जब उनको समाचार मिला कि चारों साहिबजादे शहीद हो गए हैं, तो एक मां ने इनके सामने सवालिया नजर से पूछा कि अब क्या? मेरा तो कोई बेटा ही नहीं बचा।

तब इस महान व्यक्ति के मुंह से ऐसे ही निकल गया- चार मुए तो क्या हुआ, जीवित कई हजार। बहुत बड़ा मन चाहिए।

## न्यूज कैप्सूल — देश-दुनिया की खबरों पर एक छोटी नजर

### अमृतसर, श्री आनंदपुर साहिब व तलवंडी साबो पवित्र शहरों के रूप में नोटीफाई-भगवंत मान

चंडीगढ़ (सत्ता संदेश)-पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान की ओर से सिखों के धार्मिक महत्त्व रखते तीन शहरों अमृतसर, श्री आनंदपुर साहिब और तलवंडी साबो पवित्र शहरों के रूप में नोटीफाई किया गया है। मुख्यमंत्री मान ने कहा कि उनकी ओर से श्री गुरु तेग बहादर साहिब जी के शहीदी दिवस मौके यह इतिहासिक एलान गुरु साहिब की अपार कृपा सदका संभव हुआ है।

### बलूचिस्तान में महिलाओं को जबरन गायब करने की घटनाओं में वृद्धि

अमृतसर (सत्ता संदेश)-पाकिस्तान के बलूचिस्तान प्रांत में सेना की ओर से महिलाओं को जबरन घायब करने व गैर कानूनी तरीके से हत्या करने के आरोप लग रहे हैं। मिली जानकारी अनुसार मानवाधिकार संगठन की ओर से लगाये गये आरोपों में इसी वर्ष महिलाओं को जबरन गायब करने के 9 मामले दर्ज किये गये हैं।

### न्यूजीलैंड में नगर कीर्तन का विरोध, शिरोमणि कमेटी द्वारा सख्त शब्दों में निंदा

अमृतसर (सत्ता संदेश)-न्यूजीलैंड में पिछले दिनों सजाए नगर कीर्तन का कुछ लोगों द्वारा विरोध करना व हुल्लड़बाजी किये जाने की शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी श्री अमृतसर की ओर से सख्त शब्दों में निंदा की है। एस.जी.पी.सी. प्रधान हरजिंदर सिंह धामी व श्री अकाल तख्त साहिब के कार्यकारी जत्थेदार ज्ञानी कुलदीप ड्क्ससह गडगज ने इस घटना को दुर्भाग्यपूर्ण बताया और केंद्र सरकार को इस संबंधी न्यूजीलैंड सरकार से बातचीत करने की अपील की है।

### रेलवे द्वारा 215 कि.मी. से अधिक यात्रा के किराए में वृद्धि

नई दिल्ली (सत्ता संदेश)-भारतीय रेलवे की ओर से 26 दिसम्बर से रेल टिकट के किराए में वृद्धि की घोषणा की है, जिस तहत अब 215 कि.मी. से अधिका सफर करने वाले यात्रियों को अतिरिक्त किराया अदा करना पड़ेगा। इसी तरह यात्रियों को एक पैसा प्रति कि.मी. अधिक किराया वहन करना होगा। इससे रेलवे की आमदन में लगभग 600 करोड़ रुपये की बढ़ौतरी होगी।

### भारत-न्यूजीलैंड मध्य नया मुक्त व्यापार समझौता

नई दिल्ली (सत्ता संदेश)-भारत व न्यूजीलैंड के मध्य एक नया मुक्त व्यापार समझौता सहीबद्ध किया गया है, जिससे सामान सस्ता होगा, ऐसा अनुमान है। अगले पांच वर्षों दौरान व्यापार को दोगुणा करने का लक्ष्य रखा गया है। यह समझौता दोनों देशों के उद्यमियों, किसानों, एम.एस.एम.ई., विद्यार्थियों के लिए कई नये अवसर भी पैदा करेगा।

### श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी के लापता 326 सरूपों के मामले में एस.आई.टी. का गठन

चंडीगढ़ (सत्ता संदेश)-श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी के लापता हुए 326 सरूपों में दर्ज केस के बाद पंजाब सरकार की ओर से एक एस.ई.टी. का गठन किया गया है, जो इस संवेदनशील मामले की जांच करेगी। हालांकि इसे एस.जी.पी.सी. के प्रधान एडवोकेट हरजिंदर सिंह धामी ने इसे सिखों के धार्मिक मामलों में गैर जरूरी दखलांदाजी बताया है।

सत्ता संदेश

R.N.I. No. PBHIN/25/A4135

पब्लिशर, एडिटर, मालिक जितेंद्र कुमार और प्रिंटर अश्मीत सिंह ने न्यूजपेपर 'सत्ता संदेश' (हिंदी साप्ताहिक) ने मुंजाल प्रिंटर्स 1558/1, अमरपुरा, माता वाली गली, सिविल हस्पताल के पास, लुधियाना, पंजाब – 141008 से छपवाकर अपने आफिस प्लाट 42, वर्धमान पार्क, चंडीगढ़ रोड, मुंडियां कलां, लुधियाना, पंजाब – 141015 से प्रकाशित किया।

Publisher, Editor, Owner JITENDER KUMAR and Printer ASHMEET SINGH Newspaper Title 'SATTA SANDESH' (Hindi Weekly), Printed at MUNJAL PRINTERS 1558/1, AMARPURA MATA WALI GALI, NEAR CIVI HOSPITAL, LUDHIANA, PUNJAB - 141008 and Published from PL 42, VARDHMAN PARK, CHANDIGARH ROAD, MUNDIAN KALAN, LUDHIANA, PUNJAB - 141015.

M. +91 92162 42177
Email : sattasandesh25@gmail.com

# पोह माह ने इतिहास के पन्ने पर छोड़ी अनोखी छाप



*गुरजीत गुरदासपुरी*

**12 पोह को, साहिबजादों को फिर से वजीर खान के दरबार में पेश किया गया। इस दिन, मालेरकोटले के नवाब, शेर मुहम्मद खान, जिसका भाई युद्ध के दौरान मारा गया था , को साहिबजादों और माता गुजर कौर जी के खिलाफ भड़काने की कोशिश की और उस से छोटे साहिबजादों को दंडित करने के लिए कहा।**


सिख इतिहास शुरू से ही सिखों की शहादतों और बलिदानों से भरा पड़ा है। जो लोग सत्य की रक्षा करते हैं उन्हें हमेशा कठिनाइयों और यातनाओं का सामना करना पड़ता है। 6 पोह को जब श्री गुरु गोबिंद सिंह जी ने अपने परिवार और सिंहों के साथ श्री आनंदपुर साहिब का किला छोड़ा, तो मुगल सरकार और पहाड़ी राजाओं ने उन पर पीछे से हमला कर दिया। घमासान का युद्ध सिंहों और मुगल तथा पहाड़ी राजाओं की संयुक्त सेना के बीच हुआ था, युद्ध में मुट्ठी भर सिंह बहादुरी से लड़े थे। मौसम भी कुछ ऐसा था जो आने वाले इतिहास का गवाह बनने वाला था। भारी बारिश और तूफान के दौरान सिरसा नदी पार करते समय, गुरु का पूरा परिवार अलग हो गया था। छोटे साहिबजादे बाबा जोरावर सिंह जी और बाबा फतेह सिंह जी और माता गुजर कौर जी ने 7वीं पोह की ठंडी रात को कुमा माशकी के छन (घर) में गुजारी। आनंदपुर साहिब में रसोइये के रूप में काम करने वाला गंगू बहमन भी उनके साथ था। दूसरी ओर, माता साहिब कौर जी और माता सुंदर कौर जी भाई मणि सिंह के साथ दिल्ली की ओर चले गये। गुरु गोबिंद सिंह जी साहिबजादा बाबा अजीत सिंह जी, बाबा जुझार सिंह, पंज प्यारों और कुछ सिंहों के साथ दिल्ली की ओर चले गए और इतिहास में एक महान युद्ध को अंजाम देने के लिए चमकौर के किले में पहुँच गए। 8 पोह, चमकौर साहिब की भूमि को एक ऐसा युद्ध देखना पड़ा, जिसकी चर्चा दुनिया के अंत तक की जाएगी। चमकौर साहिब की इस लड़ाई में महान साहिबजादे बाबा अजीत सिंह जी, बाबा जुझार सिंह जी, पंज प्यारों में से भाई हिम्मत सिंह जी, भाई मोहकम सिंह जी और भाई साहिब सिंह जी दुश्मनों से लड़ते हुए शहीद हो गए। पोह की 8 और 9 तारीख के बीच की रात को गुरु गोबिंद सिंह जी ने दुश्मनों को चुनौती देते हुए चमकौर साहिब का किला छोड़ दिया और अपने बड़े साहबजादों की शहादत के बाद अकाल पुरख की स्तुति में खिदराने की ढाब माछीवाडे के जंगलों में रात बिताई, जहां उन्होंने 'मित्र प्यारे नू' शब्द बोलकर भगवान की उआज्ञा में रहने की शिक्षा दी।



दशमेश पिता से अलगाव के बाद माता गुज्जर कौर जी और छोटे साहिबजादे गंगू बहमन के गांव खेड़ी पहुंचे जहां रात में गंगू बहमन ने सोने की मुहरों के लालच में उन्हें मोरिंडा के कोतवाल को सौंप दिया। 10 पोह को माता गुजर कौर जी और छोटे साहिबजादों को मोरिंडा की कोतवाली से सरहिंद में वजीर खान की हिरासत में भेज दिया गया। 10 पोह की ठंडी रात माता गुजर कौर जी और छोटे साहिबजादा ने वजीर खान की जेल में ठंडी मीनार बुर्ज में बिताई।

मोती राम मेहरा ने भारी कीमत चुका कर गुरु जी की भूखी माँ और बच्चों को गर्म दूध परोसा। अगले दिन 11 पोह को छोटे साहिबजादों को वजीर खान के दरबार में पेश किया गया। शत्रु के दरबार में न्याय की आशा बेमानी थी। दरबार में पेशी के पहले दिन छोटे साहिबजादों को खूब लालच दिए गए। धर्म परिवर्तन से इनकार करने पर यातना का भय भी दिया गया लेकिन छोटे साहिबजादे अपने निश्चय पर कायम रहे। कचहरी से, छोटे साहिबजादों को ठंडे बुर्ज में वापस भेज दिया गया। 12 पोह को, साहिबजादों को फिर से वजीर खान के दरबार में पेश किया गया। इस दिन, मालेरकोटले के नवाब, शेर मुहम्मद खान, जिसका भाई युद्ध के दौरान मारा गया था , को साहिबजादों और माता गुजर कौर जी के खिलाफ भड़काने की कोशिश की और उस से छोटे साहिबजादों को दंडित करने के लिए कहा। लेकिन मालेरकोटले के नवाब ने छोटे साहिबजादों और माता गुजर कौर जी के पक्ष में नारा देकर इसे इस्लाम के खिलाफ बताया। बदले में अंधे वजीर खान ने अगले दिन छोटे साहिबजादों को दीवारों में जीवित चिनाई का आदेश दिया। रात को अपनी दादी मां के पास जाकर छोटे साहिबजादों ने दरबार में जो कुछ हुआ उसे सुनाया। पोह के 13वें दिन छोटे साहिबजादों को आज्ञा न मानने और धर्म पर अड़े रहने के कारण यातनाएं दीं और नींव में जीवित चुनवा दिया। जब यह खबर माता गुजर कौर जी तक पहुंची तो वह भी सचखंड पियाना कर गए। ऐसी गाथा इतिहास ने अब तक ना सुनी थी ना देखी थी पर दशमेश पिता के परिवार ने देश धर्म की खातिर इसे कर दिखया।

## छात्र संदेश
**कल की आवाज, आज के पन्ने पर**



**शिवानी**
क्लास - +2
गोवेर्मेंट सीनियर सेकंडरी स्मार्ट स्कूल
कुन्दनपुरी, लुधियाना

### नशा मुक्ति



***हमारे*** देश का उज्जवल भविष्य युवाओं पर टिका होता है। अगर देश की युवा पीढ़ी ही गलत रास्ते पर जाने लगे तो निश्चित ही उनका भविष्य अंधकार में चला जाता है। हमारे देश के युवा वर्ग को जिन्दगी के हर पहलु को जीने की इच्छा होती है। युवा वर्ग नशे को अपनी शान समझते हैं और वे शराब, तम्बाकू, बीड़ी, सिगरेट का नशा करते हैं। उनकी पार्टी नशे के बगैर अधूरी है। आजकल के हमारे युवा को और कई व्यस्क लोग भी सिगरेट या शराब का सेवन करते हुए दिखाई देते हैं। उन्हें यह समझ नहीं आता कि किसी भी प्रकार का नशा उनके लिए आगे चलकर हानिकारिक और जानलेवा साबित हो सकता है। आजकल युवा वर्ग के लिए नशा एक फैशन बन गया है। आजकल उनके लिए नशा अमृत के समान बन चुका है। हमारे भारत देश में शराब और सिगरेट का करोड़ों रुपये का कारोबार होता है। सिगरेट के पैकेट्स पर नो स्मोकिंग लिखा होता है, लेकिन फिर भी रोज कम उम्र के युवा इसका भरपूर सेवन करते हैं। धूम्रपान या शराब का सेवन स्वास्थ्य के लिए हानिकारक होता है। तम्बाकू, खैनी और गुटखा से मुंह का कैंसर हो जाता है। कई सार्वजनिक जगहों पर धूम्रपान करना वर्जित होता है, लेकिन कुछ लोग किसी की सुनते नहीं। उनको सिर्फ अपने मन की करनी होती है। यह सब करने में उनको एक अलग आनंद की अनुभूति होती है, लेकिन उनका यह नहीं पता कि यह उनके लिए कितना घातक सिद्ध हो सकता है। इसलिए इस तरह के नशों के सेवन से हमें दूर रहना चाहिए।

# दुनिया के लिए खतरे की घंटी- ईरान का जल संकट और सूखती धरती



**मुकुल व्यास**
**लेखक विज्ञान संबंधी मामलों के जानकार हैं**

प्रकृति ने हमें ग्लेशियरों और भूजल के रूप में एक 'प्राचीन ट्रस्ट फंड' दिया था, जिसे आपातकाल या सूखे के समय उपयोग किया जाना चाहिए था। लेकिन दुर्भाग्यवश, आधुनिक समाज इस अनमोल कोष को बिना सोचे-समझे लुटा रहा है। हम न केवल पानी का अत्यधिक दोहन कर रहे हैं, बल्कि बारिश के दिनों में जल प्रणालियों को पुनर्जीवित करने की दिशा में भी उदासीन हैं। यही लापरवाही आज मीठे पानी के वैश्विक संकट का आधार बन गई है।

***ईरान–*** एक उजड़ती राजधानी का सबक वर्तमान में ईरान भीषण जल संकट का जीवंत उदाहरण है। हालात इस कदर बिगड़ चुके हैं कि राजधानी तेहरान को खाली करने तक की नौबत आ गई है। इसके पीछे के कारण वैश्विक स्तर पर एक जैसे ही हैं–पुराना और जर्जर बुनियादी ढांचा, नदियों पर बांधों की अनियंत्रित संख्या, प्रशासनिक कुप्रबंधन और जलवायु परिवर्तन के कारण बढ़ता तापमान। साल-दर-साल पड़ रहे सूखे ने जलाशयों को खाली कर दिया है, जिससे जल सुरक्षा पूरी तरह चरमरा गई है।



***उपग्रहों की चेतावनी–*** गायब होता ताज़ा पानी नासा और जर्मन उपग्रहों के दो दशकों के आंकड़े चौंकाने वाले हैं। 2002 के बाद से दुनिया के महाद्वीपों पर ताजे पानी की मात्रा में अभूतपूर्व कमी आई है। एरिजोना स्टेट यूनिवर्सिटी के शोध के अनुसार, उत्तरी गोलार्ध में चार बड़े शुष्क क्षेत्र उभर रहे हैं, जिनमें उत्तर-पश्चिम भारत भी शामिल है। यह शुष्कता कैलिफोर्निया के आकार से दोगुनी रफ्तार से हर साल बढ़ रही है।

चिंताजनक तथ्य यह है कि दुनिया की 75त्न आबादी उन 101 देशों में रह रही है, जो पिछले 22 वर्षों से पानी की किल्लत झेल रहे हैं। शोधकर्ताओं ने पाया कि भूमि से होने वाली कुल जल हानि में 68% हिस्सा अकेले भूजल का है। यह नुकसान समुद्र के स्तर को बढ़ाने में ग्रीनलैंड और अंटार्कटिका की पिघलती बर्फ के संयुक्त योगदान से भी अधिक है।

उलटा जल-चक्र और भविष्य की चुनौतियां वैज्ञानिकों का कहना है कि 2014-15 के 'महा अल-नीनो' के बाद से स्थितियां और बिगड़ी हैं। अब सूखे का प्रभाव दक्षिणी गोलार्ध से हटकर उत्तरी गोलार्ध (यूरोप, रूस और कनाडा) की ओर बढ़ रहा है। यदि भूजल का इसी तरह अति-उपयोग जारी रहा, तो यह केवल जल संकट नहीं, बल्कि वैश्विक खाद्य संकट और अस्थिरता को जन्म देगा।

***निष्कर्ष–*** नीतिगत बदलाव ही एकमात्र विकल्प यह अध्ययन नीति निर्माताओं के लिए एक 'वेक-अप कॉल' है। हमें केवल जलवायु परिवर्तन को कम करने की ही नहीं, बल्कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भूजल प्रबंधन की नई और कठोर नीतियां लागू करने की तत्काल आवश्यकता है। यदि हम आने वाली पीढ़ियों के लिए जल बचाना चाहते हैं, तो हमें इस 'ट्रस्ट फंड' को हल्के में लेना बंद करना होगा और जल संरक्षण को एक वैश्विक अभियान बनाना होगा।

# कैलाश खेर के लाइव शो में मचा हंगामा, भीड़ हुई बेकाबू

## सिंगर बोले जानवरगिरी ना करिए...

*ग्वालियर*-फेमस सिंगर कैलाश खेर के ग्वालियर में आयोजिक लाइव शो में भीड़ बेकाबू होने के बाद हंगामा मच गया। हालात इतने बिगड़ गए कि कैलाश खेर को बीच में ही अपनी परफॉर्मेंस रोकनी पड़ी और लोगों से संयम बरतने की अपील करनी पड़ी। कैलाश खेर ग्वालियर गौरव दिवस के मौके पर आयोजित बॉलीवुड नाइट में परफॉर्म करने पहुंचे थे। इस कार्यक्रम में कैलाश खेर अपनी प्रस्तुति दे रहे थे, तभी अचानक भीड़ बेकाबू हो गई और बैरिकेड्स फांदकर मंच की ओर बढने लगी। कई लोग स्टेज तक पहुंचने की कोशिश करते नजर आए। इस वजह से कैलाश खेर को अपना गाना बीच



में ही रोकना पड़ा। कैलाश खेर ने अपनी नाराजगी जताते हुए मंच से कहा, हमारे इक्विपमेंट के निकट नहीं आएं, अगर आए तो हम शो बंद कर देंगे। हमने आपकी प्रशंसा की और आप जानवरगीरी कर रहे हैं। इसके बावजूद हालात सामान्य नहीं हो सके। जब स्थिति और बिगडने लगी तो कैलाश खेर ने मंच से पुलिस अधिकारियों के पास आकर व्यवस्था संभालने का अनुरोध भी किया। इसके बाद पुलिस ने हालात को काबू में किया। राहत की बात यह है कि इस घटना में किसी के घायल होने की खबर नहीं है। बता दें कि ग्वालियर व्यापार मेला मैदान पर आयोजित कैलाश खेर के लाइव शो देखने के लिए हजारों की संख्या में लोग पहुंचे थे। अपने सूफी और इंडियन फोल्क गानों के लिए मशहूर कैलाश खेर ने अपने कई हिट गाने गाकर समां बांध दिया।

# देश भर में 'मनरेगा बचाओ अभियान' शुरू करेगी कांग्रेस

नई दिल्ली-कांग्रेस ने 'महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम' (मनरेगा) के विषय पर मोदी सरकार को घेरने की रणनीति के तहत आगामी 5 जनवरी से देशव्यापी स्तर पर 'मनरेगा बचाओ अभियान' शुरू करने का फैसला किया है। पार्टी ने उम्मीद जताई है कि इस मुद्दे पर विपक्षी दल एकसाथ खड़े होंगे। पार्टी के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने दावा किया कि मनरेगा खत्म करने का फैसला सीधे प्रधानमंत्री मोदी ने किया और ऐसा करते समय ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान तथा कैबिनेट से विचार-विमर्श नहीं किया गया।कांग्रेस की शीर्ष नीति निर्धारण इकाई कार्यसमिति (सीडब्ल्यूसी) की बैठक में मनरेगा पर विस्तार से चर्चा हुई। बैठक में शामिल 91 नेताओं ने मनरेगा की रक्षा करने और इसके लिए एक बड़ा आंदोलन खड़ा करने की शपथ ली। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे की अध्यक्षता में हुई बैठक में कांग्रेस संसदीय दल की प्रमुख सोनिया गांधी, लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी, महासचिव केसी वेणुगोपाल, जयराम रमेश, लोकसभा सदस्य शशि थरूर, कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धरमैया, तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी, हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू और कई अन्य वरिष्ठ नेता शामिल हुए।

# क्या 2026 में सस्ता होगा सोना

## चांदी ने भी चौंकाया, क्यों बन रहे हैं निवेशकों की पसंद

सोने को हमेशा से सुरक्षित निवेश माना जाता है। इस साल अब तक करीब 67त्न चढ़ चुका है। चांदी की कीमतों में 1 लाख रुपये से अधिक की तेजी देखने को मिली है। अब लोगों के मन में यह प्रश्न उठने लगा है कि क्या 2026 में सोना-चांदी की कीमतों में गिरावट देखने को मिलेगी। दुनिया में बढ़ते तनाव, ब्याज दरों में कटौती और डॉलर की कमजोरी के कारण सोने की कीमतें रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गई है। सोमवार की बात करें तो देशभर में सोने के भाव में एक बार फिर बढ़त हुई है। इसके बाद सोना 1190 रुपए महंगा हुआ है। चांदी 5710 रुपए महंगी हुई है। भारत में भी सोना ऑलटाइम हाई पर है और निवेशकों की सुरक्षित विकल्प के तौर पर इसमें रुचि बढ़ी है। चांदी भी रिकॉर्ड तोडने में पीछे नही है। चांदी की कीमतों में जबरदस्त तेजी आई। एमसीएक्स पर सिल्वर में 2.39 प्रतिशत की बढ़त देखने को मिली और चांदी 2,13,412 रुपए प्रति किलोग्राम पर पहुंच गया। इंटरनेशनल मार्केट में सिल्वर स्पॉट के दाम में 2.7 प्रतिशत की बढ़ आई और चांदी ने ऐतिहासिक कीमत 4391.92 डॉलर प्रति औंस का आंकड़ा छू लिया।



### क्या अमेरिका है कारण

दुनियाभर के अलग-अलग कोनों में हो रहे युद्ध, अमेरिका की ओर से ट्रेड डील में हो रही देरी से सोने की कीमतें लगातार बढ़ रही है. कमजोर डॉलर, (जियोपॉलिटिकल टेंशन ने सोने को निवेशकों का सबसे भरोसेमंद साथी बना दिया है। सोने-चांदी की कीमत में आ रही इस जबरदस्त तेजी के पीछे अमेरिका बड़ा कारण बनकर सामने आ रहा है। अमेरिकी फेडरल रिजर्व की ओर से एक बार फिर से ब्याज दरों में कटौती की संभावना है। ब्याज दर में कटौती की उम्मीद बढने के साथ ही निवेशकों का रुझान सेफ हैवन गोल्ड-सिल्वर की ओर बढ़ गया है। ब्याज दरों में कटौती की हलचल ने सोने-चांदी की मांग और कीमत दोनों को बढ़ा दिया है।

### क्या 2026 में घटेंगी कीमतें

अब क्या अगले साल सोने की कीमतों में कुछ राहत मिल सकती है तो विश्लेषकों का मानना है कि सोने की कीमत में फिलहाल बड़ी गिरावट की उम्मीद नहीं के बराबर है। अमेरिका में फेडरल रिजर्व की ओर से ब्याज दरों में इसी तरह कटौती होती रही तो साल 2026 में गोल्ड की कीमत 4,000 डॉलर से 4,500 डॉलर प्रति औंस तक रह सकता है। हालांकि प्रॉफिट बुकिंग के चलते बीच-बीचे में मामूली गिरावट देखने को मिल सकती है।

# घने कोहरे में ताज महल गायब, पर्यटक मायूस

*आगरा*- उत्तर प्रदेश के कई शहर इन दिनों घने कोहरे और शीतल हर की चपेट में हैं। घने कोहरे के कारण आगरा में ताजमहल पूरी तरह धुंध में छिप गया। दूर से देखने पर ऐसा लग रहा था जैसे ताजमहल वहां मौजूद ही न हो। इस कोहरे के कारण सुबह के समय पूरे शहर में विजिबिलिटी काफी कम हो गई है। इससे यहां ताज के दीदार के लिए आए पर्यटक खासे मायूस है। सूर्य की पहली किरणों में ताजमहल का नजारा देखना बेहद



दिलचस्प होता है। हालांकि मौसम की मार ने पर्यटकों को इसका लुत्फ नहीं उठाने दिया। ताजमहल के मुख्य द्वार से लेकर मुख्य गुंबद तक कुछ भी साफ दिखाई नहीं दे रहा था। चारों ओर फैली धुंध ने दृश्यता बेहद कम कर दी। इस वजह से पर्यटक ताजमहल के साये में फोटोग्राफी भी नहीं कर सके। सोशल मीडिया पर एक वीडियो जमकर वायरल हो रहा है। इसमें ताजमहल लगभग पूरी तरह से गायब नजर आ रहा है और सिर्फ सफेद धुंध ही दिखाई दे रही है। गौरतलब है कि साल के आखिरी दिनों में बड़ी संख्या में पर्यटक देशभर से आगरा पहुंच रहे हैं। हालांकि कोहरे की वजह से इन्हें मायूस होना पड़ा है क्योंकि पर्यटक कोहरे की वजह से ताज महल की तस्वीर नहीं ले पा रहे हैं। मौसम विभाग के अनुसार, आने वाले दिनों में भी सुबह कोहरा बना रह सकता है।

# सिरमौर का निशांत बना एसडीएम, नादौन में संभाला कार्यभार

*नाहन*- राजगढ़ क्षेत्र की पझौता घाटी के गांव हाब्बन के होनहार युवा निशांत शर्मा ने हिमाचल प्रशासनिक सेवाओं में चयनित होकर एसडीएम के रूप में नादौन में कार्यभार संभाल लिया है। ग्रामीण परिवेश से निकलकर प्रशासनिक सेवा तक पहुंचने वाले निशांत शर्मा की यह उपलब्धि क्षेत्र के युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत है। वर्तमान में नादौन




निशांत शर्मा

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू का निर्वाचन क्षेत्र भी है। निशांत शर्मा का जन्म वर्ष 1989 में हुआ। उनके पिता देशराज शर्मा व्यवसायी हैं, जबकि माता निर्मल शर्मा एक शिक्षिका रही हैं। उन्होंने प्रारंभिक शिक्षा गांव हाब्बन से प्राप्त की। इसके बाद डिग्री कॉलेज सोलन से बीएससी तथा हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय से लोक प्रशासन में मास्टर डिग्री हासिल की। हिमाचल प्रदेश लोक सेवा आयोग की सिविल सेवा परीक्षा उत्तीर्ण करने के बाद उन्होंने चौपाल में खंड विकास अधिकारी के रूप में सेवाएं शुरू कीं। इसके बाद गोहर, सुजानपुर टीहरा, टूटू और नादौन में बतौर बीडीओ उन्होंने उत्कृष्ट कार्य किया। वर्ष 2020 में उन्हें मनरेगा पार्क के लिए स्कॉच ऑर्डर ऑफ मैरिट अवार्ड मिला।

# पंजाब राज्यपाल गुलाब चंद कटारिया को सोशल मीडिया पर धमकी हैरानीजनक!

उदयपुर-पंजाब के राज्यपाल गुलाब चंद कटारिया को सोशल मीडिया पर धमकी दिए जाने का मामला सामने आया है। क्षत्रिय करणी सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष राज शेखावत के नाम से किए गए एक पोस्ट में कटारिया के खिलाफ आपत्तिजनक और हिंसक भाषा का प्रयोग किया गया है। यह धमकी 3 दिन पहले उदयपुर जिले के गोगुंदा क्षेत्र में महाराणा प्रताप को लेकर दिए गए कटारिया के बयान के बाद सामने आई है। उक्त बयान को लेकर विभिन्न संगठनों और लोगों में नाराजगी



देखी जा रही है। सोशल मीडिया पर कुछ लोग धमकी भरे पोस्ट का समर्थन करते भी नजर आए, जिससे मामले की गंभीरता और बढ़ गई है। हालांकि, अब तक राज्यपाल गुलाब चंद कटारिया की ओर से इस संबंध में कोई औपचारिक शिकायत दर्ज नहीं कराई गई है। कटारिया ने भी इस मामले में टिप्पणी करने से इंकार किया है। इधर, उदयपुर पुलिस अधीक्षक योगेश गोयल ने बताया कि मामला उनके संज्ञान में आया है और सोशल मीडिया पोस्ट की जांच की जा रही है।

# हैदराबाद में पति ने पत्नी को जिंदा जलाया: 6 साल की मासूम को भी आग में धकेला; आरोपी फरार

*हैदराबाद* - हैदराबाद में पति ने पत्नी को जिंदा जला दिया। 6 साल की बच्ची मां को बचाने पहुंची तो आरोपी ने बच्ची को भी आग में धकेल दिया। लेकिन वह बच गई। उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। यह घटना नल्लकुंटा इलाके में हुई। आरोपी वेंकटेश अपनी पत्नी त्रिवेणी पर शक करता था। इसको लेकर उनके बीच आए दिन विवाद होता रहता था। 24 दिसंबर को आरोपी ने बच्ची के सामने ही पत्नी के साथ मारपीट की। उसने पेट्रोल डालकर आग लगा दी। बच्ची ने मां को बचाने की कोशिश की, तो आरोपी ने उसे भी आग में धक्का दे दिया।

# डॉक्टर की बर्खास्तगी को लेकर अनिश्चितकालीन हड़ताल कारण राज्य भर में आई.जी.एम.सी. सहित चिकित्सा सेवाएं ठप्प

*शिमला*-हिमाचल प्रदेश में एक डॉक्टर की बर्खास्तगी के विरोध में रेजिडेंट डॉक्टरों की अनिश्चितकालीन हड़ताल के चलते शनिवार को कई सरकारी अस्पतालों में, आपात सेवाओं को छोड़कर, चिकित्सा सेवाएं बुरी तरह प्रभावित रहीं। इंदिरा गांधी मैडीकल कॉलेज (आई.जी.एम.सी.), शिमला समेत राज्य के अन्य अस्पतालों में ओपीडी, नियमित उपचार और वैकल्पिक सर्जरी बंद रहने से मरीजों और उनके परिजनों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। हिमाचल प्रदेश सरकार के प्रीमियर स्वास्थ्य संस्थान इंदिरा गांधी मेडिकल कॉलेज व अस्पताल आईजीएमसी शिमला के रेजिडेंट डॉक्टर राघव निरूला की टर्मिनेशन के खिलाफ प्रदेशभर के डॉक्टर शनिवार से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले गए हैं। इससे रक्ज्य में स्वास्थ्य सेवाएं चरमरा गई हैं। रेजिडेंट डॉक्टरों की हड़ताल को देखते हुए हिमाचल प्रदेश चिकित्सा शिक्षा विभाग ने राज्य के सभी मेडिकल कॉलेज के लिए एसओपी जारी की है ताकि रोगियों को किसी भी प्रकार की सुविधा का सामना न करना पड़े। हड़ताल के पहले दिन थोड़ी राहत की बात यह रही कि मेडिकल कालेजों में कुछेक असिस्टेंट प्रोफेसर, एसोसिएट और प्रोफेसर ओपीडी में मरीजों को देख रहे हैं। रेजिडेंट डॉक्टरों की हड़ताल के कारण असपगलों में रूटीन ऑपरेशन बंद हो गए हैं। हालांकि इमरजेंसी में ऑपरेशन जारी है। आई.जी.एम.सी. शिमला में रेजिडेंट डॉक्टर एसोसिएशन ने प्रदर्शन भी किया और बर्खास्त डॉक्टर राघव नरूला की सेवाएं बहाल करने कज मांग की। आरडीए के अध्यक्ष डॉक्टर सोहिल शर्मा ने कहा कि मारपीट मामले में आरोपी डॉक्टर का पक्ष नहीं देखा गया है और एकतरफा आदेश जारी किए गए हैं। उन्होंने कहा कि एसोसिएशन की मांग है कि डॉक्टर राघव का टर्मिनेशन रद्द किया जाए और अस्पतालों में डॉक्टरों की सुरक्षा को लेकर सख्त कदम उठाए जाएं। इस बीच, डारेक्टर मेडिकल एजुकेशन एवं रिसर्च डिपार्टमेंट ने स्टेंडर्ड ऑपरेटिंग प्रोसीजर जारी की है। इनमें कहा गया है कि रेजिडेंट डॉक्टरों की हड़ताल के दौरान मेडिकल कॉलेजों और अस्पतालों में इलाज व पढ़ाई बाधित नहीं होनी चाहिए और इमरजेंसी में ऑपरेशन चलते रहेंगे। एस.ओ.पी. में कहा गया है कि सभी मेडिकल कॉलेजों में प्रिंसिपल मेडिकल, सुपरिटेंडेंट डिप्टी एमएस और प्रशासनिक कार्य से जुड़े अन्य सभी डॉक्टर ड्यूटी पर मौजूद रहेंगे और कोई भी डॉक्टर छुट्टी पर नहीं जाएगा। एसओपी में यह भी निर्देश प्रिंसिपलों को दिए गए हैं कि वह शीतकालीन अवकाश पर गए डॉक्टरों को हड़ताल को देखते हुए वापस ड्यूटी पर बुलाने के विकल्प पर भी विचार करें। इस बीच, आर.डी.ए. के समर्थन ने हिमाचल मेडिकल ऑफिसर एसोसिएशन, स्टेट एसोसिएशन ऑफ मेडिकल एंड डेंटल कॉलेज टीचर्स सैमडीकॉट और राज्य के सभी मेडिकल कालेजों की आरडीए भी आ गई है। इस कारण स्वास्थ्य सेवाएं ज्यादा प्रभावित हुई हैं।

## क्या है डॉक्टरों की मांग......

डॉक्टरों की मांग है कि डॉ. राघव नरूला के खिलाफ टर्मिनेशन की कार्रवाई को निरस्त की जाए और आईजीएमसी परिसर के भीतर भीड़ द्वारा डराने-धमकाने के मामले में दोषियों के खिलाफ एफ.आई.आर. दर्ज की जाए। ये भी मांग है कि डॉ. राघव को जान से मारने की धमकी तथा उन्हें देश छोडने के लिए मजबूर करने वाले नरेश नामक युवक पर मामला दर्ज हो और अस्पतालों में डॉक्टरों की सुरक्षा सुनिश्चत की जाए।

# खाप पंचायत का फैसला- 18 से कम उम्र के बच्चों के स्मार्टफोन फोन रखने पर प्रतिबंध

*बागपत* - उत्तर प्रदेश के बागपत जिले में शनिवार को हुई खाप पंचायत में 18 वर्ष से कम आयु के बच्चों को स्मार्टफोन रखने और सार्वजनिक स्थानों पर हाफ पैंट पहनने पर रोक लगाने का निर्णय किया गया। साथ ही पंचायत में बारात घर में विवाह के आयोजन पर यह कहते हुए आपत्ति की गई कि विवाह गांवों और घरों में होने चाहिए।

खाप ने लड़कों के लिए कुर्ता पायजामा और लड़कियों के लिए सलवार कुर्ता की वकालत की। थाम्बा पट्टी मेहर देशखाप के चौधरी बृजपाल सिंह और खाप चौधरी सुभाष चौधरी ने पंचायत में लिए गए निर्णयों की जानकारी देते हुए बताया कि खाप चौधरियों का मानना है कि लड़के और लड़कियां समाज में समान हैं और अनुशासन के नियम दोनों पर समान रूप से लागू होने चाहिए।

# 20 साल के लम्बे अर्से के बाद उद्धव-राज ठाकरे की पार्टी में हुआ गठबंधन

## कहा, साथ मिलकर लड़ेंगे बी.एम.सी. चुनाव

मुंबई, (सत्ता संदेश)-कई महीनों से जारी अटकलों पर विराम लगाते हुए शिवसेना (उद्धव बाला साहेब



ठाकरे) बुधवार प्रमुख उद्धव ठाकरे और महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (मनसे) के अध्यक्ष राज ठाकरे ने 15 जनवरी को बृहन्मुंबई महानगरपालिका (बी.एम.सी.) के चुनाव से पहले बुधवार को अपनी पार्टियों के गठबंधन की घोषणा की। राज ठाकरे के साथ संयुक्त संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए उद्धव ठाकरे ने कहा कि दो दल साथ रहने के लिए एकसाथ आए हैं। और उद्धव और राज ठाकरे ने बी.एम.सी. हैं। चुनाव एक साथ लड्ने का ऐलान किया। करीब 20 साल बाद दोनों की पार्टी शिवसेना (उद्धव) और मनसे में चुनावी गठबंधन हुआ है। दोनों ने कहा कि वे 'मराठी मानुष' महाराष्ट्र के हित के लिए एकजुट हुए उद्धव और राज ठाकरे दोनों चचेरे भाई हैं। राज ठाकरे ने हालांकि बी.एम.सी. चुनाव में दोनों पार्टियों के बीच सीट बंटवारे की विस्तृत जानकारी सांझा नहीं की। राज ने कहा कि मुंबई का महापौर मराठी होगा और वह हमारा होगा, वहीं उद्धव ने कहा कि दोनों पार्टियों ने नासिक नगर निगम के लिए सीटों के बंटवारे को अंतिम रूप दे दिया है। उन्होंने कहा कि अन्य नगर निकायों में दोनों पार्टियों के बीच गठबंधन को लेकर बातचीत जारी है।

## 2 परिवारवादी दल हार के डर से साथ आए-भाजपा

भाजपा ने गत बुधवार कहा कि आगामी बी.एम.सी. चुनावों में हार के डर से 2 परिवारवादी दल एकजुट हो गए हैं। शिवसेना (उबाठा) प्रमुख उद्धव ठाकरे और महाराष्ट्र नव निर्माण सेना (मनसे) अध्यक्ष राज ठाकरे द्वारा अपनी पार्टियों के गठबंधन की घोषणा के बाद भाजपा ने यह टिप्पणी की। इस घटनाक्रम पर प्रतिक्रिया देते हुए भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता प्रदीप भंडारी ने कहा कि हार के डर से उन्होंने गठबंधन कर लिया है। मुंबई की जनता राजग-भाजपा गठबंधन के तहत विकास को चुनना चाहती है।

# दिल्ली में 13 साल की नाबालिग से गैंगरेप: दो आरोपी गिरफ्तार

नई दिल्ली- दिल्ली पुलिस ने 13 साल की नाबालिग से गैंगरेप के आरोप में 2 लोगों को गिरफ्तार किया है। इनमें एक प्राइवेट बैंक का कर्मचारी भी है। ये घटना आउटर दिल्ली के समयपुर बादली में हुई। पुलिस के मुताबिक, आरोपियों ने नाबालिग को जबरदस्ती शराब पिलाई और फिर गैंगरेप किया। यह घटना शनिवार की है। बताया जा रहा है कि आरोपी, पीड़िता को अपने घर लेकर गया था। पुलिस ने दोनों आरोपियों की पहचान कर ली है। एक आरोपी 28 साल का नरोत्तम है, जिसका राजा विहार एरिया में सैलून है और पास में ही घर है। वह पीड़िता और उसके परिवार को पहले से ही जानता है।

# नव वर्ष समारोह के लिए दिल्ली के रेस्तरां में बढ़ाए जा रहे सुरक्षा के उपाय

नई दिल्ली-नव वर्ष के जश्न में राजधानी दिल्ली में भारी भीड़ जुटने की आशंका को देखते हुए, यहां के रेस्तरां और क्लब अग्निरोधी उपायों एवं लोगों की सुरक्षा के लिए व्यवस्था को चाक चौबंद कर रहे हैं। इनमें अतिरिक्त कर्मचारियों की तैनाती तथा नियमित तौर पर मॉक ड्रिल आयोजित करना शामिल है।

अधिकारियों के अनुसार, आगामी नव वर्ष समारोहों को ध्यान में रखते हुए दिल्ली दमकल विभाग द्वारा रेस्तरां, होटल और क्लब की शहर भर में शुरू की गई निरीक्षण मुहिम के बाद सतर्कता और बढ़ा दी गई है। निरीक्षण का मुख्य उद्देश्य अग्निशमन उपकरणों की कार्यक्षमता, आपातकालीन निकास की सुगमता और भवन से जुड़े नियमों के अनुपालन की जांच करना है।

# उन्नाव दुष्कर्म मामले में कुलदीप सेंगर की सजा निलंबन पर पीड़िता देगी अब जमानत को चुनौती

उन्नाव/नई दिल्ली-उन्नाव दुष्कर्म पीड़िता ने पूर्व भाजपा विधायक कुलदीप सिंह सेंगर की उम्रकैद की सजा निलंबित करने और जमानत

**पीड़िता की मां ने कहा हमें मौत दे दो या जेल वरना दुष्कर्मी से हम नहीं बचेंगे...**

के फैसले को अपने परिवार के लिए काल (मौत) बताया है। वे फैसले को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती देंगी। हालांकि, पिता की हिरासत में मौत के मामले में मिली सजा के कारण सेंगर अभी जेल में ही रहेगा। पीड़िता ने कहा, मेरे परिवार, वकीलों और गवाहों की सुरक्षा पहले ही हटा ली गई। ऐसे मामले में भी जमानत दी जाती है तो देश की बेटियां कैसे



सुरक्षित रहेंगी? मुझे बस न्याय चाहिए। पीड़िता की मां ने कहा, सेंगर की बेल रद्द होनी चाहिए। हम सुरक्षित नहीं हैं। हमें या तो जेल भेज दें या मार दें। हम जान दे देंगे... या हमें मार दिया जाएगा। इससे पहले, हाई कोर्ट का फैसला आने के बाद पीड़िता और उनकी मां ने दिल्ली में प्रदर्शन किया। महिला अधिकार कार्यकर्ता योगिता भयाना ने बताया, मंगलवार रात इंडिया गेट पर प्रदर्शन के दौरान पीड़िता की मां को हटा दिया गया और पीड़िता से का-मुक्की हुई। धक्का-मुक्की में पीड़िता को चोट भी लगी। भयाना ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो साझा किया, जिसमें पीड़िता कह रही हैं कि वह वकील से मिलने निकली थीं, लेकिन सीआरपीएफ वाले उन्हें वापस भेजने की कोशिश कर रहे थे। वहीं, दिल्ली पुलिस ने कहा, रात 8.45 बजे प्रदर्शनकारियों को इंडिया गेट से हटाकर बस में बैठाया गया और कोई कार्रवाई नहीं हुई।

* दुष्कर्म के बाद हिरासत में पिता की मौत, ट्रक ने दो मौसी व वकील को कुचला...
* *4 जून 2017*-नाबालिग पीड़िता सेंगर से नौकरी मांगने उनके घर गई। दुष्कर्म के दो दिन बाद अपहरण।
* *20 जून 2017*-पीड़िता और पिता ने एफ.आई.आर. दर्ज कराई।
* *3 अप्रैल 2018*-सेंगर के लोगों की शिकायत पर पीड़िता के पिता आर्म्स एक्ट में गिरफ्तार किए गए।
* *8 अप्रैल 2018*-पीड़िता ने मुख्यमंत्री आवास के बाहर आत्मदाह का प्रयास किया।
* *9 अप्रैल 2018*-पीड़िता के पिता की पुलिस हिरासत में मौत।
* *10 अप्रैल 2018*-एस.आई.टी. बनी।
* *12 अप्रैल 2018*-दुष्कर्म, हिरासत मौत की जांच सी.बी.आई. को सौंपी।
* *2018*-पिता की मौत का गवाह यूनुस संदिग्ध परिस्थिति में मृत।
* *4 जुलाई 2019*-पीड़िता के चाचा को पुराने केस में 10 साल की सजा सुनाई गई।
* *28 जुलाई 2019*-ट्रक की टक्कर से पीड़िता की दो मौसियों की मौत, पीड़िता, वकील घायल।
* *1 अगस्त 2019*-सुप्रीम कोर्ट ने केस यूपी से दिल्ली भेजे।
* *दिसंबर 2019*-सेंगर को उम्रकैद, 25 लाख रुपये जुर्माने की सजा दी।
* *दिसंबर 2020*-दुर्घटना में घायल वकील की इलाज के दौरान मौत।
* *23 दिसंबर 2025*-हाई कोर्ट से उम्रकैद की सजा निलंबित, बेल।

### हाई कोर्ट का आदेश-सुरक्षा देना राज्य और एजेंसियों का काम है

दिल्ली हाईकोर्ट ने जमानत देते हुए कहा कि प्रथम दृष्टया सेंगर के खिलाफ पॉक्सो एक्ट की धारा 5 (सी) लागू नहीं होती, क्योंकि विधायक इस कानून में पब्लिक सर्वेंट नहीं माना जा सकता। इस स्थिति में पॉक्सो की धारा 4 ल होती है, जिसमें न्यूनतम सजा सात साल है। सेंगर 7 साल 5 महीने जेल में रह चुका है। पीड़िता की सुरक्षा पर कोर्ट ने कहा, खतरे की आशंका पर जेल में नहीं रखा जा सकता। पीड़िता की सुरक्षा राज्य व सुर एजेंसियों की जिम्मेदारी है।

### पीड़िता से मिले राहुल ने कहा-हम मृत समाज बनते जा रहे है....

उन्नाव की दुष्कर्म पीड़िता ने बुधवार को नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी से उनके आवास पर मुलाकात कर न्याय दिलाने की मांग की है। वहीं, राहुल गांधी ने सोशल मीडिया पर लिखा मि बलात्कारियों को जमानत और पीड़िता अपराधियों जैसा व्यवहार-ये कैसा न्याय है? ऐसी अमानवीय घटनाओं से हम मृत समाज बनते जा रहे हैं।


### यूपी के मंत्री की बेशर्म हंसी...घर तो उन्नाव है, इंडिया गेट.....

उत्तर प्रदेश सरकार के मंत्री ओम प्रकाश राजभर ने इंडिया गेट पर प्रदर्शन से हटाई गई दुष्कर्म पीड़िता, मां की हंसी उड़ाई है। पत्रकारों के सवाल पर राज भर ने मीडिया से कहा कि कोर्ट ने व्यवस्था दी है कि सेंगर जी पीड़िता के परिवार से 5 किमी दूर रहेंगे। घर तो उनका उन्नाव है, इंडिया गेट से ले गए...यह कहकर राजभर ने विधानसभा के बाहर ठहाका लगाया।



## महारानी अहिल्याबाई होल्कर की जीवनगाथा पर बनेगी भव्य फिल्म, अनुष्का शेट्टी के नाम की चर्चा

फिल्म इंडस्ट्री में ऐतिहासिक और बायोपिक फिल्मों का चलन लगातार बढ़ता जा रहा है। इसी कड़ी में अब एक नई बायोपिक फिल्म की तैयारी शुरू हो गई है, जो भारतीय इतिहास की महान शासिका महारानी अहिल्याबाई होल्कर के जीवन पर आधारित होगी। यह फिल्म महारानी अहिल्याबाई की 300वीं जयंती के अवसर पर घोषित की गई है। फिल्म का निर्देशन अभिनेता-निर्देशक देव मनेरिया कर रहे हैं। अनाउंसमेंट के दौरान उन्होंने बताया कि यह प्रोजेक्ट लंबे समय से उनके दिल के करीब रहा है और अब इसे बड़े स्तर पर दर्शकों तक पहुंचाने की योजना बनाई जा रही है। फिल्म की लीड एक्ट्रेस को लेकर चर्चाएं तेज हैं। इंडस्ट्री सूत्रों की मानें तो



महारानी अहिल्याबाई की भूमिका के लिए साउथ सिनेमा की चर्चित अभिनेत्री अनुष्का शेट्टी के नाम पर विचार किया जा रहा है। हालांकि मेकर्स की ओर से अभी इस पर आधिकारिक पुष्टि नहीं की गई है, लेकिन निर्देशक ने संकेत दिए हैं कि इस भूमिका को लेकर उनसे बातचीत चल रही है। बताया जा रहा है कि यह फिल्म बड़े बजट पर बनाई जाएगी और इसकी भव्यता पर खास ध्यान दिया जाएगा। फिलहाल फिल्म की स्टारकास्ट और शूटिंग शेड्यूल को लेकर तैयारियां जारी हैं।

## उस्ताद पूरन शाहकोटी का नाम किसी परिचय का मोहताज नहीं





पंजाबी संगीत और सूफी गायकी की दुनिया के एक स्तंभ, उस्ताद पूरन शाहकोटी का नाम किसी परिचय का मोहताज नहीं है। पूरन शाहकोटी कुछ समय से सेहत ठीक न होने के चलते उपचाराधीन थे, लेकिन आखिर वे इस फानी संसार को हमेशा के लिए अलविदा कह गये। गायकी को अपनी जिंद-जान समझने वाले पूरन शाहकोटी को कई प्रसिद्ध गायकों 'उस्ताद' होने का मान हासिल है। वे न केवल एक बेहतरीन गायक थे, बल्कि एक ऐसे 'गुरु' भी थे, जिन्होंने हंस राज हंस, अपने बेटे मास्टर सलीम सहित अनेकों ऐसे दिग्गजों को तराशा। 22 दिसंबर 2025 को 72 (कुछ जानकार स्त्रोतों अनुसार 74) वर्ष की आयु में उनका निधन हो गया, जिससे संगीत जगत में एक गहरा शून्य पैदा हो गया है। उस्ताद पूरन शाहकोटी की जीवनी और संगीत यात्रा पर नजर डालें तो पता चलता है कि उनका जन्म 22 नवंबर 1952 (अथवा 1951) को जालंधर के शाहकोट कस्बे में हुआ था। वे संगीतकारों के परिवार से थे। उनके पिता रंजन दास और दादा भी शानदार गायक थे। उन्होंने संगीत की शुरुआती शिक्षा अपने पिता से ही ली। उन्होंने पटियाला घराने के उस्ताद वकीर हुसैन खान से संगीत की बारीकियां सीखीं। शाहकोटी जी का जीवन संघर्षों से भरा रहा। उन्होंने जालंधर के शाहकोट में एक छोटी सी झोपड़ी में रहकर जीवन का लंबा समय बिताया। उन्होंने अक्सर अपने साक्षात्कारों में अपनी पत्नी के सहयोग को याद किया, जिन्होंने उन दिनों में उनका साथ दिया जब उनके पास खाने के लिए भोजन और सिर पर छत तक नहीं थी। उस्ताद पूरन शाहकोटी को गायकों का गायक कहा जाता है। उन्होंने संगीत की दुनिया को कई नायाब हीरे दिए जिनमें मास्टर सलीम उनके अपने बेटे, जिन्हें उन्होंने मात्र 6 साल की उम्र से तालीम देनी शुरू की। सूफी संगीत के दिग्गज और पूर्व सांसद हंस राज हंस, सरदूल सिकंदर, जसबीर जस्सी, साबर कोटी और बरकत सिद्धू जैसे मशहूर गायक उनकी देख-रेख में संगीत की शिक्षा पाने वाले प्रमुख नाम हैं। वे सूफी गायकी, शास्त्रीय संगीत और पंजाब के पारंपरिक लोक संगीत के माहिर थे। उनका मानना था कि संगीत तीन स्तंभों पर टिका है-सुर, शब्द और ताल। वे सादगी के प्रतीक थे और अक्सर कहते थे, 'गायन कभी रुक नहीं

सकता-भले ही मैं शांत रहूं, संगीत जारी रहेगा।' संगीत के क्षेत्र में उनके अतुलनीय योगदान के लिए उन्हें कई बार सम्मानित किया गया-संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार (2014) पारंपरिक संगीत के लिए, शिरोमणि सूफी गायक पुरस्कार (2008) पंजाब सरकार द्वारा, लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड (2010) पी.टी.सी. पंजाबी द्वार, बाबा बुल्ले शाह पुरस्कार। उस्ताद जी हमेशा नए कलाकारों को सलाह देते थे कि वे स्टार बनने के बजाय सीखने पर ध्यान दें। उनके अनुसार, गुणवत्ता ही वह एक मात्र चीज है, जो कलाकार को लंबे समय तक टिकाए रखती है।

## कैसे बदली एक ब्रेसलेट से सलमान खान की किस्मत!



बॉलीवुड सुपरस्टार सलमान खान ने 27 दिसंबर को अपना 60वां जन्मदिन सेलिब्रेट कर रहे हैं। सलमान खान उन चुनिंदा स्टार्स में से एक हैं, जिनकी फिल्म रिलीज होते ही सुपरहिट हो जाती है। भाईजान सुपरहिट फिल्म की ग्यारंटी माने जाते हैं। सलमान स्टाइलिश लुक्स के अलावा अपने ब्रेसलेट को लेकर भी सुर्खियों में रहते हैं। सलमान खान हमेशा ही अपनी दाई कलाई में एक ब्रेसलेट पहने नजर आते हैं। शायद ही ऐसा कोई मौका हो जब सलमान के हाथ में यह ब्रेसलेट नहीं दिखा हो। भाईजान ने एक बार अपने एक फैन को इसकी खासियत के बारे में भी बताया था। सलमान खान के फैन पेज ने एक थ्रोबैक वीडियो वायरल हुआ था। इस वीडियो में सलमान अपने ब्रेसलेट पहने की कहानी के बारे में बताते नजर आए थे। सलमान ने कहा था, मेरे पापा इसे पहना करते थे, उस वक्त मैं इस ब्रेसलेट से खेलता था और फिर जब मैं काम करने लगा, उन्होंने मेरे लिए बिल्कुल ऐसा ही ब्रेसलेट दिलाया। इस पत्थर को फिरोजा कहते हैं। सलमान बताया था, फिरोजा दो तरह के लिविंग स्टोन में से एक है। जब कोई निगेटिविटी आपकी तरफ आती है तो ये पत्थर उसे पहले अपनी तरफ लेता है, उसमें नसें बन जाती हैं और वह क्रैक हो जाता है। ये मेरा सातवां पत्थर है। सलमान खान के लिए यह ब्रेसलेट बेहद खास है। सालों पहले पनवेल फार्म हाउस में सलमान अपने दोस्तों संग पार्टी कर रहे थे, जब उनका ब्रेसलेट खो गया था। उस वक्त सलमान बेहद निराश हो गए थे। हालांकि उन्हें शांत रहकर दोस्तों के साथ ब्रेसलेट ढूंढना शुरू किया। बाद में अस्मित पटेल ने सलमान को उनका ब्रेसलेट दिया जो स्विमिंग पूल में गिर गया था। सलमान खान के इस ब्रेसलेट का इंदौर से भी खास कनेक्शन है। इस ब्रेसलेट को सलमान के चाचा ने इंदौर से खरीदा था और सलीम खान को दिया था। सलीम खान ने सलमान के लगातर फ्लॉप होती फिल्मों को देखकर यह ब्रेसलेट पहनने को कहा था। जिसके बाद से सलमान ने यह ब्रेसलेट कभी नहीं उतारा। बता दें कि सलमान खान का जन्म इंदौर में ही हुआ था। सलमान खान के दादा अब्दूल रशीद खान अफगानिस्तान से इंदौर आए थे। सलमान खान के परिवार के कई लोग आज भी इंदौर में ही रहते हैं। सलमान जल्द ही फिल्म 'बैटल ऑफ गलवान' में नजर आने वाले हैं।

## 9 साल बाद अंगूरी भाभी की वापसी

### शिल्पा शिंदे ने बताई शो छोड़ने की असली वजह



लोकप्रिय टीवी शो 'भाबीजी घर पर हैं' में एक बार फिर दर्शकों को पुरानी अंगूरी भाभी देखने को मिल रही हैं। शो के शुरुआती सीज़न में इस किरदार से पहचान बनाने वाली अभिनेत्री शिल्पा शिंदे करीब 9 साल बाद छोटे पर्दे पर वापसी कर चुकी हैं। उनकी एंट्री के साथ ही शो एक बार फिर सुर्खियों में आ गया है।


हाल ही में एक टीवी चैनल को दिए इंटरव्यू में शिल्पा शिंदे ने उस दौर को याद किया, जब उन्हें 2016 में यह चर्चित शो छोड़ना पड़ा था। अभिनेत्री ने बताया कि उस समय हालात ऐसे बन गए थे, जिनकी वजह से उनका शो में बने रहना मुश्किल हो गया।

शिल्पा के अनुसार, कुछ लोगों ने उनके लोकप्रिय किरदार का गलत फायदा उठाने की कोशिश की और उन पर अनुबंध तोड़ने जैसे आरोप लगाए गए। उन्होंने कहा कि शो की सफलता के कारण चैनल उनके किरदार के जरिए ज्यादा कंट्रोल रखना चाहता था। यहां तक कि उन्हें अवॉर्ड सेरिमनी में भी अपने ऑन-स्क्रीन किरदार के कॉस्ट्यूम में भेजा गया, जिससे उनकी एक तय छवि बनाई जा सके।

अभिनेत्री ने आगे बताया कि शो को पूरी मेहनत देने के बावजूद धीरे-धीरे उन्हें नजरअंदाज किया जाने लगा। उनके मुताबिक, उस समय कई तरह की गलतफहमियां पैदा हो गई थीं, जिन्हें उन्होंने बाद में एक सीख की तरह लिया। शिल्पा ने यह भी स्पष्ट किया कि उनका किसी सह-कलाकार से कोई विवाद नहीं था और उन्होंने किसी दूसरे शो के लिए 'भाबीजी घर पर हैं' नहीं छोड़ा था।

गौरतलब है कि शिल्पा की वापसी के साथ ही लंबे समय से अंगूरी भाभी का किरदार निभा रहीं शुभांगी अत्रे को शो से रिप्लेस कर दिया गया है। शिल्पा शिंदे की वापसी से फैंस में जबरदस्त उत्साह देखने को मिल रहा है और सोशल मीडिया पर इस फैसले को लेकर लगातार प्रतिक्रियाएं सामने आ रही हैं।

## न्यू बॉर्न के साथ कैटरीना-विक्की का पहला क्रिसमस, मां बनने के बाद दिखी कैटरीना की पहली झलक



अभिनेत्री कैटरीना कैफ के लिए इस बार क्रिसमस बेहद खास रहा। मां बनने के बाद उन्होंने पहली बार यह त्योहार अपने न्यू बॉर्न बेबी के साथ सेलिब्रेट किया। इस मौके पर विक्की कौशल के साथ पूरा कौशल परिवार एक साथ नजर आया, जिससे यह जश्न और भी यादगार बन गया। कैटरीना ने इस खास दिन की झलक सोशल मीडिया पर साझा की, जिसमें परिवार के साथ बिताए गए खूबसूरत पलों की झलक दिखाई दी। पोस्ट सामने आते ही फैंस ने जमकर प्यार और शुभकामनाएं दीं। खास बात यह रही कि मां बनने के करीब डेढ़ महीने बाद कैटरीना की यह पहली सार्वजनिक झलक थी, जिसे देखकर फैंस काफी खुश नजर आए।

## न्यू बैलेंस की पहली भारतीय एंबेसडर बनीं जाह्नवी कपूर



साल 2025 में लगातार मजबूत परफॉर्मेंस और बढ़ती लोकप्रियता के साथ अभिनेत्री जाह्नवी कपूर एक और बड़ी उपलब्धि अपने नाम कर चुकी हैं। जाह्नवी को ग्लोबल एथलेटिक ब्रांड न्यू बैलेंस की पहली भारतीय ब्रांड एंबेसडर के रूप में चुना गया है। इस उपलब्धि पर खुशी जाहिर करते हुए जाह्नवी कपूर ने कहा कि वह लंबे समय से न्यू बैलेंस को उसकी इनोवेशन और व्यक्तिगत पहचान को बढ़ावा देने वाली सोच के लिए पसंद करती रही हैं। उनके मुताबिक, यह ब्रांड लोगों को अपनी अलग पहचान अपनाने के लिए प्रेरित करता है, जिससे वह खुद को गहराई से जुड़ा महसूस करती हैं। जाह्नवी ने यह भी कहा कि फैशन और फिटनेस उनके लिए हमेशा खुद के प्रति ईमानदार रहने का जरिया रहे हैं और न्यू बैलेंस उन्हें आत्मविश्वास और सच्चाई के साथ खुद को अभिव्यक्त करने का मंच देता है। इस नई जिम्मेदारी को लेकर अभिनेत्री ने उत्साह जताया और इसे अपने करियर का खास पड़ाव बताया।

## फैक्ट्री से सामान चोरी करने वाला काबू

लुधियाना, (सत्ता संदेश)-पुलिस ने बहादुर के रोड पर एक फैक्ट्री से सामान चुराने वाले युवक को गिरफ्तार किया है। जानकारी के मुताबिक, चोर कल फैक्ट्री की दीवार फांदकर फैक्ट्री में घुसा था। मालिक सरमीत सिंह ने बताया कि चोरी की यह घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई, जब उसने देखा कि चोर पड़ोस के मोहल्ले में रहता है तो उसने पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचे। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए तुरंत युवक को गिरफ्तार कर लिया। इलाके के व्यापारियों का कहना है कि पिछले कुछ दिनों से बहादुर के और आसपास के इलाकों में चोरी की घटनाएं बढ़ गई हैं। उन्होंने पुलिस से इन इलाकों में गश्त बढ़ाने की मांग की है।

## मौत के मामले में न्याय को लेकर परिजनों द्वारा चौकी कंगनवाल के बाहर प्रदर्शन

लुधियाना, (सत्ता संदेश)-चौकी कंगनवाल के तहत आने वाले प्रेम नगर इलाके में एक युवक सूरज कुमार की संदिग्ध हालातों में मौत को लेकर मृतक के परिजनों ने चौकी कंगनवाल के बाहर प्रदर्शन किया। मृतक के घरवालों का आरोप है कि सूरज को उसके दोस्तों ने ही मारा है, जबकि पुलिस इसे नशे की ओवरडोज बताकर मामले को दबाना चाहती है। मृतक की मां सविता ने बताया कि उनका बेटा पिछले दो साल से नशा मुक्ति केंद्र में था और अब पूरी तरह ठीक हो गया था। कुछ दिन पहले मृतक के दोस्त उसे घर से लेने आए थे, जिन्हें उसने भगा दिया और जाते समय धमकी देकर चले गए। घरवालों ने बताया कि सूरज रविवार शाम को घर से टहलने निकला था, लेकिन वापस नहीं लौटा और अगले दिन उसकी लाश मिली। इस बारे में पुलिस अधिकारियों का कहना है कि पुलिस हर पहलू पर जांच कर रही है। उन्होंने कहा कि मौत की असली वजह पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद पता चलेगी। पुलिस ने परिवारवालों को सही कार्रवाई का भरोसा देकर शांत किया।

## साहिबजादों की शहादत को सजदा करने के लिए कैबनिट मंत्री तरुणप्रीत सिंह सौंद ने संगतों के साथ खन्ना से फतेहगढ़ साहिब तक पैदल यात्रा की

### साहिबजादों की शहादत संसार के इतिहास में हमेशा अमर रहेगी-तरुणप्रीत सिंह सौंद

**खन्ना/लुधियाना (सत्ता संदेश)**



दशमेश पिता श्री गुरु गोबिंद ङ्क्षसह जी के छोटे साहिबजादों बाब जोरावर सिंह जी व बाबा फतेह सिंह जी और माता गुज्जर कौर जी की धर्महित लासानी शहादत को सिजदा करने के लिए सैर सपाटा व सभ्याचारक मामले, श्रम, मेहमानबाजी व ग्रामीण विकास एवं पंचायत मंत्री पंजाब तरुणप्रीत सिंह सौंद ने हलका खन्ना की भारी संख्या में संगतों के साथ गुरुद्वारा श्री सुख सागर साहिब खन्ना से पाठ व अरदास करने के उपरांत गुरुद्वारा श्री फतेहगढ़ साहिब में नतमस्तक होने के लिए सतनाम श्री वाहेगुरु जी का जाप करते हुए पैदल यात्रा शुरू की। कैबनिट मंत्री सौंद ने कहा कि साहिबजादा बाबा जोरावर सिंह, साहिबजादा बाबा फतेह सिंह जी व माता गुज्जर कौर जी की शहादत को शत् शत् नमन है। उन्होंने कहा कि संसार के इतिहास में साहिबजादों की शहादत हमेशा बेमिसाल व अमर रहेगी। इस महान शहादत के आगे हम सभी का शीष झुकता है। उन्होंने कहा कि श्री गुरु गोबिंद सिह जी ने अपना सरबंस कुर्बान करके इस देश, कौम व इंसानीयत की नैतिकता के लिए बहुत बड़ी कुर्बानी अदा की है, जिनकी बदौलत आज हम आजाद हवा में सांस ले रहे हैं। अगर हमारे सिर पर दस्तार सलामत है तो यह सिर्फ गुरु साहिबान की कुर्बानी सदका ही है। इसलिए गुरु साहिबान आगे नतमस्तक होने के लिए सरबत के भले की अरदास करने के लिए और पंजाब की खुशहाली के लिए अरदास करने हेतु बड़ी संख्या में समूह संगतों के रूप में एकत्रित होकर खन्ना के गुरुद्वारा सुख सागर साहिब से अरदास करके पैदल चलते हुए श्री फतेहगढ़ साहिब की पवित्र धरती पर नतमस्तक होने के लिए वहां गुरु साहिब के सन्मुख अरदास करेंगे कि अपनी अपार कृपा हम सभी पर बनाए रखें और हमें सच के मार्ग पर चलने का बल व सद्बुद्धि प्रदान करें। उक्त यात्रा रतनहेड़ी (रेलवे अंडर ब्रिज), भादला, डडहेड़ी, डेरा मीर मीवां आदि से होते हुए गुरुद्वारा श्री फतेहगढ़ साहिब जाकर समाप्त हुई।

## पूर्व मुख्यमंत्री चरणजीत सिंह चन्नी द्वारा मोरिंडा से गुरुद्वारा श्री क़तलगढ़ साहिब तक पैदल यात्रा



मोरिंडा- पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री और लोकसभा सदस्य चरणजीत सिंह चन्नी ने हर वर्ष की तरह इस बार भी शहीदी जोड़ मेले के अवसर पर मोरिंडा से गुरुद्वारा श्री क़तलगढ़ साहिब तक पैदल यात्रा की। यह यात्रा श्री गुरु गोबिंद सिंह जी के साहिबज़ादों और समस्त शहीद सिंहों की स्मृति में निकाली गई।

पैदल यात्रा के दौरान श्री चन्नी अपने परिवार और सिख संगत के साथ शामिल हुए। उन्होंने कहा कि इस यात्रा का उद्देश्य युवा पीढ़ी को साहिबज़ादों और शहीद सिंहों द्वारा अत्याचार और ज़ुल्म के विरुद्ध तथा मानवता के लिए दी गई महान कुर्बानी से जोड़ना है। उन्होंने बताया कि यह पैदल यात्रा हर वर्ष श्रद्धा और आस्था के साथ की जाती है, ताकि शहादत का संदेश घर-घर तक पहुँचाया जा सके।

## ए.टी.एम. तोड़कर लाखों रुपये की नकदी लुट लुटेरे फरार

लुधियाना, (सत्ता संदेश)-बस्ती जोधेवाल थाना के अंतर्गत नूरवाला रोड पर एक्सिस बैंक के ए.टी.एम. को तोड़कर लाखों रुपये की नकदी लूटकर लुटेरे फरार हो गए। जानकारी अनुसार सुबह करीब 2.30 बजे के करीब एक स्विफ्ट कार में आए करीब चार लुटेरे कुछ ही मिनटों में ए.टी.एम. तोड़कर नकदी लूट ले गये। सुबह जब बैंक मैनेजरों को इस बारे में पता चला तो उन्होंने पूरा मामला पुलिस को बताया। सूचना मिलते ही एडीसीपी समीर वर्मा और बस्ती जोधेवाल थाना के एसएचओ जसवीर सिंह मौके पर पहुंचे। साह्न ने बताया कि पुलिस ने पास में ही सी.सी. टीवी कैमरा लगा रखा है। टीवी कैमरे की फुटेज चेक की जा रही है और बैंक से भी एसएचओ के अंदर लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज निकलवाई जा रही है। उन्होंने कहा कि बैंक ने फिलहाल नकदी के बारे में कुछ साफ नहीं कहा है, लेकिन सूत्रों के मुताबिक एटीएम में लाखों रुपये की नकदी थी।

## हथियारबंद मोटरसाइकिल सवार महिला के कानों से बालियां छीन हुए फरार

लुधियाना, (सत्ता संदेश)-स्थानीय अमरजीत कॉलोनी में, हथियारबंद मोटरसाइकिल सवार दो लुटेरों ने अपने घर के बाहर बैठी एक महिला के कानों से सोने की बालियां छीन लीं और फरार हो गए। जानकारी के अनुसार, एक बुजुर्ग महिला रूपा देवी अपने घर के बाहर एक अन्य पड़ोसी के साथ धूप सेंक रही थी, तभी दो मोटरसाइकिल सवार वहां आए और रूपा देवी के कानों से सोने की बालियां छीनकर भाग गए। महिला ने शोर मचाया, लेकिन लुटेरे वहां से भाग गए। सूचना मिलने पर पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचे। पुलिस ने लुटेरों का पता लगाने के लिए आस-पास के सीसीटीवी कैमरों की फुटेज भी चेक की।

## बेकाबू कार के झुग्गियों में दाखिल होने से तीन घायल


लुधियाना, (सत्ता संदेश)-सलेम टाबरी थाना इलाके के दाना मंडी में देर रात एक बेकाबू कार के झुग्गियों में दाखिल होने से तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए, जो कि झुग्गियों में सो रहे थे। यह घटना देर रात की है जब एक तेज रफ्तार कार झुग्गियों में घुस गई। वहां मौजूद लोगों ने बताया कि कार की स्पीड इतनी तेज थी कि ड्राइवर का बैलेंस बिगड़ गया और कार झुग्गियों में घुस गई। शोर सुनकर इकट्ठे हुए लोगों ने भाग रहे कार ड्राइवर को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# सिक्ख्स फॉर जस्टिस द्वारा नॉर्थईस्ट भारत में अलग 'ट्रम्पलैंड' देश का नक्शा जारी

## भारतीय दूतावासों के बाहर इंगलैंड, कनाडा, अमरीका, इटली में प्रदर्शन

**वाशिंगटन, (सत्ता संदेश)**

भारत की आंतरिक राजनीति और अंतर्राष्ट्रीय मंच पर नई हलचल पैदा करते हुए सिक्ख्स फॉर जस्टिस ने नॉर्थईस्ट भारत में एक अलग ईसाई होमलैंड 'ट्रम्पलैंड' का प्रस्ताव रखते हुए उसका नक्शा जारी किया है। संगठन का दावा है कि भारत में ईसाई समुदाय लगातार उत्पीडऩ और दबाव का सामना कर रहा है। एस.एफ.जे. के गुरपतवंत सिंह पन्नू ने एक वीडियो बयान में आरोप लगाया कि मौजूदा सरकार के कार्यकाल में ईसाइयों को निशाना बनाया जा रहा है, चर्चों पर हमले हो रहे हैं और धार्मिक गतिविधियों को अवैध ठहराया जा रहा है। उनके अनुसार यह स्थिति समुदाय के लिए 'अस्तित्वगत खतरे' की ओर इशारा करती है। सिक्ख्स फॉर जस्टिस द्वारा जारी नक्शे के मुताबिक नागालैंड, मिजोरम,




मेघालय, मणिपुर, त्रिपुरा और असम को मिलाकर एक नए ईसाई देश की परिकल्पना की गई है, जिसे 'ट्रम्पलैंड' नाम दिया गया है। वहीं, भारतीय सरकारी हलकों ने पहले भी सिक्ख्स फॉर जस्टिस के ऐसे दावों को सिरे से खारिज किया है। हालांकि, 'ट्रम्पलैंड' के नक्शे के जारी होने से एक बार फिर अंतर्राष्ट्रीय राजनीति में भारत को लेकर बहस तेज हो गई है। दूसरी तरफ सिक्ख्स फॉर जस्टिस ने दुनिया भर में भारतीय दूतावासों के सामने बड़ा विरोध प्रदर्शन किया। भारतीय दूतावासों के बाहर, कनाडा से सिक्ख्स फॉर जस्टिस के भाई हरदीप सिंह निज्जर और बंगलादेश से उस्मान हादी की हत्या के खिलाफ जोरदार आवाज उठाई गई। भारी बारिश के बावजूद, सिखों के साथ बड़ी संख्या में खालिस्तान समर्थक और बंगाली विरोध प्रदर्शन में शामिल हुए। इस मौके पर, भाई परमजीत सिंह पम्मा के नेतृत्व में लंदन में विरोध प्रदर्शन किया गया। उन्होंने कहा कि भारतीय एजेंसियां विदेशों में सिखों का शिकार करने के लिए बेताब हैं, लेकिन हम विदेशों में चल रहे इन आतंकवादी केंद्रों को बंद कर देंगे। उन्होंने अमरीका के सिखों से मार्च में सिएटल में होने वाले खालिस्तान रैफरैंडम में बड़ी संख्या में वोट करने की अपील की।

# 1 मार्च 2026 से लागू होगा नव संशोधित विदेशी व्यापार कानून

नेशनल पीपुल्स कांग्रेस की स्थायी कमेटी ने 27 दिसंबर को नव संशोधित विदेशी व्यापार कानून पास किया, जो 1 मार्च 2026 से लागू होगा। यह संशोधन चीनी कम्युनिस्ट पार्टी की केंद्रीय कमेटी के उस फैसले को लागू करता है जिसमें विदेशी व्यापार के उच्च गुणवत्ता वाले विकास को बढ़ावा देने की बात कही गई है। यह अंतर्राष्ट्रीय आर्थिक और व्यापारिक माहौल में बड़े बदलावों और अंतर्राष्ट्रीय नियमों के तेज़ी से हो रहे पुनर्गठन की पृष्ठभूमि में उठाया गया एक ज़रूरी कदम है। यह उच्च-स्तरीय खुलेपन को बढ़ावा देने, विदेशी व्यापार कानून बनाए रखने और विदेशी व्यापार व्यवस्था के कानूनी अधिकारों और हितों की रक्षा करने के लिए बहुत ज़रूरी है। इस नव संशोधित कानून में ग्यारह चैप्टर और 83 आर्टिकल हैं।

# सीनियर डिप्टी मेयर पराशर व निगम कमिश्नर ने किया शहर में सफाई प्रबंधों का निरीक्षण

**लुधियाना, (सत्ता संदेश)**

शहर को साफ-सुथरा बनाने की दिशा में नगर निगम ने बड़ा कदम उठाया है। इसके तहत सीनियर डिप्टी मेयर राकेश पराशर और नगर निगम कमिशनर आदित्य डेचलवाल ने पुराने शहर के इलाके में सफाई को लेकर कड़ा रुख अपनाते हुए माता रानी चौक के पास नगर निगम मुख्य जोन ए. में स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों के साथ मीटिंग की। मीटिंग के दौरान दोनों अधिकारियों ने साफ आदेश दिए कि पुराने शहर के इलाकों में सफाई में कोई लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि अगर सफाई कर्मचारियों या अधिकारियों की तरफ से कोई लापरवाही पाई गई तो सख्त विभागीय कार्यवाही की जाएगी। मीटिंग के बाद शाम को सीनियर डिप्टी मेयर और कमिशनर ने स्कूटर पर शहर का दौरा किया। इस दौरान चौड़ा बाज़ार, पुरानी जीटी रोड, पिंडी गली, बिजली मार्केट, रेखी सिनेमा रोड और गिरजा घर रोड सहित कई इलाकों में सफाई प्रबंधों का जायजा लिया। अधिकारियों ने स्वास्थ्य विभाग को समय पर कचरा उठाने और शहर में लगे स्टैटिक कॉम्पेक्टर साइट्स को ठीक से काम करने के आदेश दिए। यह भी साफ़ किया गया कि अगर कोई दुकानदार या दुकानदार अपनी दुकान के बाहर कचरा फेंकता हुआ पाया गया, तो उसके खिलाफ़ तुरंत कार्रवाई की जाएगी। इस मौके पर सीएसओ अश्विनी सहोता, सीएसआई रवि शर्मा, सीएसई सुरिंदर डोगरा और स्वास्थ्य विभाग के अन्य अधिकारी भी मौजूद थे। सीनियर डिप्टी मेयर राकेश पराशर ने कहा कि नगर निगम का सहयोग करके शहर को साफ़-सुथरा बनाने में भूमिका निभाएं।



**सीनियर डिप्टी मेयर राकेश पराशर और निगम कमिशनर आदित्य डेचलवाल स्कूटर पर सवार होकर शहर में सफाई प्रबंधों का जायजा लेते हुए।**

# रेत से भरे टिप्पर और ट्रॉलियां निकटवर्ती सडक़ों से गुजरने पर लोग भारी परेशान

**लुधियाना, (सत्ता संदेश)**

रेत माफिया से लोग बहुत परेशान हैं, क्योंकि रेत से भरे टिप्पर और ट्रॉलियां गांवों की लिंक सडक़ों से गुजरते हैं, जिससे गांव की सडक़ों की हालत बहुत दयनीय हो गई है। जबकि आम लोग इन सडक़ों पर

**कहा, रेत माफिया गांव की सडक़ों की हालत बिगाडऩे के लिए जिम्मेदार!**

अपनी गाडिय़ां चलाने से भी डरते हैं। हालांकि लोगों द्वारा कई बार यह मामला प्रशासनिक अधिकारियों के ध्यान में ला चुके हैं, लेकिन कोई इस तरफ ध्यान नहीं दे रहा है। रेत माफिया खुलेआम गांव कुतबेवाल अराईयां से रेत की माइनिंग कर रहा है, जहां से हर रोज सैकड़ों टिप्पर व ट्रालियां रेत से भरी जाती हैं और पंजाब सरकार को हर रोज लाखों रुपये का चूना लगाया जा रहा है, जबकि इस ओर कोई ध्यान नहीं दे रहा। लोगों का कहना है कि पी.डब्ल्यू.डी. विभाग की ओर से सतलुज दरिया से गांव कुतबेवाल अराईयां तक ढाई किलोमीटर सडक़ की हालत इतनी दयनीय हो चुकी है, जबकि सडक़ की खस्ता हालत को देखते हुए पी.डब्ल्यू.डी. विभाग ने माइनिंग विभाग के चीफ, पुलिस कमिशनर लुधियाना, नगर निगम कमिशनर लुधियाना, चीफ इंजीनियर पी.डब्ल्यू.डी. डी.(बी. एंड आर.) लुधियाना को भी पत्र भेजकर शिकायत की है कि रेत माफिया अपने भारी वाहनों में रेत भरकर सतलुज दरिया से गांव कुतबेवाल रोड से गुजरने से, सडक़ कई जगह से टूट चुकी है। विभाग ने शिकायत में यह भी लिखा है कि जब तक यह सडक़ नहीं बन जाती, रेत माफिया इस सडक़ पर भारी गाडिय़ां न गुजारे, लेकिन रेत माफिया बाज नहीं आ रहे हैं। इस संबंध में माननीय कोर्ट में भी केस चल रहा है और कोर्ट ने स्टे भी जारी कर दिया है। इस संबंध में जब पी.डब्लयू.डी. विभाग के इंचार्ज बसु मंगला, जेई कुलविंदर सिंह और जेई सरूप सिंह से बात की गई तो उन्होंने कहा कि अगर आपको इस बारे में कोई जानकारी चाहिए तो लुधियाना में ऑफिस आकर ही ले सकते हैं। फिलहाल हमारे पास ऐसी कोई जानकारी नहीं है।



**सतलुज दरिया में खड़ी जे.सी.बी. मशीनें व टिप्पर।**

# अमेरिका से आगे सऊदी अरब: 2025 में 11 हजार से ज्यादा भारतीय डिपोट

*नई दिल्ली* - विदेश मंत्रालय (विदेश मंत्रालय) ने राज्यसभा में साझा आंकड़ों में बताया कि वर्ष 2025 में 81 देशों से 24,600 से अधिक भारतीय नागरिकों को डिपोर्ट किया गया। डिपोर्टेशन के मामले में सऊदी अरब सबसे आगे रहा, जहां से 11,000 से ज्यादा भारतीयों को स्वदेश भेजा गया। इसके बाद संयुक्त राज्य अमेरिका का स्थान रहा, जिसने करीब 3,800 भारतीय नागरिकों को डिपोर्ट किया—जो पिछले पांच वर्षों में सबसे अधिक है। विशेषज्ञों का मानना है कि डोनाल्ड ट्रंप प्रशासन के दौरान इमिग्रेशन और वर्क-ऑथराइजेशन नियमों के सख्त क्रियान्वयन से यह संख्या बढ़ी। संसद में पेश डेटा के अनुसार, अमेरिका में सबसे अधिक डिपोर्टेशन वाशिंगटन डीसी क्षेत्र से दर्ज किए गए, जबकि ह्यूस्टन दूसरे स्थान पर रहा।

# चाइना डोर से एक्टिवा सवार महिला गंभीर घायल

## 9 दुकानों में खुलेआम किसकी छत्रछाया में बिक रही है चाइना डोर?

**लुधियाना, (सत्ता संदेश)**

शहीद करतार सिंह सराभा मार्ग पर स्थित सरकारी मिडल स्कूल दाद के सामने चाइना डोर ने कहर बरपाते



हुए एक्टिवा सवार महिला गगनप्रीत कौर वासी गांव ललतों कलां, जो अपनी सास के साथ ललतों से फूल्लांवाल जा रही थी, चाइना डोर उसकी गर्दन में फंस गई, जिससे उसके चेहरे और सिर पर गंभीर कट लग गया। उसे स्थानीय राहगीरों और दुकानदारों ने निकटवर्ती अस्पताल पहुंचाया। यहां यह बताना जरूरी है कि प्रशासन द्वारा चाइना डोर पर रोक लगाए जाने के बावजूद, इलाके की दुकानों में यह किसकी छत्र-छाया में खुलेआम बिक रही है? सुनने में तो यह भी आया है कि चाइना डोर का एक बंडल 1000 से 1500 रुपये के बीच बिक रहा है, जो पतंगबाजी के इन दिनों में पैदल चलने वालों के लिए ही नहीं बल्कि दोपहिया वाहन चालकों और खुले आसमान में उड़ रहे बेजुबान पक्षियों के लिए भी बेहद जानलेवा साबित हो रहा है। अब देखना यह है कि सरकार या प्रशासन द्वारा पूर्ण प्रतिबंध लगाए जाने के बावजूद किसकी छत्रछाया में यह प्रतिबंधित डोर शहर और इसके आसपास के इलाकों में बिक रही है और इससे होने वाली दुर्घटनाओं और घायलों की खबरें अक्सर अखबारों की सुर्खियां बनती रहती हैं, लेकिन इसके बावजूद भी बड़े पैमाने पर बिक रही इस जानलेवा डोर का इस्तेमाल करने वाले किसी की परवाह नहीं कर रहे हैं। इसलिए पुलिस और प्रशासन को इस गंभीर मुद्दे को गंभीरता से लेना चाहिए।

### क्या कहना है लोगों का......

आम लोगों का यह भी कहना है कि पुलिस प्रशासन दिखावे के तौर पर चाइना डोर को पकडऩे और अपनी खबरों में फर्जी बखेड़ा खड़ा करने के बाद मामूली धाराएं लगाकर बेचने वालों को छोड़ देता है। जबकि, इस डोर को खरीदने और बेचने वालों पर लगने वाली धारा उन पर भी लगनी चाहिए जो किसी की जान लेने की कोशिश करते हैं और उन पर भारी जुर्माना लगना चाहिए ताकि एक बार कानून के शिकंजे में आने के बाद ये मतलबी लोग इस मुनाफाखोरी के धंधे से बाज आएं, ताकि न सिर्फ पैदल चलने वाले बल्कि दोपहिया वाहन चालक और खुले आसमान में उडऩे वाले बेजुबान पक्षी भी इसके कहर से बच सकें।

# खतरनाक लुटेरा गैंग का सरगना पिस्तौल सहित गिरफ्तार



**पुलिस द्वारा गिरफ्तार किए आरोपी संबंधी जानकारी देते हुए ए.डी.सी.पी. समीर वर्मा।**

**लुधियाना, (सत्ता संदेश)**

थाना डिवीजन नंबर चार की पुलिस ने एक खतरनाक लुटेरा गैंग के सरगना को गिरफ्तार कर उसके पास से एक पिस्तौल बरामद की है। जानकारी देते हुए एडीसीपी समीर वर्मा ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी की पहचान साहिब उर्फ साहिब पुत्र पप्पू निवासी सुभाष नगर के रूप में हुई है। पुलिस ने उसके पास से एक 32 बोर की पिस्तौल बरामद की है। पुलिस के मुताबिक, यह आरोपी नूरवाला रोड, काकोवाल रोड, कैलाश नगर बस्ती जोधेवाल और गहलेवाल के इलाकों में आने-जाने वाले लोगों को धमकाकर उनसे नकदी और मोबाइल फोन छीन लेता था। पुलिस उससे और पूछताछ कर रही है और कई और खुलासे होने की संभावना है।

# लाखों रुपये की मोटरसाइकिल व मोबाइलों सहित खतरनाक गिरोह के तीन सदस्य गिरफ्तार

**लुधियाना, (सत्ता संदेश)**

सलेमटाबरी थाने की पुलिस ने लुटेरों के खतरनाक गिरोह के तीन सदस्यों को गिरफ्तार कर उनके पास से तीन मोटरसाइकिलें, आठ मोबाइल और हथियार बरामद किए हैं। इस बारे में जानकारी देते हुए एडीसीपी सुमीर वर्मा ने बताया कि पुलिस द्वारा गिरफ्तार किए गए कथित आरोपियों में हजूरी बाग कॉलोनी निवासी मानव कुमार, हजूरी बाग कॉलोनी निवासी मनप्रीत सिंह और निशांत कॉलोनी निवासी कृष्ण कुमार शामिल हैं। पुलिस ने उनके पास से तीन मोटरसाइकिलं, हथियार, 8 मोबाइल और अन्य सामान बरामद किया है। उन्होंने बताया कि कथित आरोपियों ने लूट और चोरी की कई वारदातें की हैं। पुलिस ने उन्हें कादियां कट के पास से उस समय गिरफ्तार किया जब वे वारदात करने जा रहे थे। उनके खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है और जांच जारी है। कई और खुलासे होने की संभावना है।



**पुलिस द्वारा मोटरसाइकिलों व मोबाईलों सहित गिरफ्तार आरोपियों संबंधी जानकारी देते हुए पुलिस अधिकारी।**

# 17 साल के किशोर पर आया 3 बच्चों की मां का दिल, 2 बार पहले भी कर चुकी है शादी

उत्तर प्रदेश-इश्क में न उम्र की कोई सीमा होती है, न ही जाति का बंधन और धर्म भी बाधा नहीं बनता। उत्तर प्रदेश के अमरोहा में 26 साल की शबनम का दिल अपने से 9 साल छोटे शिवा पर आ गया। शिवा 17 साल का है और 12वीं का छात्र है। मॉर्निंग वॉक के दौरान दोनों के बीच प्रेम परवान चढ़ा, फिर शबनम शिवानी बनकर शिवा की दुल्हन बन गई। हालांकि की 3 बच्चों की मां शबनम पहले भी 2 बार निकाह कर चुकी है। शबनम की पहली शादी अलीगढ़ में हुई थी, जो कि टूट गई। यह मामला उत्तर प्रदेश के अमरोहा जिले के सैदनगली थाना क्षेत्र का है। शबनम ने दूसरे पति को भी तलाक दे दिया और शिवा से तीसरी शादी कर ली। शिवा कक्षा 12वीं क छात्र है। शिवा से शादी के बाद शबनम शिवानी बन गई है। उसकी पहली शादी अलीगढ़ में हुई थी, जो कि टूट गई। शबनम ने दूसरा निकाह अमरोहा के एक व्यक्ति से किया। उसका दूसरा पति सड़क हादसे में घायल हो गया था। शबनम ने उसे तलाक देकर तीनों बच्चे भी उसी के साथ छोड़ दिए। शबनम उर्फ शिवानी ने कहा कि वह इस शादी से बहुत खुश है। उसने कहा- मैंने अपनी मर्जी से शादी की है। कोई भी मेरे निजी जीवन में दखलंदाजी न करे। बताया जा रहा है कि शिवानी धर्म बदलकर हिन्दू बन गई है। शिवा और शबनम (अब शिवानी) की मुलाकात मॉर्निंग वॉक के दौरान हुई थी। दोनों ने ही कहा कि यह शादी उनकी मर्जी से हुई और दोनों ही खुश हैं। शादी के बाद जब यह बात समाज में फैली तो विवाद भी खड़ा हुआ। बाद में दोनों परिवारों ने पंचायत बुलाई। पंचायत में तय हुआ कि अगर शिवानी और शिवा एक-दूसरे के साथ रहना चाहते हैं तो उन्हें रोका नहीं जाएगा। पंचायत के फैसले के बाद दोनों परिवार शादी के लिए राजी हो गए। इसके बाद दोनों की शादी मंदिर में हो गई। लेकिन, कानूनी रूप से देखा जाए तो यह शादी अवैध है, क्योंकि शिवा 21 साल की उम्र पूरी होने तक शादी नहीं कर सकता।



# युवक की हत्या के मामले में चार को उम्रकैद

**लुधियाना, (सत्ता संदेश)**

अतिरिक्त न्यायधीश संदीप सिंह बाजवा की अदालत ने 18 वर्षीय अर्श जांगड़ा की बेरहमी से हत्या के मामले में चार आरोपियों को सख्त उम्रकैद की सजा सुनाई है। आरोपियों में सतवंत सिंह उर्फ सत्ती और साहिबजोत सिंह उर्फ ज्योति, दोनों निवासी प्रताप नगर, लुधियाना और मनिंदरजीत सिंह उर्फ सन्नी उर्फ कूका और गुरप्रीत सिंह उर्फ दारा, दोनों निवासी भगवान नगर शामिल हैं। यह मामला 24 जून, 2013 का है, जब मृतक के चाचा दिनेश कुमार के बयान पर शिमलापुरी थाने में केस दर्ज किया गया था। दिनेश कुमार ने बताया कि रात करीब 8 बजे वह, उसके माता-पिता गुरदयाल जांगड़ा, कमलेश जांगड़ा और उसका भतीजा अर्श जांगड़ा घर पर बैठकर टीवी देख रहे थे। जब डोरबेल बजी तो अर्श बाहर देखने चला गया, जिसके बाद तेज आवाजें सुनाई दीं। दिनेश कुमार और उसके पिता भागकर बाहर आए, साहिबजोत सिंह उर्फ ज्योति और मनिंदरजीत सिंह उर्फ कूका ने अर्श जांगड़ा को पकड़ लिया, जबकि सतवंत सिंह उर्फ सत्ती ने उसकी छाती के बाईं ओर दिल के पास चाकू मार दिया। बाद में आरोपी अपने हथियार लेकर मौके से भाग गए।

# हिमाचल में ठंड ने समय से पहले बदला अपना मिजाज, शिमला-मनाली में बर्फबारी के आसार कम

शिमला/मनाली-सर्दी का मौसम चरम पर पहुंचने के बावजूद बर्फबारी नहीं होने और व्हाइट क्रिसमस (क्रिसमस की पूर्व संध्या पर बर्फबारी) की संभावना कम होने के कारण हिमाचल प्रदेश के शिमला और मनाली पर्यटकों को आकर्षित करने के लिए कार्निवल व शीतकालीन गतिविधियों का सहारा ले रहे हैं। आमतौर पर क्रिसमस और नए साल के दौरान बर्फबारी देखने के लिए पर्यटक शिमला और मनाली का रुख करते हैं। पिछले तीन वर्षों से इन शहरों में बर्फ नहीं पड़ी है। इस वर्ष भी मौसम विभाग ने मौसम शुष्क रहने का अनुमान जताया है, जिससे बर्फबारी की संभावना कम नजर आ रही है। शिमला में क्रिसमस की पूर्व संध्या से नए साल के दिन तक रिज मैदान में नौ दिवसीय शीतकालीन कार्निवल आयोजित किया जाएगा। जिला प्रशासन ने कार्निवल को ध्यान में रखते हुए 24 दिसंबर से दो जनवरी तक कानून-व्यवस्था और यातायात प्रबंधन के लिए विस्तृत योजना बनाई है। शिमला के जिलाधिकारी अनुपम कश्यप ने मंगलवार को कहा कि पर्यटकों की आमद में उल्लेखनीय वृद्धि हो रही है और कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए विशेष इंतजाम किए गए हैं। कुल्लू-मनाली में क्रिसमस और नए साल की तैयारियां जोरों पर हैं। पर्यटकों को आकर्षित करने के लिए होटल व्यवसायी विशेष पैकेज पेश कर रहे हैं। होटल व्यवसाय से जुड़े सुनीत पीटर ने कहा कि अगर क्रिसमस और नए साल के दौरान बर्फबारी होती है, तो यह मनाली के पर्यटन उद्योग के लिए एक बड़ी सौगात होगी।

# नगर निगम की हदबंधी में 100 नए गांवों को शामिल करने का प्रस्ताव जनरल हाऊस की मीटिंग में पारित

## मेयर के देरी से आने की वजह से जनरल हाऊस की मीटिंग 14 मिनट देरी से हुई शुरू

**लुधियाना, (सत्ता संदेश)**



*नगर निगम की लिमिट 1995 के बाद से नहीं बढ़ी है और 30 साल में आबादी और दोनों काफी बढ़ गए हैं जिसके मद्देनजर जनगणना शुरू होने से पहले भविष्य की प्लानिंग के तहत नया एरिया शामिल करने की योजना बनाई गई है, जिससे नगर निगम को कई सौ-कमिश्नर, आदित्य करोड़ के रैवेन्यू के साथ केंद्र से महत्वपूर्ण प्रोजेक्टों के लिए ग्रांट मिलने का रास्ता साफ हो जाएगा।*

नगर निगम की हदबंधी में 100 नए गांवों को शामिल करने का प्रस्ताव को जनरल हाऊस की मीटिंग दौरान विपक्ष के विरोध के बावजूद पारित कर दिया गया। इस मुद्दे पर नगर निगम अधिकारियों द्वारा कई दिन पहले सर्वे करके रैवेन्यू रिकार्ड के आधार पर रिपोर्ट तैयार कर ली गई थी, लेकिन जनरल हाउस मीटिंग के एजेंडे में यह प्रस्ताव शामिल नही किया गया, जिसे लेकर ऑल पार्टी मीटिंग के दौरान विपक्ष द्वारा सवाल खड़े करने पर मेयर ने अभी तैयारी पूरी न होने का जवाब दिया था, लेकिन जनरल हाऊस की मीटिंग के दौरान यह प्रस्ताव टेबल आईटम के तौर पर पेश किया गया, जिसका विपक्षी खासकर कांग्रेस के कई पार्षदों ने विरोध किया कि नगर निगम के पास पहले एरिया में विकास करवाने के लिए पर्याप्त फंड नहीं है और अब बड़ी संख्या में नए एरिया शामिल करने के बाद वहां के लोगों को सुविधाएं मुहैया करवाने के लिए पैसा कहां से आएगा। हालांकि, कुछ पार्षदों ने दूर के छोड़ साथ लगते गांवों को शामिल करने का सुझाव दिया, लेकिन कमिशनर ने इस योजना के फायदे गिनाए और मेयर ने प्रस्ताव को पास करने की घोषणा कर दी। हालांकि नगर निगम द्वारा मीटिंग के लिए 11.00 बजे का शैडयूल गया था, लेकिन मेयर के देरी से आने की वजह से जनरल हाऊस की मीटिंग 14 मिनट देरी से शुरू हुई। इस दौरान कमिश्नर द्वारा हाजरी को लेकर जारी आदेशों का अफसरों पर कोई असर न होने का सबब मिला क्योंकि कमिश्नर ने किसी मुलाजिम को 26 दिसम्बर तक छुट्टी न देने सहित मीटिंग में मौजूद न रहने पर कार्रवाई करने वाला सर्कुलर जारी किया था, लेकिन एक मुद्दे पर जवाब कई बार आवाज लगाने के बाद भी एस.ई. शाम लाल गुप्ता, एक्सिएन अरविंद, एस.डी.ओ. अवतार व जे.ई. हाजिर नहीं थे। दूसरी तरफ जोनल कमिश्नर लेवल की मीटिंगों की तरह जनरल हाऊस में भी महिला पार्षदों के रिश्तेदारों की भीड़ देखने को मिली। यह रिश्तेदार पहले तो मीटिंग हाल के बाहर मौजूद थे और उनमें कई सत्ताधारी बाद में मीटिंग में दाखिल होने में कामयाब हो गए। इनमें से कुछेक ने तो इसकी फोटो व वीडियो सोशल मीडिया पर शेयर भी की है। उल्लेखनीय है कि पार्षदों के साथ विधायक भी जनरल हाऊस के मैंबर हैं, लेकिन इनमें से दोनों कैबनिट मंत्री संजीव अरोड़ा व हरदीप सिंह मुंडियां जनरल हाऊस की मीटिंग में नहीं आए। इसी तरह 2 विधायक कुलवंत सिंह सिद्धू देरी से आए और मीटिंग खत्म होने से पहले ही उठकर चल दिए।

## विजय हजारे ट्रॉफी

# विराट कोहली दिल्ली के लिए खेलेंगे एक और मैच



विजय हजारे ट्रॉफी में विराट कोहली एक बार फिर दिल्ली की जर्सी में नजर आ सकते हैं। आगामी न्यूजीलैंड वनडे सीरीज से पहले कोहली दिल्ली के लिए एक और मुकाबला खेलने की तैयारी में हैं। यह मैच उनकी फिटनेस और फॉर्म को बनाए रखने के लिहाज से अहम माना जा रहा है, जिसमें फैंस को एक बार फिर घरेलू क्रिकेट में विराट का जलवा देखने को मिल सकता है।

***मैच का विवरण और संभावना***

पूर्व भारतीय कप्तान संभवतः 6 जनवरी को रेलवे टीम के खिलाफ खेलेंगे। इस मैच में उनकी उपलब्धता टीम के लिए एक बड़ा सहारा होगी। कोहली की जर्सी और किट अभी भी दिल्ली टीम के पास हैं, जो इस बात का संकेत है कि वे कम से कम एक और मुकाबले में मैदान पर उतर सकते हैं।

***घरेलू क्रिकेट में वापसी का सकारात्मक असर***

कोहली की घरेलू क्रिकेट में वापसी ने दिल्ली टीम के युवा खिलाड़ियों पर सकारात्मक प्रभाव डाला है। उनके अनुभव और नेतृत्व ने खिलाड़ियों को दबाव में आत्मविश्वास से खेलने में मदद की है। उनके मैदान पर होने से टीम की रणनीति और प्रदर्शन दोनों में सुधार देखा गया है।

***न्यूजीलैंड सीरीज से पहले तैयारी***

कोहली की यह घरेलू मुकाबले में वापसी उनकी अंतरराष्ट्रीय तैयारी का हिस्सा है। आगामी तीन मैचों की वनडे सीरीज में उनका शामिल होना टीम के लिए महत्वपूर्ण होगा। टीम मैनेजमेंट उम्मीद कर रहा है कि कोहली अपने घरेलू फॉर्म को अंतरराष्ट्रीय मुकाबलों में भी बनाए रखेंगे और टीम की जीत में अहम योगदान देंगे।

***दिल्ली के लिए बड़ा फायदा***

कोहली की उपलब्धता दिल्ली के लिए खेल और मानसिक दोनों स्तर पर बढ़ावा रही है। टीम ने उनके नेतृत्व में अब तक दोनों मैचों में जीत दर्ज की है। उनकी उपस्थिति युवा खिलाड़ियों के लिए प्रेरणा का स्रोत बनी है और टीम के आत्मविश्वास को बढ़ाया है।

# विराट कोहली से लेकर चेतेश्वर पुजारा तक

## साल 2025 में भारतीय क्रिकेट के दिग्गजों ने लिया संन्यास

साल 2025 भारतीय क्रिकेट के लिए ऐतिहासिक और भावुक बदलाव लेकर आया। इस साल टीम इंडिया के कई बड़े खिलाड़ियों ने अपने क्रिकेट करियर से संन्यास की घोषणा की, जिससे एक युग का अंत हो गया। क्रिकेट प्रेमियों के लिए यह साल भावनाओं से भरा रहा, क्योंकि रोहित शर्मा, विराट कोहली और चेतेश्वर पुजारा जैसे दिग्गज खिलाड़ियों ने मैदान को अलविदा कहा।

### कोहली का अचानक संन्यास

पूर्व कप्तान विराट कोहली ने 12 मई को टेस्ट क्रिकेट से संन्यास की घोषणा की, जिससे उनके 14 साल लंबे शानदार करियर का अंत हुआ। कोहली ने 123 टेस्ट मैचों में 9230 रन बनाए, जिनमें 30 शतक शामिल हैं, और उनका औसत 46.85 रहा। भारत के सबसे सफल टेस्ट कप्तानों में से एक रहे कोहली की कप्तानी में टीम ने 68 टेस्ट मैचों में 40 जीत दर्ज की। उनके योगदान को हमेशा याद किया जाएगा।

### रोहित शर्मा की टेस्ट विदाई



भारतीय टीम के पूर्व कप्तान और दिग्गज ओपनर रोहित शर्मा ने 7 मई को टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लेने का निर्णय लिया। 11 साल लंबे टेस्ट करियर के बाद रोहित ने सोशल मीडिया के माध्यम से पुष्टि की कि वह अब केवल वनडे क्रिकेट में टीम इंडिया का प्रतिनिधित्व करेंगे। रोहित शर्मा का यह निर्णय इंग्लैंड के खिलाफ पांच मैचों की टेस्ट सीरीज से ठीक पहले आया। उन्होंने पहले ही 2024 में T20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास ले लिया था। कप्तानी में उनका रिकॉर्ड 24 टेस्ट में 12 जीत और 9 हार रहा।

### चेतेश्वर पुजारा ने सभी फॉर्मेट से लिया विदा

भारतीय टेस्ट टीम के भरोसेमंद बल्लेबाज चेतेश्वर पुजारा ने सभी क्रिकेट फॉर्मेट से संन्यास लिया। 37 वर्षीय पुजारा ने अपने सोशल मीडिया पोस्ट में भारतीय जर्सी पहनने को अपने जीवन का सबसे बड़ा सम्मान बताया। पुजारा ने 103 टेस्ट और 5 वनडे खेले, जिसमें टेस्ट में 7195 रन और 19 शतक शामिल हैं। वह अपनी धैर्यपूर्ण बल्लेबाजी और जुझारूपन के लिए हमेशा याद किए जाएंगे।ऐक्टिववियर

### अन्य खिलाड़ियों की विदाई

रोहित, कोहली और पुजारा के अलावा वरुण आरोन, ऋद्धिमान साहा, अमित मिश्रा, पीयूष चावला, मोहित शर्मा और कृष्णप्पा गौतम ने भी 2025 में संन्यास लिया।

## आईपीएल 2026 से पहले RCB की चिंता बढ़ी

# रिटेन खिलाड़ी टिम डेविड हैमस्ट्रिंग चोट से परेशान



आईपीएल 2026 से पहले रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (RCB) को बड़ा झटका लगा है। ऑस्ट्रेलिया के विस्फोटक बल्लेबाज़ टिम डेविड एक बार फिर हैमस्ट्रिंग चोट का शिकार हो गए हैं। यह चोट उन्हें बिग बैश लीग के एक मुकाबले के दौरान लगी, जिसके चलते उन्हें मैच बीच में ही छोड़ना पड़ा।

### मैच के दौरान लगी चोट

यह घटना पर्थ स्टेडियम में हॉबर्ट हरिकेन्स और पर्थ स्कॉर्चर्स के मुकाबले में हुई। तेज़ी से दूसरा रन लेने के प्रयास में डेविड के पैर में खिंचाव आया। इलाज के बाद भी 29 वर्षीय बल्लेबाज़ 28 गेंदों पर 42 रन बनाकर रिटायर्ड हर्ट हो गए।

### स्कैन और आगे की चिंता

हॉबर्ट हरिकेन्स प्रबंधन ने बताया कि चोट की गंभीरता जानने के लिए डेविड का स्कैन कराया जाएगा। बिग बैश लीग का फाइनल 25 जनवरी को है, जबकि इसके तुरंत बाद भारत और श्रीलंका में टी20 विश्व कप शुरू होगा, ऐसे में रिकवरी का समय सीमित है।

### पहले भी झेल चुके हैं चोट

साल 2025 में आईपीएल के दौरान भी डेविड इसी तरह की चोट के कारण लगभग दो महीने बाहर रहे थे, जिससे RCB के प्लेऑफ अभियान को नुकसान पहुंचा था।

### RCB और ऑस्ट्रेलिया की बढ़ी परेशानी

टिम डेविड ऑस्ट्रेलिया की टी20 टीम के अहम मध्यक्रम बल्लेबाज़ हैं। उनकी फिटनेस पर सवाल खड़े होने से RCB और ऑस्ट्रेलिया–दोनों की चिंताएं बढ़ गई हैं।

# आईसीसी रैंकिंग- दीप्ति शर्मा बनी नंबर वन टी20 गेंदबाज, ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी को पछाड़ा

भारतीय महिला क्रिकेट टीम की स्टार ऑलराउंडर दीप्ति शर्मा टी20 फॉर्मेट की नई नंबर वन गेंदबाज बन गई हैं। दीप्ति शर्मा ने ऑस्ट्रेलिया की एनाबेल सदरलैंड को पछाड़ते हुए नंबर वन का ताज हासिल किया है।

शीर्ष दस में दीप्ति एकमात्र भारतीय गेंदबाज हैं। दूसरे स्थान पर ऑस्ट्रेलिया की एनाबेल सदरलैंड, तीसरे स्थान पर पाकिस्तान की सादिया इकबाल हैं। दोनों को 1-1 स्थान का नुकसान हुआ है। चौथे स्थान पर इंग्लैंड की सोफी एक्लेस्टन और पांचवें स्थान पर लॉरेन बेल हैं। छठे स्थान पर दक्षिण अफ्रीका की एन मल्बा, सातवें स्थान पर ऑस्ट्रेलिया की जॉर्जिया वॉरहेम, आठवें पर इंग्लैंड की चॉर्ली डेन, नौवें स्थान पर वेस्टइंडीज की एफी फ्लेचर और दसवें स्थान पर पाकिस्तान की नशरा संधु हैं।



***वनडे रैंकिंग में टॉप 10 बल्लेबाज–*** महिलाओं की नई वनडे रैंकिंग में दक्षिण अफ्रीका की कप्तान लौरा वोल्वाड्र्ट एक बार फिर से स्मृति मंधाना को पछाड़ते हुए नंबर वन स्थान पर काबिज हो गई हैं। उन्हें एक स्थान का फायदा हुआ है। मंधाना दूसरे स्थान पर हैं, उन्हें एक स्थान का नुकसान हुआ है। तीसरे स्थान पर ऑस्ट्रेलिया की एश्ले गार्डनर, चौथे स्थान पर नट सेवियर ब्रंट, पांचवें स्थान पर ऑस्ट्रेलिया की बेथ मूनी, छठे स्थान पर ऑस्ट्रेलिया की एलीसा हिली, सातवें स्थान पर न्यूजीलैंड की सोफी डिवाइन, आठवें स्थान पर ऑस्ट्रेलिया की एल्सी पेरी, नौवें स्थान पर हेली मैथ्यूज और दसवें स्थान पर भारत की जेमिमा रोड्रिग्ज हैं।

## महासंघी खींचतान के बीच भारत के लिए राहत की खबर, 2025 में दो नए विश्व बॉक्सिंग चैंपियन

***नई दिल्ली–*** भारतीय बॉक्सिंग के लिहाज़ से वर्ष 2025 उतार-चढ़ाव से भरा रहा। ओलंपिक में पदक न मिलने से साल की शुरुआत निराशाजनक रही, वहीं बाद में फेडरेशन के भीतर चले आ रहे विवादों ने खेल प्रशासन को झकझोर दिया। इसके बावजूद रिंग में उतरे खिलाड़ियों ने भारत को बड़ी कामयाबी दिलाई। महिला मुक्केबाज़ जैस्मिन लैम्बोरिया और मीनाक्षी हुड्डा के विश्व चैंपियन बनने से साल का अंत उम्मीदों के साथ हुआ।

***महासंघ में विवादों की लंबी श्रृंखला–*** साल की शुरुआत क्रद्ध के चुनावी संकट से हुई। अध्यक्ष अजय सिंह द्वारा महासचिव और कोषाध्यक्ष को निलंबित किए जाने के बाद कानूनी लड़ाई तेज हो गई। पूर्व खेल मंत्री अनुराग ठाकुर का नामांकन भी विवादास्पद आदेश के चलते खारिज कर दिया गया।

# इंग्लैंड ने ऑस्ट्रेलिया को 4 विकेट से हराया, 2011 के बाद मिली पहली जीत

ऑस्ट्रेलिया की धरती पर टेस्ट मैच जीतने का इंग्लैंड का लंबा इंतजार समाप्त हो गया है। मेलबर्न में खेले गए एशेज सीरीज के चौथे टेस्ट में इंग्लैंड ने ऑस्ट्रेलिया को दूसरे ही दिन 4 विकेट से हरा दिया। जीत इंग्लैंड के आत्मसम्मान और आत्मविश्वास के लिए बेहद अहम है। इंग्लैंड को जीत के लिए 175 रन का लक्ष्य मिला था।

जीत के लिए मिले 175 रन के लक्ष्य को हासिल करने उतरी इंग्लैंड को जैक क्रॉली और बेन डकेट ने 51 रन की मजबूत शुरुआत दी। डकेट 26 गेंद पर 34 रन बनाकर आउट हुए। क्रॉली ने 37 रन बनाए। दोनों ओपनरों के अलावा जैकब बेथेल ने 40 रन की पारी



खेलकर सीरीज में टीम की पहली जीत को संभव बनाया। हैरी ब्रूक 18 और जेमी स्मिथ 3 रन बनाकर नाबाद रहे। इंग्लैंड ने 6 विकेट के नुकसान पर 178 रन बनाकर मैच जीता।

इससे पहले, ऑस्ट्रेलिया ने दिन की शुरुआत बिना किसी नुकसान के 4 रन से की थी। पहले विकेट के रूप में स्कॉट बोलैंड 22 के स्कोर पर आउट हुए। बोलैंड 6 रन बनाकर आउट हुए। इसके बाद नियमित अंतराल पर विकेट गिरे और पूरी टीम 132 रन पर सिमट गई। ट्रेविस हेड ने 46, स्टीव स्मिथ ने 24 और कैमरुन ग्रीन ने 19 रन बनाए।

इंग्लैंड के लिए ब्रायडन कार्स ने 4, कप्तान बेन स्टोक्स ने 3, जोश टंग ने 2 और गस एटकिंसन ने 1 विकेट लिए। इंग्लैंड ने अपनी पहली पारी में 110 रन बनाए थे। हैरी ब्रूक ने 41, गस एटकिंसन ने 28 और कप्तान बेन स्टोक्स ने 16 रन बनाए थे। पहली पारी के आधार पर इंग्लैंड ऑस्ट्रेलिया से 42 रन से पिछड़ गई थी। ऑस्ट्रेलिया के लिए माइकल नेसर ने 4, स्कॉट बोलैंड ने 3, मिचेल स्टार्क ने 2, और कैमरन ग्रीन ने 1 विकेट लिए थे।

## बॉक्सिंग डे टेस्ट में बेन डकेट ने रचा इतिहास, टेस्ट क्रिकेट में पूरे किए 3,000 रन

मेलबर्न (ऑस्ट्रेलिया)- इंग्लैंड के ओपनर बेन डकेट ने शनिवार को



टेस्ट क्रिकेट में 3,000 रन पूरे किए। 31 वर्षीय लेफ्ट-हैंडर डकेट ने यह उपलब्धि मेलबर्न में खेले जा रहे चौथे ऐशेज टेस्ट के दौरान हासिल की। इंग्लैंड को 175 रनों के आसान लक्ष्य का पीछा करना था, जिसमें डकेट ने 26 गेंदों में 34 रन बनाए, जिसमें चार चौके और एक छक्का शामिल था, स्ट्राइक रेट 130.77 रहा।

***टेस्ट करियर और आकड़े–***

अब तक 42 टेस्ट मैचों में डकेट ने 3,005 रन बनाए हैं, औसत 40.06 और स्ट्राइक रेट 86.44 के साथ। उनके नाम 6 शतक और 16 अर्धशतक हैं, और सर्वश्रेष्ठ स्कोर 182 है।

# मेलबर्न टेस्ट में स्मिथ ने रचा इतिहास, द्रविड़ का रिकॉर्ड पीछे

मेलबर्न - ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड के बीच शुक्रवार से मेलबर्न में एशेज सीरीज का चौथा टेस्ट शुरू हुआ। स्टीव स्मिथ ने इस टेस्ट में वापसी की। ऑस्ट्रेलिया के कार्यकारी कप्तान की इस मैच में वापसी सुखद नहीं रही। वह पहली पारी में महज 9 रन बना सके, लेकिन फील्डिंग में उन्होंने कमाल किया और सर्वाधिक टेस्ट कैच पकड़ने के मामले में भारत के पूर्व कप्तान राहुल द्रविड़ को पीछे छोड़ा। स्टीव स्मिथ ने इंग्लैंड की पहली पारी में 2 कैच पकड़े। पहला कैच पकड़ते ही उन्होंने सर्वाधिक कैच पकड़ने के मामले में राहुल द्रविड़ को पीछे छोड़ दिया। स्टीव स्मिथ के



टेस्ट मैचों में अब 212 कैच हो गए हैं। राहुल द्रविड़ ने 210 कैच लिए थे। स्मिथ से आगे सिर्फ जो रूट हैं जिनके टेस्ट में 214 कैच हैं। बात अगर टेस्ट मैच की करें तो पहले



दिन पूरी तरह गेंदबाजों का दबदबा दिखा। टॉस जीतकर इंग्लैंड ने गेंदबाजी का फैसला किया था। पहले बल्लेबाजी करने उतरी ऑस्ट्रेलिया की पहली पारी 152 रन पर सिमट गई। ऑस्ट्रेलिया के लिए ट्रेविस हेड ने 12, जेक वेदराल्ड ने 10, उस्मान ख्वाजा ने 29, एलेक्स कैरी ने 20 और कैमरन ग्रीन ने 17 रन बनाए। स्टीव स्मिथ का बल्ला भी शांत रहा। स्मिथ महज 9 रन बना सके। माइकल नेसर ने सर्वाधिक 35 रन की पारी खेली। इंग्लैंड की तरफ से जोश टंग सबसे सफल गेंदबाज रहे। टंग ने 5 विकेट लिए। गस एटकिंसन ने 2 विकेट लिए। कप्तान बेन स्टोक्स और ब्रायडन कार्स को भी 1-1 विकेट मिला।

## ब्राजील के फोन्सेका ने टॉप 15 टेनिस खिलाड़ियों में जगह बनाने का रखा लक्ष्य



***रियो डी जेनेरो –*** ब्राजील के टीनएजर जोआओ फोन्सेका ने अगले साल दुनिया के टॉप 15 पुरुष टेनिस खिलाड़ियों में शामिल होने का लक्ष्य रखा है, क्योंकि वह अपनी हालिया प्रगति को आगे बढ़ाना चाहते हैं। 19 साल के इस खिलाड़ी ने 2025 में दो खिताब जीते, जो एटीपी टूर पर उनका पहला पूरा सीजन था, लेकिन उन्होंने कहा कि वह इसे सिर्फ़ एक शुरुआत मानते हैं। रियो डी जेनेरो में जन्मे फोन्सेका ने मैगज़ीन वेजा को बताया, 'मेरा इरादा दुनिया के टॉप 15 में जगह बनाने का है। यह थोड़ा मुश्किल है, लेकिन मैं बड़ा सोच रहा हूं। मैं बिना उतार-चढ़ाव के लगातार अच्छे नतीजों पर भी ध्यान दूंगा।'

# समस्तीपुर का सितारा बना देश की पहचान, 14 साल के वैभव सूर्यवंशी को मिला विशेष सम्मान

नई दिल्ली-बिहार के 14 वर्षीय क्रिकेट सनसनी वैभव सूर्यवंशी को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने राष्ट्रपति भवन में प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार से सम्मानित किया। यह पुरस्कार उन्हें खेल कैटेगरी में मिला, जो 5 से 18 साल के बच्चों को मिलने वाला देश का सबसे बड़ा सम्मान है। समारोह के बाद वैभव की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात भी तय है। वैभव को यह सम्मान उनके हालिया शानदार प्रदर्शन के बाद मिला है। विजय हजारे ट्रॉफी में अरुणाचल प्रदेश के खिलाफ खेलते हुए उन्होंने सिर्फ 84 गेंदों में 190 रन ठोक दिए थे। इस पारी में उन्होंने 16 चौके और 15 छक्के लगाए और सिर्फ 36 गेंदों में शतक पूरा कर लिया। इसके साथ ही वह लिस्ट-ए क्रिकेट में सबसे कम उम्र में शतक लगाने वाले बल्लेबाज बन गए। इतना ही नहीं, वैभव ने इस पारी में एबी डिविलियर्स का रिकॉर्ड भी तोड़ दिया। उन्होंने 59 गेंदों में 150 रन पूरे कर लिए, जो लिस्ट-ए क्रिकेट का सबसे तेज 150 है। साथ ही 15 छक्कों के साथ उन्होंने एक भारतीय बल्लेबाज़ द्वारा लगाए गए सबसे ज्यादा छक्कों का रिकॉर्ड भी बनाया। घरेलू क्रिकेट से पहले वैभव आई.पी.एल. में भी सुर्खियों में रह चुके हैं। राजस्थान रॉयल्स की ओर से खेलते हुए उन्होंने गुजरात टाइटंस के खिलाफ सिर्फ 35 गेंदों में शतक जड़ा था, जो आई.पी.एल. इतिहास में किसी भारतीय बल्लेबाज़ का सबसे तेज शतक है। इसी पारी के बाद वह रातों-रात देशभर में चर्चा का नाम बन गए थे। राष्ट्रीय बाल पुरस्कार समारोह की वजह से वैभव विजय हजारे ट्रॉफी का अगला मैच नहीं खेल पाए, लेकिन अब वह जल्द ही भारत अंडर-19 टीम के साथ जुड़ेंगे और आगे होने वाली सीरीज़ व अंडर-19 वर्ल्ड कप की तैयारी करेंगे।



## महिला हॉकी इंडिया लीग 2025-26 दूसरे सीजन के लिए रांची में तैयारी शुरू

***रांची (झारखंड)–*** महिला हॉकी इंडिया लीग का दूसरा सीजन 28 दिसंबर से 10 जनवरी तक रांची में शुरू होने जा रहा है। पिछले सीजन की सफलता के बाद, इस बार भी भारत की शीर्ष खिलाड़ी और अंतरराष्ट्रीय सितारे एक साथ उच्च-स्तरीय, तेज और प्रतिस्पर्धात्मक हॉकी पेश करेंगे।

### टूर्नामेंट का फॉर्मेट और टीमें

लीग का आयोजन मारांग गोमके जैपाल सिंह एस्ट्रो टर्फ हॉकी स्टेडियम में होगा। चार फ्रेंचाइजी – रांची रॉयल्स, एसजी पाइपर्स, जेएसडब्ल्यू सूरमा हॉकी क्लब, और श्राची बंगाल टाइगर्स – खिताब के लिए भिड़ेंगी। टूर्नामेंट डबल राउंड-रॉबिन फॉर्मेट में खेला जाएगा, जिसके बाद शीर्ष दो टीमें 10 जनवरी को ग्रैंड फाइनल में मुकाबला करेंगी।

पिछले सीजन की विजेता ओडिशा वॉरियर्स रही थी, जबकि जेएसडब्ल्यू सूरमा हॉकी क्लब रनर-अप बनी थी। इस बार सूरमा क्लब खिताब अपने नाम करने की पूरी कोशिश करेगा।

### खिलाड़ियों और टीमों का दृष्टिकोण

रांची रॉयल्स की कप्तान निक्की प्रधान ने कहा, 'हमारे लिए होम ग्राउंड पर खेलना गर्व की बात है। हम पहले शॉट से ही आक्रमक और आत्मविश्वासी हॉकी खेलेंगे।' एसजी पाइपर्स की कप्तान नवनीत कौर ने कहा, 'टीम में अंतरराष्ट्रीय अनुभव और भारतीय खिलाड़ियों का संतुलन है। प्रशिक्षण का फोकस अनुशासन, रक्षा और सामूहिक जिम्मेदारी पर है।'

# भारत ने 12 साल बाद जीता दूसरा आई सी सी चैंपियंस ट्रॉफी खिताब

नई दिल्ली-भारत ने 12 साल के लंबे इंतजार के बाद आई सी सी चैंपियन्स ट्रॉफी 2025 का खिताब जीतकर क्रिकेट इतिहास में एक यादगार पन्ना जोड़ा। यह ट्रॉफी जीत भारत के लिए अहम रही क्योंकि उन्होंने पाकिस्तान का दौरा न करने का निर्णय लिया था। पिछली बार भारत ने आई सी सी चैंपियन्स ट्रॉफी 2013 में धोनी की कप्तानी में जीती थी।

***ग्रुप स्टेज में धमाकेदार शुरुआत–*** रोहित शर्मा की कप्तानी में भारत ने ग्रुप स्टेज में शानदार शुरुआत की। पहले मुकाबले में बांग्लादेश को छह विकेट से हराया। मोहम्मद शमी ने पांच विकेट लिए, जबकि शुभमन गिल ने नाबाद शतक बनाकर लक्ष्य हासिल किया।

दूसरे ग्रुप मैच में भारत ने पाकिस्तान को 241 रन पर आउट किया। कुलेदप यादव ने तीन विकेट लिए और हार्दिक पंड्या ने दो विकेट जीत दिलाई और टीम बिना कोई हार के ग्रुप चरण समाप्त किया।



लिए। विराट कोहली ने नाबाद शतक बनाया और भारत को छह विकेट से जीत दिलाई। यह जीत भारत को सेमीफाइनल में पहुंचाने के साथ-साथ पाकिस्तान को टूनामेंट से बाहर कर दिया। अंतिम ग्रुप मैच में भारत ने न्यूजीलैंड का सामना किया। कीवी टीम ने भारतीय स्टार बल्लेबाजों को 249/9 पर रोक दिया, जबकि वरुण चक्रवर्ती ने 5 विकेट लेकर भारत को 44 रन से

***रोहित शर्मा का इतिहास***

इस जीत के साथ रोहित शर्मा ने अपने करियर में दूसरा आई सी सी खिताब कप्तान के रूप में और कुल मिलाकर चौथा आई सी सी खिताब अपने नाम किया। उनका पहला आई सी सी खिताब खिलाड़ी के रूप में 2007 आई सी सी T20 वर्ल्ड कप और कप्तान के रूप में 2024 आई सी सी T20 वर्ल्ड कप था।